- सभी केन्द्रों में छात्रों द्वारा फरवरी माह में आयोजित फैशन स्पैक्ट्रम निफ्ट का वार्षिक समारोह है जिसमें वे विभिन्न प्रतियोगिताओं में वे अपने हुनर का प्रदर्शन करते हैं। लगभग सभी केन्द्रों में एफ डी विभाग के छात्र हर वर्ष फैशन शो का आयोजन करते हैं।
- कन्वर्ज निफ्ट की वार्षिक इण्टर कैम्पस् खेलकूद प्रतियोगिता रोटेशन आधार पर हर वर्ष किसी एक सेंटर में आयोजित की जाती है। इस वर्ष यह निफ्ट बंगलौर में हुई थी। सभी केन्द्रों के छात्रों ने विभिन्न खेलकुद एवं अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लिया।
- निफ्ट के सभी कैम्पसों में अन्य कार्यक्रम जैसे नए छात्रों की फ्रेशर पाटी, हिन्दी दिवस, क्राफ्ट मेला, ध्वजारोहण एवं सरस्वती पूजा आयोजित किए गए।
- ड्रम एनॉन, हैदराबाद, तरुण तहिलियानी एण्ड शान्तनु एण्ड निखिल के फैशन शो के सहयोग से श्री गणेश, एन. द्वारा नाटक मुद्रा बाई सिक्बल में निफ्ट हैदराबाद के छात्रों ने नेपथ्य में मदद की।
- निफ्ट ऑडिटोरियम, चेन्नई में आई.टी.सी. विलस् लाइफस्टाईल दि डेब्यू 2014 में हुई क्षेत्रीय राउंड और चेन्नई सेंटर में एच.ई.पी.सी. के फैशन शो हेतु निफ्ट चेन्नई के छात्रों ने नेपथ्य में मदद की और मॉडल के रूप में भाग लिया।
- दिल्ली के निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित फैशन शो में दिल्ली निफ्ट के छात्रों ने भाग लिया।
- एफ.डी. के छात्रों द्वारा अन्वेषण सम्बन्धी कार्यों एवं उत्पादों के प्रदर्शन हेतु एस्थेटिक्स 13 प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें मीडिया एवं विदेशी अतिथियों ने भाग लिया।

# शैक्षणिक विभाग
# फैशन *डिजाइन*

## सतत् एवं
## लघु अवधि कार्यक्रम

पिछले वर्ष के दौरान निम्नांकित सतत् शिक्षण कार्यक्रम शुरू किए गए:–

- फैशन परिधान एवं प्रौद्योगिकी (एफ.सी.टी.) जो पुराने कार्यक्रमों में से एक है, को निफ्ट के विभिन्न केन्द्रों जैसे नई दिल्ली, मुम्बई (2 बैच), पटना, कोलकता, हैदराबाद, और बेंगलूरु में शुरू किया गया।
- अपेरल उद्योग हेतु फैशन एकीकरण (एफ.आई.ए. आई.), निफ्ट, नई दिल्ली
- भारतीय फैशन अपेरल एवं बुटीक प्रबंधन (आई. एफ.ए.बी.ए.) निफ्ट हैदराबाद
- एथनिक अपेरल हेतु डिजाईन एवं पैटर्न मेकिंग (डी. पी.एम.ई.) निफ्ट, बेंगलूरू
- डिजाईन प्रक्रिया एवं पोर्टफोलियों विकास ((डी.पी. पी.डी.) निफ्ट, मुम्बई
- निफ्ट, शिलांग में बुटीक प्रबंधन पर लघु अवधि प्रमाणपत्र कार्यक्रम शुरू किया गया।

## शिल्प समूह
### पहल

प्रत्येक वर्ष फैशन डिजाईन विभाग के सेमेस्टर IV के छात्र पाठ्यक्रम के हिस्से के रूप में शिल्प समूह निदान अध्ययन हेतु मई–जुलाई माह के दौरान देश के विभिन्न राज्यों में जाते हैं। वर्ष 2013 में निम्नांकित क्षेत्रों में शिल्प का अध्ययन किया गया:–

- निफ्ट बेंगलूरू में ''ट्रेडिशनल पेंटिंग, गंजिफा पेंटिंग और वुड इन–ले ऐट मैसूर'' पर अध्ययन किया गया।
- निफ्ट चेन्नई में ''क्राफ्ट इन ऊटी, थीरुवनमलाई एण्ड वेल्लूर इन तमिलनाडु, एण्ड प्लाज़ा पेंट इन आन्ध्र प्रदेश'' पर अध्ययन किया गया।
- निफ्ट गाँधीनगर में कलस्टर ऑफ पेठापुर, अहमदाबाद, भुज, अजराखपुर, धमाड़का, भुजोड़ी, कच्छ, द्वारका, राजकोट में कार्य किया।
- निफ्ट हैदराबाद में बंदारूलंका, नरसापुरम, श्रीकलाहस्ती और माधवराम के शिल्प पर कार्य किया।
- निफ्ट कांगडा ने चम्बा, भरमौर, गुसानी, कुल्लु के शिल्प पर कार्य किया।
- शान्ति निकेतन, पश्चिम बंगाल के शिल्प पर, निफ्ट कोलकता ने कार्य किया।
- निफ्ट मुम्बई ने राजकोट, सुरेंद्रनगर, धारावी, मुम्बई, अहमदाबाद, औरंगाबाद और पातन के शिल्प पर अध्ययन किया।
- निफ्ट दिल्ली ने जोधपुर के शिल्प पर अध्ययन किया।
- निफ्ट पटना ने मुजफ्फरपुर एवं मधुबनी के शिल्प पर अध्ययन किया।
- निफ्ट रायबरेली ने लखनऊ में चिकनकारी के शिल्प पर कार्य किया।
- निफ्ट शिलांग ने लापनगर, मेघालय के शिल्प में इरी सिल्क और आर्गनिक डाई पर कार्य किया।

## उद्योग से संबंध
## दौरे एवं छात्रों की इंटर्नशिप

हर वर्ष 8 सप्ताह हेतु मई से जुलाई माह के दौरान इंटर्नशिप की व्यवस्था की जाती है।

इंटर्नशिप की व्यवस्था विभिन्न कम्पनियों जैसे गिनी एण्ड जॉनी, शारा ग्रामेंट्स प्रा. लि., लेमैक्स, ओरिएंट क्लोपिग, रिलायंस ट्रेंड्स लि., भारतीय फैशनस्, गौरव इंटरनेशनल, नॉरवेस्ट इण्डस्ट्री लि., आई.टी.सी.लि. सारतो बेस्पोक, टेलरिंग प्रा. लि., टी.एस.जी. फैशन लि., वुडलैंड, सरवोस्को, वाइल्ड क्राफ्ट, क्रियोसिटी, यू.एन.आई. स्टाइल, मार्क इम्पैक्स, टैनज़रीन, शॉपर स्टॉप लि., आदिगियर इन्टरनेशनल, ट्रांसक्ट इंडिया एक्सपोर्टस, डी.एस.जी.एन. फैशनस् प्रा. लि., आदित्य दुगर, कैमिस्ट्री, किएटिव इम्पैक्स, फ्रैक्टल, स्पाईकर लाइफस्टाइलस् प्रा. लि., क्रिएटिव गारमेंटस्, मॉडलाना एक्पोटर्स, वी.के. फैशनस् सिल्वर स्पार्क अपेरल लि., आई. टी.सी.लि., शान्तनु निखिल, देवनील, अरविन्द लाइफ स्टाइल ब्राड्स लि. एवं बहुत सी और में की जाती है।

**उद्योग संबंधी दौरे**

- निफ्ट बंगलूरू छात्रों को दस्तकार–प्रदर्शनी एवं मैसूर लेकर गए।
- निफ्ट भुवनेश्वर, छात्रों को बुनकर सेवा केन्द्र, भुवनेश्वर, आलोक इण्डस्ट्री, क्वाज़ा एण्ड लैक्मी फैशन वीक लेकर गए। उन्होंने प्रख्यात डिजाईनरस् राजेश प्रताप, नरेन्द्र कुमार अहमद और मनीष मल्होत्रा से बातचीत की।




- निफ्ट चैन्नई छात्रों को बुनकर सेवा केन्द्र, चैन्नई, फैशन एण्ड स्टाइल डिजाइनरस् शोकेसिंग "मेलाइज एग्जीविशन" चैन्नई, शिल्प मेला, "स्तकार", कलाक्षेत्र चैन्नई, लेकर गए।
- निफ्ट हैदराबाद छात्रों को पोचनपल्ली, शिल्पारमम, सुर्याकिरण इण्डस्ट्रिस् लि., जी.टी.एन. टैक्सटाइल, शाही एक्पोर्ट लि. एण्ड ऋषिका कॉटन इण्डस्ट्री लेकर गए।
- निफ्ट कोलकता छात्रों को यूरो क्लोचिंग एण्ड गोकुलदास एक्सपोर्टस् (प्रा.) लि., बंगलूरू, टेक्सटाइल कमेटी एण्ड सूत्र, कोलकता एवं फुलिया विविंग क्लस्टर, पश्चिम बंगाल लेकर गए।
- निफ्ट दिल्ली छात्रों को अजराक प्रदर्शनी, बुनकर सेवा केन्द्र, क्राफ्ट म्यूज़ियम, दिल्ली हाट, सूरजकुण्ड, विल्स इण्डिया फैशन वीक, दिल्ली, ग्रोवरसंस, मानेसर, आर सी. जे.सी. डेनिम यूनिट गुड़गाँव लेकर गए।
- निफ्ट मुम्बई छात्रों को क्वाजा ट्रांसफरस् प्रा. लि., पुनिकम लि., चाणक्य इण्डस्ट्री एवं कला रक्षक द्वारा आयोजित गुजरात की कढ़ाइयों पर प्रदर्शनी में लेकर गए।
- सुश्री सुरपीत, प्रबंधक, मानव संसाधन, ए.एन.डी. एवं सुश्री ज्योति चंदानी, डिजाइनर ऑफ ग्लोबल देसी के साथ उद्योग सम्बन्धी बातचीत की व्यवस्था की।
- निफ्ट शिलांग छात्रों को उद्योग सम्बन्धी दौरे हेतु दिल्ली की मार्केट एवं फैक्ट्रियों, सौलकुची सिल्क ग्राम, प्राइम वाटर, जोरावट, गुवाहाटी, डी.सी. अपेरल, गुवाहाटी, पैरागन अपेरलस्, नोएडा, श्री भारत इन्टरनेशनल नोएडा लेकर गए।

## स्नातक घटनाक्रम

## डिजाईन कलेक्शन्स

डिजाईन क्लेक्शन विभिन्न साम्री को आत्मसात कर 7 सेमेस्टर के कार्यक्षेत्र जिसमें कलात्मक प्रदर्शन और तकनीकी दक्षता के प्रति संवेदीकरण सम्मिलित है, का चमर बिन्दु है। फैशन डिजाईन में राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय मानदण्डों को कायम रखते हुए कलेक्शन में मौलिकता, कलात्मक स्वभावकिता के साथ गहरी अवधारणात्मकता और डिजाईन प्रक्रिया में तकनीकी दक्षता का कार्यान्वयन प्रतिबिम्बित होता है।

फैशन डिजाईन सेमेस्टर VIII के छात्र पाँच से सात संपरिधान स्टाईल, रंग, विवरण और समग्र प्रभाव को ध्यान में रखते हुए किसी विशेष विषय पर आधारित उपयुक्त सहायक सामग्री का प्रयोग करके डिजाईन करते हैं। प्रत्येक क्लेक्शन अच्छी फिटिंग के साथ त्रुटिहीन डिजाइंन गुणवत्ता हेतु पूर्ण रूप से परिष्कृत होती है।

प्रत्येक छात्र का मार्गनिर्देशन प्राध्यापक द्वारा किया जाता है। नियमित साप्ताहिक रूप से निर्णायक समिति क्रमशः आंतरिक एंव बाह्य निर्णायक समिति के समक्ष प्रस्तुत होते हैं।

इस वर्ष निफ्ट के 11 केन्दों में 352 छात्रों ने सफलतापुर्वक अपने डिजाईन क्लेक्शन पूर्ण किए हैं। स्नातक शो फैशन नोवा 2014, फैशन डिजाईन 2010–2014 के अन्तिम क्लेक्शन का शो केस है। स्नातक के विभिन्न कार्यक्रमों में साक्षी रहे फैशन परिवार के उच्च पदाधिकारी, उद्योग एवं निफ्ट के छात्रों के माता पिता ने छात्रों द्वारा प्रदर्शित कलेक्शन हेतु उत्साह बढ़ाया।

# लैदर *डिजाइन*



निफ्ट में लैदर डिजाइन कार्यक्रम अपनी संरचना और जूते और सहायक सामान के उद्योग में फैशन अनुप्रयोग में अद्वितीय है। यह उद्योग की आवश्यकताओं के भीतर एक एकीकृत डिजाइन के नजरिए पर केंद्रित है। विभाग को 1993 में नई दिल्ली में स्थापित किया गया था और शुरू में लैदर परिधान पर ध्यान केंद्रित किया गया। बदलते समय के साथ उद्योग की जरूरत को ध्यान में रखते हुए और विभाग की प्रकृति को विकसित करने के लिए हमने अपने चार केन्द्रों में फैशन के सामान, व्यक्तिगत जीवन शैली के सामान और जूते के क्षेत्रों को शामिल किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट लक्ष्य बाजार की आवश्यकताओं पर प्रतिक्रिया करने के लिए सामग्री ज्ञान के साथ डिजाइन अवधारणाओं के एकीकरण पर जोर दिया जाता है। वर्तमान में, चेन्नई, कोलकाता, नई दिल्ली और रायबरेली में लैदर डिजाइन कार्यक्रम की पेशकश की जा रही है। पाठ्यक्रम उच्च संरचित है और भारतीय लैदर उद्योग के लिए मानव संसाधन की आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित करने और एक समग्र पेशेवर के विकास के उद्देश्य से निर्मित है।

विशेषज्ञता का लक्ष्य क्षेत्र की यात्राओं, चमड़े के कारखाना प्रशिक्षण, उद्योग इंटर्नशिप और स्नातक स्तर की परियोजनाओं, जो पाठ्यक्रम का अभिन्न हिस्सा हैं,के द्वारा छात्रों को अनावरण देकर प्रतिस्पर्धी और उद्यमशीलता की भावना को आकार देने के साथ–साथ सामाजिक मूल्यों का पोषण करना है। ये बहुक्षेत्रीय दृष्टिकोण पाठ्यक्रम में शामिल विभिन्नउत्पाद श्रेणियों के परिदृश्य को मजबूत करते हैं। लैदरडिजाइन स्नातकों के पास डिजाइनर, उद्यमी, उत्पाद डेवलपर्स, उत्पादन प्रबंधक, व्यापारियों के रूप में फैशन व्यापार के क्षेत्र में कई अवसर हैं। हमारे स्नातकों के लिए लक्षित उद्योग में निर्यात और घरेलू विनिर्माण, खुदरा, खरीद और सोर्सिंग भी शामिल है। पाठ्यक्रम की व्यापक प्रकृति की वजह से हमने अपने छात्रों को सफल उद्यमी बनते भी देखा है। विभाग के पूर्व छात्र अपने–अपने क्षेत्रों में चलनस्थापकरहे हैं और उन्होंने उद्योग को वैश्विक फैशन और जीवन शैली के आयाम का एक एकीकृत हिस्सा बनाने के आधुनिक प्रतिमान विकसित किये हैं।

## शोधपत्र और लेख

### राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय मंच

- 29 नवंबर से 1 दिसंबर 2013 के दौरान कुआलालम्पुर, मलेशिया में आयोजित स्थिरता, प्रौद्योगिकी और शिक्षा (एसटीई 2013) पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में श्री चन्द्र शेखर

जोशी (सहायक प्रोफेसर–एफ टी) और सुश्री तुलिका मोहंती (केन्द्र समन्वयक – एलडी, निफ्ट, नई दिल्ली) द्वारा लिखित ''हिमालय क्षेत्र में प्राकृतिक रंगाई के माध्यम से सतत आजीविका'' शीर्षक से शोधपत्र प्रस्तुत किया गया।

- जूते और सहायक सामान के मार्च 2014, संस्करण सं. 03 में प्रकाशित ''आभासी वास्तविक– एस एस 15 के लिए रुझान पूर्वानुमान''।

- श्री शिवशक्ति ई, एसोसिएट प्रोफेसर, निफ्ट, नई दिल्ली द्वारा 'एक यूनिवर्सल जूते की साइजिंग प्रणाली का विकास' शीर्षक से शोधपत्र, ''लंदन कोलोक्विया/आईएफएफटीआई अनुसंधान विचार/परियोजनाएं कार्यक्रम–लंदन" में स्वीकार किया गया, 11–12 सितम्बर, 2013।

- निफ्ट, चेन्नई के एसोसिएट प्रोफेसर श्री एम अरावेंदन, को भौगोलिक संकेत रजिस्ट्री के रजिस्ट्रार (जीआईआर) द्वारा 26.07.2013 धर्मावरम पट्टू साड़ियां और पावडी, इंदौर के चमड़े के खिलौने (लोगो) और कोल्हापुरी चप्पल के लिए निम्नलिखित जीआई अनुप्रयोगों का पता लगाने के लिए हैदराबाद में आयोजित परामर्शदाताओं के समूह की बैठक में भाग लेने के लिए विशेषज्ञ सदस्य के रूप में आमंत्रित किया गया।

- श्री एम अरावेंदन ने जेएसएस कांचीपुरम और वालजाबाद, कांचीपुरम, कोरमपेट और पल्लावरम में उनके प्रशिक्षण केंद्रों का दौरा किया और निफ्ट मुख्यालय की परियोजना के अंतर्गत जेएसएस का नैदानिक अध्ययन किया था – मानव संसाधन विकास मंत्रालय–एनएलएमए–2013.09.20 पर जेएसएस।

- पी सेंथिलनाथन, सहायक प्रोफेसर एवं सीसी, श्री एम अरावेंदन, एसोसिएट प्रोफेसर और श्री डी राजशेखर, निफ्ट, चेन्नई के एसोसिएट प्रोफेसर ने 26.09.2013 को चेन्नई, भारतीय जूता महासंघ की 21 वीं वार्षिक आमसभा बैठक में भाग लिया था और चेन्नई ''भारत में निर्माण और खुदरा बिक्री" पर विशेष प्रस्तुति की। वे भौगोलिक संकेतक रजिस्ट्री, बौद्धिक संपदा अधिकार कार्यालय, भारत सरकार के कार्यालय में विषय विशेषज्ञ और सलाहकार समूह के सदस्य के रूप में आमंत्रित थे और एनएसडीसी के अंतर्गत राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक समिति के सदस्य लैदर निर्यात परिषद (सीएलई) लैदर क्षेत्र कौशल परिषद में भी एक आमंत्रित विषय विशेषज्ञ और निफ्ट के नामित उम्मीदवार के रूप में योगदान दिया। उन्हें 19.11.2013 एवं 20.11. 2013 को असम के विभिन्न हस्तशिल्प के तीन जीआई आवेदनों की तकनीकी आवश्यकताओं की जांच करने और निर्णय देने गुवाहाटी में सलाहकार समूह की बैठक (सीजीएम), असम में भाग लेने के लिए भारत के बौद्धिक संपदा कार्यालय के रजिस्ट्रार–भौगोलिक संकेतक रजिस्ट्री द्वारा नामित किया गया है।

- श्री पी सेंथिलनाथन ने 28.04.2014 को चेन्नई में 48वें एलईआरआईजी, "गेटस– पर्यावरण स्थिरता के लिए हरित और उन्नत तकनीकों के प्रयोग" पर संगोष्ठी में भाग लिया। उन्होंने 1 फरवरी 2014को चेन्नई में लैदर निर्यात परिषद की 147 सीओए बैठक में भी भाग लिया। वे और श्री डी राजशेखर, लैदरडिजाइन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर ने 01.02.2014 से 03.02.2014 तक चेन्नई में लैदर मेला आईआईएलएफ का भी दौरा किया।

- श्री संजीब कुमार दास ने 20 सितंबर 2013 को पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा समर्थित एमएसएमई सिनर्जी के दौरान पश्चिम बंगाल खादीग्राम एवं उद्योग मंडल द्वारा आयोजित खादी वस्त्रों के डिजाइन विकास पर एक कार्यशाला और संगोष्ठी में 'खादी के साथ अन्तर्राष्ट्रीय डिजाइन' विषय पर एक प्रस्तुति दी। उन्हें 13 सितंबर, 2013 को डिजाइन के राष्ट्रीय संस्थान द्वारा समर्थित एमएसएसईएस के लिए डिजाइन क्लीनिक योजना स्कीम के अंतर्गत सपतानुटीर साख्य द्वारा आयोजित ''मूल्य संवर्धन पर कौशल संवर्धन एवं विचारों" पर एक डिजाइन जागरूकता संगोष्ठी में अतिथि वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया।

## आरंभ की गई परियोजनाएं

### सरकार और उद्योग के लिए

- सुश्री तुलिका मोहंती (केन्द्र समन्वयक, सहायक प्रोफेसर–एलडी, निफ्ट, नई दिल्ली) और सुश्री डॉली कुमार (सहायक प्रोफेसर – एलडी, निफ्ट, नई दिल्ली) ने आईआरसीटीसी के महाराजाओं के एक्सप्रेस के लिए वर्दी और सामान की डिजाइनिंग पर परियोजना शुरू की है।

- श्री ई शिवशक्ति एवं सुश्री तुलिका मोहंती ने सुश्री भावना कपूर, श्री चन्द्र शेखर जोशी और श्री आशुतोष साही के साथ ''रक्षा मंत्रालय– नौसेना में सोर्सिंग और वस्त्र, परिधान और जूतों की आपूर्ति में तकनीकी क्षमता बढ़ाने''

पर प्रशिक्षण परियोजना शुरू की है।

- निफ्ट, चेन्नई के एसोसिएट प्रोफेसर, श्री एम अरावेंदन को दल का नेता और श्री डी राजशेखर, एसोसिएट प्रोफेसर को निफ्ट, कोलकाता की आईपीआर परियोजना के अंतर्गत पूर्वोत्तर भारत और पश्चिम बंगाल के 20 शिल्पों के लिए जीआई पंजीकरण प्रक्रिया की फाइलिंग और समापन के लिए सदस्य के रूप में नामित किया गया है, निफ्ट, कोलकाता।

- प्रोफेसर (डॉ) सिबिचन के. मैथ्यू, निफ्ट मुख्यालय, नई दिल्लीके नेतृत्व में मानव संसाधन विकास मंत्रालयएनएलएमए–जेएसएस परियोजना के लिए श्री एम अरावेंदन, एसोसिएट प्रोफेसर, निफ्ट चेन्नई से संकाय समन्वयक है।

- श्री संजीब दास, निफ्ट, कोलकाता ने डीसी कामरूप, असम सरकार द्वारा प्रायोजित अनुसंधान सुआलकुची सिल्क परियोजना के लिए प्रलेखन पूरा कर लिया है।

## छात्र भागीदारी

### प्रतियोगिताएं और पुरस्कार

- एलडी के आठवें सत्र की (निफ्ट, नई दिल्ली) सुश्री अपूर्वा श्रॉफ ने दुनिया भर में अपने आप महिलाओं द्वारा आयोजित बलात्कार के खिलाफ उदय शीर्षक पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया। उसमें सुश्री श्रॉफ की प्रविष्टि को विशेष उल्लेख पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

- सुश्री शैम्पी चावला (निफ्ट, नई दिल्ली) बैच 2009–13 विश्व की धारण करने योग्य कला (डब्ल्यूओडब्ल्यू) की फाइनलिस्ट हैं और उसके परिधान, प्लाज्मिक मूव को 2013 के जेन–आई–क्रिएटिवः प्रकृति में कला रूप अनुभाग में प्रदर्शित करने के लिए चयनित किया गया। उन्हें सितंबर 2013 में पूर्वावलोकन शो में भाग लेने के लिए न्यूजीलैंड आमंत्रित किया गया।

- लैदर विभाग, (निफ्ट, नई दिल्ली) की सुश्री सोनल सिंह और आंचल मित्तल सत्र–आठ निफ्ट डिजाइन प्रतियोगिता–बोयानिका 2014 में फाइनलिस्ट रहीं।

- लैदर विभाग (निफ्ट, नई दिल्ली) के छात्रों ने नवम्बर 2013 में पिलानी कैम्पस ओएसिस बिट्स में फैशन शो में प्रथम पुरस्कार जीता और दिसंबर 13 में गोवा कैम्पस में वेभ्स बिट्स फैशन शो में द्वितीय पुरस्कार जीता।

- लैदर विभाग के छात्रों (निफ्ट, नई दिल्ली) ने मार्च 2014 में एनएसआईटी, द्वारका में फैशन शो में प्रथम पुरस्कार जीता।

- श्री साजन रूपानी (निफ्ट, कोलकाता) एलडी सत्र–सात, बैच (2010–2014) ने अन्तर्राष्ट्रीय डिजाइन प्रतियोगिता 2013 के क्षेत्रीय ताप (भारत) में भाग लिया, पीयर्स अकादमी की छात्रा रिसर्च प्रतियोगिता नई दिल्ली और स्नैपर स्वाच विकास–मुंबई।

- कनिस्ता साहा चौधरी (निफ्ट, कोलकाता) एलडी सत्र – सात, बैच (2010–2014) – पांडिचेरी ने हाइडसाइन थैला डिजाइन प्रतियोगिता 2013 जीती।

- निफ्ट, चेन्नई के छात्रों ने लैदरनिर्यात डिजाइन परिषद प्रतियोगिता की निम्नलिखित श्रेणियां में भाग लिया और पुरस्कार प्राप्त किए :

सर्वश्रेष्ठ बैग डिजाइन–प्रथम पुरस्कार
–सुश्री दीक्षा नयाल,

सर्वश्रेष्ठ बैग डिजाइन–द्वितीय पुरस्कार
–श्री हर्षिल सिंह,

सर्वश्रेष्ठ जूता डिजाइन–द्वितीय पुरस्कार
–सुश्री आकांक्षा यादव

## संकाय भागीदारी

### मेले और सेमिनार

**नई दिल्ली कैम्पसः**

- इंडिया इंटरनेशनल लेदर मेला (आईआईएलएफ) – फरवरी 2013– श्री ई शिवशक्ति एवं सुश्री नाति बंगा ने 31.01.14 से 03.02.14 तक आईआईएलएफ, चेन्नई का दौरा किया।



- सातवें सत्र के 30 छात्रों के साथ श्री ई शिवशक्ति ने 15–16 नवम्बर 2013 से चमड़े से संबंधित क्षेत्रों के लिए आगरा में आयोजित चमड़े के जूते के घटकों और प्रौद्योगिकी मेला का दौरा किया।

- सुश्री सिंजू महाजन, श्री ई शिवशक्ति, सुश्री उषा नरसिम्हन एवं सुश्री तुलिका मोहंती ने नई दिल्ली (12 सितंबर 2013) में 'तकनीक और रुझान' प्रसार कार्यक्रम पर सीएलई द्वारा आयोजित एक संगोष्ठी में भाग लिया।

- सुश्री सिंजू महाजन, सुश्री तुलिका मोहंती और सुश्री डॉली कुमार ने होटल लीला पैलेस, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में शुक्रवार 7 फरवरी, 2014 को भारत के विलासिता शिखर सम्मेलन में भाग लिया।

- सुश्री तुलिका मोहंती और सुश्री डॉली कुमार ने 27–28 मार्च 2014 से कोलकाता में आयोजित आईआईजीई में भाग लिया।

**कोलकाता कैम्पसः**

- श्री अलोकेश राय ने 28.03.2014 को कोलकाता में चमड़े के सामान के अन्तर्राष्ट्रीय मेले (आईएलजीएफ) के लिए छात्रों के दौरे (चौथे एवं छठे सत्र) का आयोजन किया। कोलकाता केंद्र से सभी संकायों ने भी आईएलजीएफ का दौरा किया।

- एलडी के छठे सत्र के छात्रों के साथ श्री संजीब दास, श्री राहुल सेठी और श्री अलोकेश राय ने चेन्नई में आईएलजीएफ 2014 मेले का का दौरा किया और चेन्नई में लैदरनिर्यात इकाइयों का भी दौरा किया।

**चेन्नई कैम्पसः**

- श्री पी सेंथिलनाथन, सहायक प्रोफेसर और श्री डी राजशेखर, एसोसिएट्स प्रोफेसर. लैदरडिजाइन विभाग ने 01.02.2014 से 03.02.2014 तक ट्रेड सेंटर, नंदामपक्कम, चेन्नई में आयोजित लैदरमेला आईएलजीएफ का दौरा किया।

- श्री पी सेंथिलनाथन कार्यकारी निदेशक सीएलई ने 1 फरवरी 2014 को चेन्नई के होटल ली रॉयल मेरिडियन में आयोजित लैदरनिर्यात परिषद की 147वें सीओए बैठक में भाग लिया।

- श्री पी सेंथिलनाथन ने 48वें एलईआरआईजी–2014, संगोष्ठी – सीएलआरआई चेन्नई में ''गेट्स – पर्यावरणीय स्थिरता के लिए ग्रीन और उन्नत प्रौद्योगिकी'' में भाग लिया।

- एलडी विभाग ने 27 व 28 मार्च 2014 कोचमड़े के सामान के अन्तर्राष्ट्रीय मेले 2014 (आईएलजीएफ) के लिए एलडी के छठे सत्र के छात्रों के साथ कोलकाता के एक दौरे के कार्यक्रम की व्यवस्था की।

- 26.03.2014 को बाटा इंडिया लिमिटेड, बाटा नगर, कोलकाता, पश्चिम बंगाल का दौरा किया।

# शैक्षणिक विभाग
# लैदर *डिजाइन*

**रायबरेली कैम्पस :**

● 15.11.2013 से 18.11.2013 तक एलडी—चतुर्थ और छठे सत्र के छात्रों के साथ श्री लाल सिंह, सहायक प्रोफेसर एवं सीसी—एलडी ने आगरा मेला एवं उद्योग यात्रा की और उन्हें सलाह दी।

## संकाय प्रशिक्षण

### कार्यशालाएं और प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण

● श्री सब्यसाची सेनगुप्ता, निफ्ट कोलकाता ने जून 2013 में वृत्तचित्र फोटोग्राफी— कहानी कहने की कला पर तीन दिनों के एक प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण का आयोजन किया।

● श्री संजीब कुमार दास, निफ्ट, कोलकाता:निफ्ट गांधीनगर केंद्र में 24.06.2013 से 28.06.2013 तक ऑटो कैड, निफ्ट बैंगलूरू केंद्र में 20.06.2013 से 21.06.2013 तक निगमित सामाजिक दायित्व और निफ्ट नई दिल्ली केंद्र में 05.06.2013 से 07.06.2013 तक फैशन संचार के लिए फैशन चित्रण।

● निफ्ट, कोलकाता के श्री राहुल सेठी और श्री सब्यसाचीसेनगुप्ता ने 03.07.2013 से 05.07.2013 तक निफ्ट मुंबई सेंटर में डिजाइन सोच और अभिनव विषय पर चर्चा में भाग लिया।

● निफ्ट, कोलकाता के श्री तापस भट्टाचार्य ने 05.06.2013 से 07.06.2013 के दौरान निफ्ट, नई दिल्ली केंद्र में फैशन कम्युनिकेशन विषय के लिए फैशन चित्रण में भाग लिया।

● निफ्ट, कोलकाता से श्री अलोकेश रे ने 08.07.2013 से 12.07.2013 के दौरान नई दिल्ली केंद्र में बौद्धिक संपदा पर अधिकार के तथ्य का पता लगाने के तरीकों पर कार्यशाला में भाग लिया और 18.06.2013 से 19.06.2013 के दौरान निफ्ट, मुंबई केंद्र में अनुसंधान के तरीकों के विषय पर कार्यशाला में भाग लिया।

## सम्मेलन और कार्यशालाएं

### पूर्व छात्रों और उद्योग द्वारा

● निफ्ट, कोलकाता से श्री संजीब कुमार दास ने 26.04.2014 को कोलकाता में न्यूनतम वैधानिक अनुपालन के साथ हस्तशिल्प निर्यात व्यापार और छोटे उत्पादन क्लस्टर शुरू करने पर एक संगोष्ठी में भाग लिया। उन्होंने 9.04.2014 को ''पश्चिम बंगाल से हस्तशिल्प को बढ़ावा देने— कोलकाता में एक रोडमैप'' पर एक संगोष्ठी में भी भाग लिया।

● थ्रेड इंडिया लिमिटेड कानपुर से विपणन प्रबंधक श्री जे. मेथ्यू, ने रायबरेली परिसर में चमड़े के उत्पादों में विशेष धागे के तकनीकी प्रयोगों के विशेष आदानों और परीक्षण प्रोटोटाइप के लिए छात्रों को धागे के विभिन्न नमूने प्रदान किए।

● अनुसंधान एवं विकास प्रमुख, श्री अनूप राणा डीआईईएसईएल में एलडी छात्रों के साथ डिजाइन परियोजना, डिजाइन संचार और बिक्री पर चर्चा की।

## बातचीत

### राज्य सरकार और उद्योग से

● सुश्री सिंजू महाजन, श्री ई शिवशक्ति, सुश्री उषा नरसिम्हन एवं सुश्री तुलिका मोहंती ने नई दिल्ली (12 सितंबर 2013) में तकनीक और रुझानश प्रसार कार्यक्रम पर सीएलई द्वारा आयोजित एक संगोष्ठी में भाग लिया।

● किरिबुरु में उनकी खानों में उनके सीएसआर से संबंधित उद्यम ''किरण'' की दिशा में डिजाइन हस्तक्षेप पर एक परियोजना के लिए स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया के साथ श्री राहुल सेठी द्वारा चर्चा।

● निफ्ट, चेन्नई में विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किए गए— एलडी—सातवें चतुर्थ के छात्रों के लिए 28.08.2013 को उन्नत पेशेवर प्रथाएं विषय पर श्री जी.के. मुत्थुकुमार द्वारा हिस्सेदार, जीएसएम लॉ एसोसिएट्स, चेन्नई द्वारा,

11.02.2014 को एलडी– छठे सत्र के छात्रों के लिए फैशन विपणन पर श्री जेराज, उद्योग विशेषज्ञ द्वारा, 11.04.2014 को एलडी– चतुर्थ सत्र के छात्रों के लिए भूतल विकास तकनीकों पर उद्योग विशेषज्ञ श्री एस सूर्य नारायणन द्वारा और एलडी– चतुर्थ सत्र के छात्रों के लिए फैशन विपणन पर–उद्योग विशेषज्ञ श्री वी.एस. कुमार द्वारा व्याख्यान दिए गए।

**पहल**

- निफ्ट कोलकाता में एलडी विभाग ने एक वर्ष का सीपीएफडीडी (फैशन डिजाइन विकास में सर्टिफिकेट कार्यक्रम) सर्टिफिकेट कार्यक्रम विकसित और शुरू कर दिया है। एक वर्ष का सीपीएफडीडी पाठ्यक्रम भारत के उत्तर–पूर्वी राज्य के छात्रों के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालयद्वारा प्रायोजित है। 40 छात्रों के बैच ने नवम्बर 2013 में अपना एक वर्ष का पाठ्यक्रम कार्यक्रम शुरू किया है। कार्यक्रम को श्री राहुल सेठी व श्री सब्यसाची सेनगुप्ता द्वारा समन्वित किया जा रहा है।

- एलडी विभाग भी अन्य पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास कार्यक्रम के अंतर्गत पाठ्यक्रम शुरु करने में सक्रिय रहा है, निफ्ट, कोलकाता में पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय द्वारा प्रायोजित फैशन डिजाइन विकास (सीसीएफडीडी) और फैशन डिजाइन एवं प्रबंधन (सीसीएफडीएम) पाठ्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## पीएच डी

## आरंभ एवं पूरा किया गया

**पीएच. डी आरंभ और पूर्ण**

निम्नलिखित संकाय सदस्यों ने पीएच.डी आरंभ की:

**निफ्ट, नई दिल्ली:**

- सुश्री सिंजू महाजन, अध्यक्ष एलडी राष्ट्रीय फैशन टैक्नालॉजी संस्थान (निफ्ट) से अपनी पीएचडी कर रही है और व्यापक परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्णकर ली है। उनके अनुसंधान का विषय है चमड़े पर वायुमंडलीय दबाव प्लाज्मा उपचार।

- सुश्री उषा नरसिम्हन, एसोसिएट प्रोफेसर जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय से पीएच.डी कर रही हैं।

- श्री ई शिवशक्ति, एसोसिएट प्रोफेसर ने मेवाड़ विश्वविद्यालय में पीएच.डी के लिए प्रवेश लिया है।

**निफ्ट, चेन्नई:**

- श्री एम अरावेंदन, एसोसिएट प्रोफेसर पांडिचेरी विश्वविद्यालय, पांडिचेरी में आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के क्षेत्र में पीएच.डी कर रहे हैं।

## छात्र भागीदारी

## टीम निर्माण एवं समग्र विकास

- निफ्ट, रायबरेली लैदर विभाग से इस साल हमें कुछ मजबूत खेल और पाठ्येतर प्रतिभागी मिले

- कनवर्ज 2014: सुश्री अर्शिया सतीजा ने टेबल टेनिस एकल में सोना और मिश्रित डबल्स में सुश्री पायल कुमारी रजत, कैरम के लिए सुश्री अर्शिया सतीजा ने कांस्य जीता।

- स्पेक्ट्रम–2014: नीलांजन देबनाथ, एलडी–छह, फोटोग्राफी में प्रथम पुरस्कार जीता, अभिलाषा वर्मा, एलडी – छह चेहरा चित्रकला में प्रथम पुरस्कार जीता, पायल कुमारी, एलडी–छह टेबल टेनिस एकल में प्रथम पुरस्कार जीता और मिश्रीत डबल्स में अर्शिया सतीजा, एलडी–छह कैरम में दूसरे स्थान पर रही।

**निफ्ट, चेन्नई**

- निफ्ट, चेन्नई लैदरडिजाइन विभाग से नवीन राज और आशुतोष कुमार ने इंटर कॉलेज खेल प्रतियोगिता (बास्केट बॉल), आईआईटी मद्रास में भाग लिया।

- सुश्री अनुपमा मिश्रा एवं सुश्री रिद्धी गोयल सत्र – छह एलडी ने 4 से 10 अप्रैल 2014 के दौरान कला हाउज, चेन्नई में एक फैशन स्थापना कला प्रदर्शित की।

## सतत शिक्षा

## और अल्पावधि कार्यक्रम

- सितम्बर 2013 में 36 छात्रों के साथ एक साल का सीई कार्यक्रम ''रचनात्मक सोच और डिजाइन विकास''

कोलकाता कैम्पस में श्री राहुल सेठी, एसोसियेट प्रोफेसर (एलडी) एवं प्रोफेसर रिनीत सिंह (एफडी) के समन्वय के

# शैक्षणिक विभाग
# लैदर *डिजाइन*

अंतर्गत सीई कार्यक्रम (एफसीटी) वर्ष 2013 –14 के लिए शाम की कक्षाएं नियमित आधार पर चल रही हैं। एफसीटी बैच दिसंबर 2012 से 2013 तक का समापन और 2013–2014 के लिए वर्तमान एफसीटी पाठ्यक्रम का प्रारंभ नवंबर 2013 में।

## शिल्प क्लस्टर

### पहल

**निफ्ट, नई दिल्ली**

● निफ्ट, नई दिल्ली के लैदरविभाग के चतुर्थ सत्र के छात्रों ने क्षेत्र के चमडा शिल्प का अध्ययन करने के लिए जून 2013 में शिल्प क्लस्टर विकास परियोजना के अंतर्गत जोधपुर का दौरा किया। 33 छात्रों ने पाठ्यक्रम में भाग लिया और विभाग की संकाय सुश्री तुलिका मोहंती (सीसी–एलडी) और सुश्री नीति बंगा (सहायक प्रोफेसर) उनके साथ गईं और उन्हें निर्देशित किया।

● इस साल वे अजमेर के निकट जावजा का दौरा करने की योजना बना रहे हैं जो लैदर हस्त शिल्प का एक समृद्ध स्रोत है।

**निफ्ट, कोलकाता**

● एलडी के चतुर्थ सत्र के छात्रों ने शैक्षणिक शिल्पक्लस्टर पहल के अंतर्गत 12.06.2013 से 21.06. 2013 तक प्राथमिक सर्वेक्षण कार्य के लिए शांति निकेतन क्राफ्ट क्लस्टर का दौरा किया।

● श्री संजीब कुमार दास, श्री राहुल सेठी, श्री तापस भट्टाचार्य और श्री अलोकेश राय यात्रा के दौरान छात्रों के साथ रहे और उनका मार्गदर्शन किया। इस साल उनकी कूच बिहार, बर्दवान, बीरभूम और पश्चिम मिदनापुर दौरे की योजना है।

**निफ्ट, रायबरेली**

● रायबरेली के लैदर छात्रों ने 2013 में दो समूहों में क्लस्टर कार्यक्रमों में दौरा किया, एक ने चमड़े के शिल्प के लिए पश्चिम बंगाल में शांति निकेतन का दौरा किया और एक अन्य समूह ने लैदर चप्पल हस्तशिल्प अध्ययन करने के लिए चंबा गया। इस साल उनकी जोधपुर और मध्य प्रदेश का दौरा करने की योजना है।

**निफ्ट, चेन्नई**

● 2013 में निफ्ट, चेन्नई केएलडी छात्रों ने, कागज की लुगदी, तंजावुर गुड़िया बनाने, तंजावुर प्लेट और स्वामी मलाई के लिए धातु ढलाई के लिए मिट्टी में हस्तशिल्प के लिए पांडिचेरी का दौरा किया।

## उद्योग संपर्क

### छात्र इंटर्नशिप और दौरे

लैदर डिजाइन विभाग के उद्योग के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं और उससेचर्चा होती है।कुछ संस्थानों जिनका हमारे छात्रों ने दौरा किया, इंटर्नशिप ली और अपनी स्नातक परियोजनाएं शुरू की है, उनमें एडकान्स एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड, स्टीपवेल प्रा. लिमिटेड, क्रू बॉस प्रोफेसरडक्ट्स लिमिटेड यू.आर. ट्रेडिंग,वॉग एंड हाइड यामी फैशन प्रा. लिमिटेड, शिवमानी एक्सपोर्ट्स, टाटा इंटरनेशनल लिमिटेड, सुपर हाउस प्रा. लिमिटेड, मैट ग्लोबल, क्रू बॉस प्रोफेसरडक्ट लिमिटेड, मेट्रापोलिश फैशन, सामिक एक्सपोर्ट्स, पी एंड जी इंटरप्राइजेज, सामिक एक्सपोर्ट्स, सेंचुरी ओवरसीज, चेविओट, अपोलो इंटरनेशनल, खिमजी हंसराज, मैलेगा बैग, भारतीय इंटरनैशनल शामिल है। एलडी के छात्रों को अपने 4 सत्र के पूरा होने के बाद दो सप्ताह का एक व्यापक चर्म शोधन प्रशिक्षण दिया जाता है। हस्तप्रशिक्षण प्रत्यक्ष अनुभव है और छात्रों को सामग्री से संबंधित व्यावहारिक समझ और प्रथाओं हासिल करने में मदद करता है।

# टैक्सटाईल *डिजाइन*



टैक्सटाईल डिजाइन पाठ्यक्रम को टैक्सटाईल डिजाइन के क्षेत्र में रचनात्मक और जिम्मेदार समाधान का उत्पादन करने के लिए गतिशील डिजाइन पेशेवर तैयार करने के लिए बनाया गया है। चार साल का पाठ्यक्रम छात्रों को देशी और अंतर्राष्ट्रीय परिधान और घरेलू फैशन उद्योग के लिए तैयार करता है। विभाग टैक्सटाईल डिजाइन शिक्षा के अपने अनोखी और अभिनव दृष्टिकोण और भारतीय कपड़ा उद्योग से अपनी निकटता के लिए जाना जाता है। तेरह निफ्ट परिसरों अर्थात बेंगलुरू, भोपाल, भुवनेश्वर, चेन्नई, गांधीनगर, हैदराबाद, जोधपुर, कांगड़ा, कन्नूर, कोलकाता, मुंबई, पटना, और नई दिल्ली में पाठ्यक्रम की पेशकश की जाती है।

टैक्सटाईल डिजाइन पेशेवर, बदलते फैशन के व्यापार के लिए रुझान विश्लेषकों और डिजाइन स्टूडियो में स्टाइलिस्ट, कपड़ा मिलों, निर्यात गृहों, फैशन डिजाइनर स्टूडियो, क्रय गृहों और शिल्प क्षेत्र टैक्सटाईल डिजाइनर रंग विशेषज्ञों जैसे कई क्षेत्रों के लिए मूल्य प्रदान करते हैं।

अंतिम सत्र में छात्रों को एक औद्योगिक ग्राहक जैसे कि एक्सपोर्ट हाउस, डिजाइनर या एक गैर सरकारी संगठन के साथ स्नातक स्तर की परियोजना करनी होती है। इस अवधि के दौरान छात्रों को प्रायोजक द्वारा दिए गए संक्षिप्त निर्देशों पर काम करना होता है और घरेलू फैशन या परिधान के आधार पर संग्रह विकसित करना आवश्यक है। इन संग्रहों को संकाय और उद्योग के सलाहकारों के मार्गदर्शन में उद्योग में अठारह सप्ताह की एक व्यापक डिजाइन की प्रक्रिया के माध्यम से विकसित किया जाता है। छात्र आगामी सीजन के रुझान के पूर्वानुमान के आधार पर देश भर की प्रमुख कपड़ा कंपनियों में संग्रह का विकास करते हैं। डिजाइन संग्रह की परिणति को उनके अंतिम स्नातक शो 'तंतु 2014' में प्रदर्शित किया गया।

## शोधपत्र और आलेख

### राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय मंच

- अनिन्द्या चंद्रा, चेत राम मीणा, अभिनव नाथानी और आर.वी. अदिवारेकर ने "एचई प्रतिक्रियाशील रंगों का उपयोग करते हुए कम नमक की रंगाई के लिए कपास का धनायन"– भाग 1 शीर्षक शोध पत्र प्रस्तुत किया, एशियन डायर, अक्टूबर–नवंबर 2013, पृ. 35–41 और "एचई प्रतिक्रियाशील रंगों का उपयोग करते हुए कम नमक की रंगाई के लिए

कपास का धनायन''– भाग 2, एशियाई डायर दिसम्बर–जनवरी 2013–2014, पृ. 39–43।

- रवि यादव, गिरेन्द्र, चेत राम मीणा और आर.वी. अदिवारेकर के शोधपत्र– बेसिक डाई के साथ सल्फर रंगे कपास की टॉपिंग को एशियाई डायर ने स्वीकार कर लिया।

- सुश्री श्रुति गुप्ता, सहायक प्रोफेसर, निफ्ट कांगड़ा द्वारा ''प्राकृतिक रंगे ऊन और कालीनों के लिए रंग और तीव्रता गुण रासायनिक धुलाई का प्रभाव'' शीर्षक शोध पत्र टैक्सटाईल विज्ञान के शोध पत्र की अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका में प्रकाशित हुआ और ''प्लास्टिक सर्जरी के लिए टैक्सटाईल'' शीर्षक एक अन्य शोध पत्र 16 फरवरी 2014 को विज्ञान अनुसंधान और निबंध की स्नातकीय पत्रिका में स्वीकार किया गया।

- श्री सौरभ गर्ग, सहायक प्रोफेसर, निफ्ट कांगड़ा ने हाल ही में एनआईटी जालंधर में आयोजित ''गीले में कपास पर –साइक्लोडेक्सट्रिन एंकरिंग पर अध्ययन'' अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की कार्यवाही में प्रकाशित।

- सुश्री अहाना मजुमदार, निफ्ट कोलकाता ने कैनेडी हॉल, आईजेटी, कोलकाता में आयोजित टीएआई सम्मेलन में, ''भारत में पारंपरिक और नए बाजार क्षेत्रों के संदर्भ के साथ प्राकृतिक रंग की नई गतिशीलता'' विषय पर एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

- श्री संदीप किडिल, सहायक प्रोफेसर, निफ्ट भुवनेश्वर, ने ''फाइबर विशेषताओं पर कताई प्रक्रिया के प्रभावों का अध्ययन'' शीर्षक शोध पत्र इंजीनियरिंग की और प्रबंधन अनुसंधान की अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका, संस्करण 3, अंक 6 दिसम्बर, 2013, पृष्ठ 9 से 14 में प्रकाशित किया गया।

- टीडी बेंगलुरू, की संकाय सुश्री काकोली दास, सुश्री रिचा शर्मा और श्री आर. रविकुमार ने केन्द्रीय रेशम बोर्ड की 'सिल्क मार्क वॉग' पत्रिका के लिए शोध पत्र प्रस्तुत किया। विषय –''शिल्प समूह डायरी'' 'सिल्क मार्क वॉग' रेशम मार्क भारत– जनवरी–मार्च 2014–अंक में प्रकाशित।

- सुश्री रिचा शर्मा, सहायक प्रोफेसर ने 23 अप्रैल 2014 पर निफ्ट, बंगलौर द्वारा आयोजित ''डिजाइन संगोष्ठी नई डिजाइन परिप्रेक्ष्य'' में एक परिचयात्मक भाषण दिया।

- सुश्री सस्मिता पांडा, एसोशियेट प्रोफेसर टीडी एवं सुश्री ज्योतिमराई, सहायक प्रोफेसर, निफ्ट हैदराबाद, 2013 ने रिफलेक्शन्स–2014 में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

- सुश्री सस्मिता पांडा, एसोशियेट प्रोफेसर –टीडी एवं एसडीएसी, सुश्री ज्योतिमराई.एस, एसोशियेट प्रोफेसर, सह–सीसी–एफ पी। लेख ''प्राकृतिक रेशों की भूमिका'' इंजीनियर्स संस्थान द्वारा टेक्सटाइल इंजीनियरिंग और टैक्सटाईल के प्लेटिनम जुबली संग्रह के लिए प्रकाशित।

- सुश्री विशु अरोड़ा, एसोसिएट प्रोफेसर, निफ्ट गांधीनगर, ने 16 और 18 जनवरी 2014 को यूबीसी, रोलसन स्क्वायर, वेनाकुवर, कनाडा में डिजाइन सिद्धांत और व्यवहार पर 8वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में ''पुनर्विचारः रस्सियों की फिर से डिजाइनिंग'' शीर्षक शोध पत्र प्रस्तुत किया और एक लेख ''संस्कृत, प्राचीन भारतीय ग्रंथ और भारतीय वेशभूषा पर इनका प्रभाव'' एशियन सीएच पत्रिका – अमूर्त सांस्कृतिक विरासत संस्करण की पत्रिका में प्रकाशित, संस्करण 118 अंक 7, 2013।

- ''सुश्री विशु अरोड़ा, एसोसिएट प्रोफेसर, निफ्ट गांधीनगर द्वारा टेक्सटाइल केमिस्ट्री'' शीर्षक एक पुस्तक में 2013 में प्रकाशित हुआ।

- सुश्री सुमिता अग्रवाल, सहायक प्रोफेसर, गांधीनगर ने एनआईटी में 11–12 अप्रैल 2014 को जालंधर के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, जालंधर में पारंपरिक और तकनीकी टैक्सटाईल पर वैज्ञानिक समिति के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के ''ओरल सत्र'' में ''पटोला और गिरिंगसिंग की डिजाइन'' पर शोध पत्र प्रस्तुत किया,।

- डॉ वंदना शर्मा, सहायक प्रोफेसर ने 19 जुलाई 2013 कोरेशा 2 फैशन में ''बांस–कॉटन रेशा मिश्रित कपड़े के एंटी–बैक्टीरियल निर्धारण'' पर शोधपत्र प्रकाशित किया।

- एक छात्र हैंडबुक और व्यावहारिक मैनुअल सुश्री शुभांगी यादव, एसोसियेट प्रोफेसर, गांधीनगर एवं श्री मोहम्मद जावेद, निफ्ट, मुंबई द्वारा लिखित ''बुने टैक्सटाईल'' आलेख टैक्सटाईल डिजाइन में कक्षा दृग्प के व्यावसायिक पाठ्यक्रम के लिए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, दिल्ली, 2013 द्वारा प्रकाशित किया गया।

- डॉ. एम. वसन्ता एसोसियेट प्रोफेसर, चेन्नई द्वारा राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) द्वारा साइबराबाद, हैदराबाद फैशन, रिटेल और मैनेजमैंट (आईसीएफआरएम) पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में, ''परंपरा और संक्रमणः श्री

कालहस्ती की कलमकारी पर एक अध्ययन'' पर एक शोध पत्र प्रस्तुत किया गया है, सह–लेखन प्रो. मालिनी दिवाकला। इसके अलावा लेखक द्वारा प्रो डॉ अनीता माबेल मनोहर के साथ परिधान निर्माण पर लिखी गई एक किताब माध्यमिक शिक्षा के केंद्रीय बोर्ड, दिल्ली–2013 द्वारा ग्यारहवीं कक्षा के छात्र हैंडबुक और व्यावहारिक मैनुअल में प्रकाशित की गई है।

- श्री देबज्योति गांगुली, निफ्ट भोपाल ने ''टैक्सटाईल विज्ञान'' नामक पुस्तक का सह लेखन किया है, जिसे प्रथम संस्करण के रूप में केंद्रीयमाध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली, भारत द्वारा अक्टूबर, 2013 में प्रकाशित किया गया, पृथ्वीराज मल और देबज्योति गांगुली का लेख ''गीले प्रसंस्करण में एनजाइम'' एशियाई टैक्सटाईल पत्रिका संस्करण 22, सं. – 5 मई, 2013, पृष्ठ 78–81, आईएसएसएन सं. – 0971–3425, देबज्योति गांगुली और पृथ्वीराज मल द्वारा ''गैर पारंपरिक मुद्रण प्रक्रिया'', एशियाई डायर संस्करण 10, सं. 3 जून, जुलाई 2013, आईएसएसएनः 09,729,488, ''भारत में ब्लॉक प्रिंटिंग प्रक्रिया पर एक संक्षिप्त अध्ययन''– देबज्योति गांगुली और अमृता, ''भारत में मैन मेड टैक्सटाईल'' सासमीरा द्वारा प्रकाशित–जून 2013 संस्करण XLI सं.–6, पृ.–197–206, आईएसएसएन सं.–0377–7537।

- निफ्ट भोपाल के श्री अर्नब सेन ने'' एक रानी के लिए बुनाई'' शीर्षक आलेख जनवरी में संयुक्त राज्य अमेरिका में क्लोराडो से प्रकाशित एक कपड़ा पत्रिका ''हैंडवुभेन'' आईएसएसएन 0198–8212, संस्करण XXXV, नंबर 1, अंक 168 के प्रमुख खंड में छपा, जिसे अक्टूबर 2013 में प्रकाशित केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा नई दिल्ली, भारत से प्रकाशित ''टैक्सटाईल विज्ञान'' नामक पुस्तक के प्रथम संस्करण में, अध्याय 3 व 4, में शामिल किया गया है। जनवरी 2014 में, चेन्नई, भारत से प्रकाशित भारतीय कपड़ा पत्रिका 2014 अंक, आइएसएसएन 0019–6436 में ''उपभोग के कपड़ा से परे देखने का समय'' नामक कवर स्टोरी पर ''आउटलुक 2014'' में एक टिप्पणी प्रकाशित।

- निफ्ट भोपाल के प्रो. किसलय चौधरी, ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, शिक्षा केन्द्र, दिल्ली की ग्यारहवीं कक्षा के लिए ''टैक्सटाईल डिजाइन के तत्व'' नामक पाठ्य पुस्तक और व्यावहारिक मैनुअल का सह लेखन किया है, साथ ही ''टैक्सटाईल व्यापार में एक प्रमुख रणनीति का नवाचार'' शीर्षक से शोध पत्र का प्रकाशन और प्रस्तुतिः 30 और 31 अगस्त 2013 को एसवीआईटीएस इंदौर में टैक्सटाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में द्वारा –इंदौर, भारत के टेक्सटाइल एसोसिएशन – 30 और 31 अगस्त 2013, ''पारंपरिक और तकनीकी टैक्सटाईल में उभरते रुझान'' पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन जालंधर के डॉ बी आर अम्बेडकर राष्ट्रीय संस्थान (भारत) के विभाग – 11 वीं एवं 12 अप्रैल 2014 के टैक्सटाईल विभाग द्वारा ''डिजाइन द्वारा क्रांति'' फोरम में ''अंसल विश्वविद्यालय, गुड़गांव, नई दिल्ली, 16 अप्रैल 2014 ''डिजिटल डिजाइन सोच'', सितंबर 2013 में आयोजित निफ्ट भोपाल द्वारा डिजाइन की रणनीति और अंतर्राष्ट्रीय विपणन'' की अवधारणा और समन्वय, अनुसंधान और प्रस्तुतिः प्रकाशित, अनुच्छेदः ''अपनाए जाने वाले नवाचारः भारतीय होम टेक्सटाइल बिजनेस'' होम टेक्सटाइल दृश्य में – मार्च 2014 संस्करण, प्रकाशित लेख, टेक्सटाइल मिरर, म. प्र, द्वारा मार्च 2014 संस्करण में ''इंडियन समर ट्रेंड्स'', टैक्सटाईल मिरर, मध्य प्रदेश, अप्रैल 2014 संस्करण में लेख '' डिजिटल टैक्सटाईल छपाईः नए कारोबार के अवसर'' प्रकाशित किया गया।

- निफ्ट भोपाल की डॉ अनुपम सक्सेना का ''चित्रकारी– पैथन के भूले हुए नाट्य चित्रों की गाथा और 19 वीं सदी का सामुदायिक मनोरंजन'' शीर्षक शोधपत्र प्रकाशित सामाजिक और जीवन विज्ञान के शोध पत्रिका, संस्करण सत्रह, दिसंबर 2013 2013।

- डॉ रीना अग्रवाल एसोसिएट प्रोफेसर, निफ्ट मुंबई, द्वारा प्रकाशित शोध पत्र, फैशन पूर्वानुमान, में फैशन का महत्व, जुलाई 2013. परिधान देखने के लिए, होम टेक्सटाइल, जुलाई – सितम्बर 2013, बुना हुआ कपड़ा – सितम्बर 2013, होम टेक्सटाइल के विचार और आदर्श घरेलू लिनेनः एक सिंहावलोकन, अप्रैल–जून 2014 पेश करने के लिए आमंत्रित किया गया, डिजिटल युग में फैशन की जानकारी वितरण और उपयोग, प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित, 23–24 जनवरी 2014 को एम्स्टर्डम फैशन इंस्टिट्यूट, एम्फी, नीदरलैंड में फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान के अंतर्राष्ट्रीय फाउंडेशन (आईएफएफटीआई) द्वारा आयोजित फैशन कोलोक्विया के 2013 – 2014 संस्करण में शोध पत्र



स्वीकार किया गया।

● डॉ रीना अग्रवाल ने निफ्ट द्वारा, जनवरी फरवरी 2014 में विशेष रूप से कपड़ों और फैशन डिजाइन उद्योग के व्यापक क्षेत्र के लिए तैयार की गई आईपीआर की ''कपड़े और फैशन डिजाइन उद्योग के लिए बौद्धिक संपदा'' शीर्षक एक पाठ्य पुस्तक के लिए ''अनुचित प्रतिस्पर्धा'' पर एक अध्याय प्रस्तुत किया।

● प्रो (डॉ.) सुधा ढींगरा ने एनआईटी, जालंधर में, 11 एवं 12 अप्रैल 14 को ''पारंपरिक और तकनीकी टैक्सटाईलों में उभरते रुझान'' पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में ''पारंपरिक हथकरघा का समकालीनीकरण'' शीर्षक शोध पत्र प्रस्तुत किया, और 17 अप्रैल को सुशांत स्कूल ऑफ आर्ट एंड डिजाइन के सम्मेलन ''डिजाइन द्वारा क्रांति'' में ''पारंपरिक हथकरघा टैक्सटाईलों में बदलती प्रतीकात्मकता'' शीर्षक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

● सुश्री सविता श्योराण राणा, अध्यक्ष, टेक्सटाइल डिजाइन द्वारा 2013 में प्रो सुधा ढींगरा और सुश्री रूबी कश्यप सूद द्वारा लिखित 'पारंपरिक भारतीय टैक्सटाईल', प्रो कृपाल माथुर और सुश्री सविता श्योराण राणा द्वारा लिखित 'प्रिंट डिजाइन' और सुश्री मनीष भार्गव और प्रो शिविलिंगम द्वारा लिखित 'डाइंग और प्रिंटिंग' की केन्द्रीयमाध्यमिक शिक्षा बोर्ड, दिल्ली द्वारा टैक्सटाईल डिजाइन के व्यवसायिक पाठ्यक्रम की बारहवी कक्षा के लिए तीन पाठ्य पुस्तकों और व्यावहारिक पुस्तिका के प्रकाशन की व्यवस्था की गई।

● निफ्ट, मुंबई के एसोसिएट प्रोफेसर मोहम्मद जावेद ने संयुक्त रूप से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई), नई दिल्ली के अंतर्गत नौवीं कक्षा के छात्रों के लिए ''बुने टैक्सटाईल'' पर एक पुस्तक लिखी। सीपी–टीडी निफ्ट नई दिल्ली द्वारा निफ्ट दिल्ली मुख्यालय की परियोजना समन्वित की गई।

● दिल्ली कैम्पस की प्रोफेसर (डॉ) सुधा ढींगरा, कोलकाता में 17 फरवरी को सूत्र द्वारा आयोजित प्राकृतिक रंगों, पर एक अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 'आल की कहानी (मोरिंडा सिट्रिफोलिया)'' पर एक प्रस्तुति दी।

## प्रारंभ की गई परियोजनाएं

### सरकार और उद्योग के लिए

● निफ्ट भुवनेश्वर ने कांतिलो में ''बेल धातु की डिजाइन विकास'' विषय पर परियोजनाएं शुरू की हैं जहां विभाग के संकाय ने परियोजना कार्यान्वयन टीम के प्रमुख सदस्य के रूप में योगदान दिया है और संसाधनों और परियोजना के काम का प्रलेखन जुटाने पर काम किया।

● निफ्ट कोलकाता के टैक्सटाईल डिजाइन विभाग के संकाय ने असम सरकार द्वारा प्रायोजित सुआलकुची सिल्क मेगा परियोजना पूरी की।

# शैक्षणिक विभाग
## टैक्सटाईल *डिजाइन*

- टैक्सटाईल डिजाइन विभाग, बेंगलुरू ने सफलतापूर्वक कर्नाटक सरकार के हथकरघा और टैक्सटाईल विभाग के लिए "कर्नाटक में आदिवासियों के लिए हथकरघा बुनाई में डिजाइन हस्तक्षेप" पर परियोजनाओं को पूरा किया, निफ्ट के छात्रों एवं सुश्री काकोली दास, सहायक प्रोफेसर द्वारा "बूटी अन्तर्राष्ट्रीय डिजाइन परियोजना" की अवधारणा बनाई गई थी और निफ्ट के छात्रों और टैक्सटाईल डिजाइन संकाय टीम द्वारा "केएसआईसी साड़ी डिजाइन परियोजना" की अवधारणा बनाई गई।

- गांधीनगर के एसोशिएट प्रोफेसर, श्री मनीष भार्गव, टीडी गांधीनगर संकाय ने महाराष्ट्र वन विभाग के लिए एक वर्दी डिजाइन परियोजना पूरी की है।

- सुश्री रूपाली पंडित, एसोशिएट प्रोफेसर एवं सुश्री सुमिता अग्रवाल, सहायक प्रोफेसर गांधीनगर निफ्ट, चेन्नई की एनएमई–आईसीटी परियोजना के अंतर्गत, "टैक्सटाईल कला और शिल्प" विषय के लिए ई–सामग्री के विकास के लिए एसएमई (विषय सामग्री विशेषज्ञ) के रूप में नामित किए गए हैं।

- टीडी चेन्नई के संकाय ने हथकरघा एवं टैक्सटाईल विभाग, तमिलनाडु के निदेशक द्वारा सौंपी गई "हथकरघा साड़ी में 500 नए डिजाइन के विकास", की परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा किया। विभाग ने बुनकरों के सेवा केंद्र के कार्यालय, कांचीपुरम के साथ 'थिरुमलपुर हैंडलूम समूह के लिए बाजार सर्वेक्षण/ मेधा' परियोजनाशुरू की है। परियोजना में नैदानिक अध्ययन और बाजार सर्वेक्षण में शामिल हैं।

- टीडी विभाग चेन्नई ने 12.03.14 और 14.03.14 से चेन्नई ट्रेड सेंटर में एचपीईसी के लिए विषय मंडप की डिजाइन की, टीडी और एफडी विभाग, चेन्नई ने मिलकर 13.03.14 को चेन्नई ट्रेड सेंटर पर एचपीईसी के लिए एक फैशन शो का आयोजन किया।

- सीबीएसई के लिए एक व्यावसायिक पाठ्यक्रम के रूप में टैक्सटाईल डिजाइन के लिए बारहवीं कक्षा के पाठ्यक्रम का विकास। टैक्सटाईल डिजाइन परियोजना एंकरः सुश्री सविता राणा, अध्यक्ष एवं एसोसिएट प्रोफेसर – टीडी, पुस्तक के लेखकः प्रो कृपाल माथुर, प्रो (डॉ) सुधा ढींगरा, सुश्री रुबी कश्यप सूद, श्री मनीष भार्गव, प्रो शिवलिंगम और सुश्री सविता श्योराण राणा।

- सुश्री सविता श्योराण राणा अध्यक्ष एवं एसोसिएट प्रोफेसर और सुश्री पुरवा खुराना, सीसी– एफडी, एसोसिएट प्रोफेसर ने एयर इंडिया के चालक दल के लिए वर्दी डिजाइन की परियोजना पूरी की।

## छात्र भागीदारी
### प्रतियोगिताएं और पुरस्कार

- निफ्ट, कन्नूर छात्र, सुश्री शिल्पा हिलेरियस, सुश्री मीनाक्षी संजय और टीडी–तृतीय की सुश्री ऐशवर्या.ए और टीडी–पंचम सत्र की सुश्री अनुज्ञा सक्सेना ने निफ्ट कन्नूर रागम में एक फैशन शो, एनआईटी कालीकट में भाग लिया।

- सुश्री पलक कक्कड़, सातवां सत्र, निफ्ट कांगड़ा को 1 से 10 अक्टूबर 2013 को युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम जेनेसिस 2.0 (जापान) के लिए चुना गया।

- टीडी तृतीय सत्र, निफ्ट भुवनेश्वर की सुश्री वैशाली अरोड़ा ने 20.09.2013 को फैशन डिजाइन इंडिया 2013, जयपुर में भाग लिया जहां उसने विंटेज की आभा पर अपने संग्रह का प्रदर्शन किया और एक ट्रॉफी प्राप्त की। उसे 16 फरवरी 2014 को नई दिल्ली में डीएलएफ एम्पोरियो डिजाइन पुरस्कार के अंतिम दौर के लिए भी चुना गया। टीडी निफ्ट भुवनेश्वर के आठवें सत्र की सुश्री श्रेया गुलाटी ने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित क्लॉथजी ब्लॉग लेखन प्रतियोगिता में 2 पुरस्कार जीता। भुवनेश्वर के टीडी – छठे सत्र की सुश्री रीतम और श्री विवेक वर्मा ने श्री और श्रीमती "आईएमआईएस" में पहला स्थाम प्राप्त किया। निफ्ट भुवनेश्वर के टीडी – छठे सत्र की सुश्री माधवी वर्मा, सुश्री शालिनी सरकार, सुश्री आकांक्षा सरकार, सुश्री सुश्री मालविका रस्तोगी ने 22 फरवरी 2014 को आयोजित मई मेला कन्वेंशन में फैशन डिजाइनर शिखर सम्मेलन में भाग लिया। टीडी–चतुर्थ सत्र से सुश्री वैशाली अरोड़ा ने मनीष अरोड़ा द्वारा आयोजित "फैशन प्रतियोगिता 2014 "में भाग लिया।

● सुश्री नमानी मंडल और सुश्री अपर्णा सिंह, निफ्ट बेंगलुरू (बैच 2011–2015) के छठे सत्र के छात्रों ने 2 फरवरी 2014 और सुश्री स्वाति प्रिया, छठे सत्र (बैच 2011–2015) की छात्रा ने आईआईएम बंगलौर कैम्पस में आईआईएम बंगलौर सांस्कृतिक उत्सव ''उन्माद'' 2014 में फैशन शो में भाग लिया था और 5 अप्रैल 2014 पर रेवा इंस्टिट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के टेक्नो सांस्कृतिक महोत्सव में आयोजित किया।

● हैदराबाद कैम्पस की टीडी, सत्र छह के छात्रों ने डब्ल्यूओडब्ल्यू और बोयानिका – निफ्ट डिजाइन उत्कृष्टता प्रतियोगिता में भाग लिया।

● टीडी भोपाल के संकाय सदस्यों ने निगम लोगो डिजाइन प्रतियोगिता, निर्देशित, समन्वित और मार्गदर्शन किया था जहां टीडी पंचम, 2013 से श्री श्रेयांश प्रधान और श्री रजत कटियार क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर रहे और श्री श्रेयांश प्रधान, टीडी छठे सत्र ने बोयानिका प्रतियोगिता में भाग लिया।

● सुश्री विशाखा आनंद, चतुर्थ सत्र (बैच 2012–2016) ने डिजाइन प्रतियोगिता – ''भारत में निर्मित– खुलें'' प्रतियोगिता में भाग लिया और मई 2014 में होम फैशन श्रेणी में 1500 डॉलर का नकद पुरस्कार जीता था। मोहम्मद जावेद, एसोसिएट प्रोफेसर, मुंबई ने इस प्रतियोगिता के लिए सुश्री विशाखा का मार्गदर्शन किया।

## अन्तर्राष्ट्रीय संबंध

### विनिमय और युग्मन कार्यक्रम

● निफ्ट कन्नूर, टीडी–छठे सत्र की सुश्री श्रीजा को सत्र विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत नाबा (नुओवा एकाडेमियी डि बेले अर्टी), के लिए चुना गया था। सुश्री रिशनी, टीडी–छठी सत्र को एफआईटी न्यूयॉर्क और सुश्री निशा बैरोलिया और सुश्री विशाखा रुचेला को दोहरे डिग्री कार्यक्रम के लिए चुना गया था डिमॉटफोर्ट विश्वविद्यालय, ब्रिटेन के लिए इरास्मस सत्र विनिमय कार्यक्रम के लिए चयन किया गया।

● निफ्ट कांगड़ा की पांचवें सत्र की छात्रा, सुश्री आँचल कांसरा एफआईटी न्यूयॉर्क गई, सुश्री अंजली राठौर छठे सत्र की छात्रा 2013 सत्र विनिमय के लिए सैक्सन विश्वविद्यालय, नीदरलैंड और सुश्री पलक कक्कड़ प्रसिद्ध हॉलैंड में प्रसिद्ध कपड़ा डिजाइनर क्लॉडी जांस्टिया के अंतर्गत उद्योग इंटर्नशिप के लिए गई।

● निफ्ट बेंगलुरू के टैक्सटाईल डिजाइन चतुर्थ सत्र की छात्रा, सुश्री गायत्री कन्नन ने सैक्सन विश्वविद्यालय के साथ सत्र विनिमय और युग्मन कार्यक्रम आरंभ किया।

● चेन्नई की टीडी पंचम की सुश्री विशालाक्षी एवं सुश्री निवेथा सुंदर, वॉल्वरहैम्प्टन विश्वविद्यालय में छह महीने के युग्मन कार्यक्रम के लिए गई हैं।

● सुश्री लता कुमारी राणा, छठा सत्र बैच (2011–2015) जनवरी–जून 2014 के दौरान सैक्सन विश्वविद्यालय नीदरलैंड, में सत्र विनिमय पर गई है।

## प्राध्यापक भागीदारी

### मेले और संगोष्ठियां

● निफ्ट कन्नूर, टीडी के संकाय ने एचईपीसी द्वारा आयोजित 'हेइम–टेक्सटाइल 2014 के लिए रुझान' पर एक संगोष्ठी में भाग लिया।

● निफ्ट कांगड़ा की सुश्री श्रुति गुप्ता ने 10.02.14 और 10.04.14 के दौरान टीडी–चतुर्थ एवं और छठे सत्र के छात्रों के साथ सूरजकुंड मेले में भाग लिया और 09.02.14 को चतुर्थ सत्र के छात्रों के साथ धर्मशाला मेले गईं।

● निफ्ट कोलकाता के संकाय, श्री निधु के. मंडल और श्री प्रसेनजीत भद्रा ने छठे सत्र के छात्रों को उद्योग निवेश के लिए शैक्षिक यात्रा के हिस्से के रूप में 7 से 16 मार्च 2014 को दिल्ली, पानीपत और जयपुर में विभिन्न उद्योगों का दौरा किया।

● श्री संदीप कुमार सामंत, एसोशियेट प्रोफेसर निफ्ट कोलकाता 17.01.14 और 18.01.14 को मुंबई प्रदर्शनी केन्द्र, गोरेगाँव में आयोजित भारतीय फैशन मंच (आईएफएफ) 2014, में भाग लिया।

● निफ्ट, भुवनेश्वर के श्री संदीप किडिल ने सात छात्रों के साथ मुंबई में 24 अगस्त 2013 पर लक्मे फैशन वीक में भाग लिया।

● टीडी विभाग के संकाय सदस्यों ने 3 जनवरी 2014

को एसएमएसई विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का दौरा किया और भुवनेश्वर और आसपास के क्षेत्र की विभिन्न कपड़ा कंपनियों और प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। टीडी संकाय ने 22.01.2014 से 17.02.2014 के बीच आईडीसीओ प्रदर्शनी मैदान में आयोजित 13वें नेशनल हैंडलूम एक्सपो का भी दौरा किया और 15 दिसंबर 2013 से 27 दिसंबर 2013 के दौरान हथकरघा और हस्तशिल्प के लिए समर्पित तोशाली शिल्प मेले का दौरा किया।

- सुश्री राखी वाही प्रताप, एसोसिएट प्रोफेसर, सीसी–टीडी हैदराबाद ने टीडी छठी सत्र के साथ 15–18 अप्रैल 2014 के दौरान खुदरा निर्यात के लिए घर के आंतरिक सामान की एक प्रदर्शनी होम एक्सपो का दौरा किया। वह निफ्ट में डिजाइन पाठ्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए ''मां'' टीवी से प्रसारित एक टीवी साक्षात्कार में भी दिखाई पड़ीं।

- श्री आर.रविकुमार और सुश्री रिचा शर्मा, निफ्ट बेंगलुरू ने30 सितम्बर, 2013 को राष्ट्रीय हथकरघा निर्यात संवर्धन परिषद, करूर द्वारा आयोजित एक संगोष्ठी हेटेक्सटाइल 2014 में केंद्रित 'डिजाइन रुझान' पर प्रस्तुति दी।

- सुश्री ऋचा शर्मा को विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया गया था और 21 फरवरी 2014 को चित्रकला परिषद कनसर्न भारतीय फाउंडेशन के 'उद्देश्य के लिए रुकें'की यात्रा की, उन्होंने पी3डी सेल– सलाहकार समिति की एक समिति सदस्य के रूप में केन्द्रीय रेशम बोर्ड, टैक्सटाईल मंत्रालय, भारत सरकार की 18 मार्च 2014 की बैठक में भाग लिया। 9 मार्च 2014 को आईटीपीएल, वाइटफील्ड और बेंगलुरू में ''सोल सांटे'' में भी भाग लिया।

- निफ्ट गांधीनगर के श्री मनीष भार्गव, एसोशिएट प्रोफेसर ने श्री रंजीत कुमार, सहायक प्रोफेसर और श्री विशाल गुप्ता, एसोशिएट प्रोफेसर के साथ डिजाइन पेटेंट (चार नग) के लिए आवेदन किया है।

- सुश्री रूपाली पंडित, एसोशिएट प्रोफेसर, गांधीनगर ने 9.12.2013 से 13.12.2013 के बीच एनआईडी फैशन डिजाइन विभाग में ''कपड़ा से परिचय'' पर एक सप्ताह के मॉड्यूल शुरू किए हैं।

- चेन्नई के डॉ. एम वसंता और श्री जी. कृष्णराज 26. 09.2013 को पार सांस्कृतिक अध्ययन के लिए एशियाई केन्द्र द्वारा आयोजित रचनात्मक अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्यशाला में भाग लिया एवंडॉ. एम वसंता ने रचनात्मक प्रबंधन और भारत में सतत डिजाइन के विकास पर प्रस्तुति दी है।

- श्री वी. आर कार्तिकेयन, चेन्नई ने प्रिंट डिजाइन परियोजना पर एक कार्यशाला की व्यवस्था की और के. दक्षिणमूर्ति ने टीडी पंचम के छात्रों के लिए 11.09.2013 को ब्लॉक प्रिंटिंग में डेमो और विशेष इनपुट दिया है।

- श्री जी कृष्णराज ने 05.10.2013 को प्रौद्योगिकी के कुमारगुरु कॉलेज, कोयम्बटूर के टैक्सटाईल प्रौद्योगिकी के छात्रों के लिए ''टैक्सटाईल छात्रों के लिए रोजगार कौशल'' पर अतिथि व्याख्यान दिया।

- डॉ. एम वसंता और श्री वी. आर कार्तिकेयन ने 30. 01.14 और 31.01.14 न्यू इंडियन एक्सप्रेस द्वारा आयोजित शिक्षा पर एक संगोष्ठीरू थिंक एडुः कॉन्क्लेव 2014। में भाग लिया।

- हथकरघा और कपड़ा विभाग द्वारा 23.10.13 को साड़ी डिजाइन परियोजना के लिए नए डिजाइन (500) जारी करने के लिए विजय महल, टी नगर चेन्नई में दृश्य बिक्री प्रदर्शन आयोजित किया गया था। डॉ. एम वसंता एसोशेट प्रोफेसर एवं श्री वी. आर कार्तिकेयन ने दृश्य बिक्री प्रदर्शन को समन्वित किया और श्री एण कृष्णराज,सहायक प्रोफेसर ने प्रदर्शन के लिए प्रारंभिक कार्य किया था।

- प्रो किसलय चौधरी ने चतुर्थ अंतर्राष्ट्रीय इंकजेट फोरम, नई दिल्ली (सम्मेलन और कार्यशाला– स्व प्रायोजित), इंडिया फैशन फोरम, मुंबई, जनवरी 2014, हस्तशिल्प मेला – रवीन्द्र भवन – नवंबर 2013, जनवरी 2014 – डिजाइनर अनुभूति ब्योहर, जनवरी 2014 और हस्तशिल्प प्रदर्शनी गौहर महल द्वारा डिजाइन प्रदर्शनी में भाग लिया

- डॉ रीना अग्रवाल, सहायक प्रोफेसर, निफ्ट मुंबई ने इंटर्नशिप, स्नातक स्तर की परियोजना और नियुक्तियों के



लिए निम्नलिखित उद्योगों के साथ बातचीत की –मेसर्स पुनिकिम टेक्सटाइल प्रा.लिमिटेड, मुंबई, सुश्री दीप्ती, प्रमुख डिजाइनर–डिमोरा टेक्सटाइल, सुश्री लक्ष्मी बावा–प्रमुख एचआर टेक्सट्रेड इंडस्ट्रीज लिमिटेड,श्रीवृज वल्लभ वल्लभ उड़ीवाल, मालिक शिल्पी इंडस्ट्रीज, जयपुर और सुश्री जोनिथा, डिजाइनर, मिलाया एंब्रॉयडरी, मुंबई।

- मोहम्मद जावेद एसोसिएट प्रोफेसर और जी राजेश कुमार सीसी–टीडी एवं एसोसिएट प्रोफेसर, निफ्ट ने स्नातक स्तर की परियोजना की आवश्यकता के भाग के रूप में मुंबई उद्योग के प्रमुखों के साथ बातचीत की और 27.2. 2014 को मेसर्स आलोक इंडस्ट्रीज लिमिटेड का दौरा किया और श्री अदनान नुलवाला, कंपनी के सहायक प्रबंधक के साथ बातचीत की।

- नितीन रंगडल सहायक प्रोफेसर ने 09.02.2014 को मुंबई में एक वार्षिक कला महोत्सव काला घोड़ा का दौरा किया।

- मोहम्मद जावेद एसोसिएट प्रोफेसर और जी राजेश कुमार सीसी–टीडी एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ रीना अग्रवाल सहायक प्रोफेसर और डॉ वी सेंथिल कुमार, सहायक प्रोफेसर, ने 06.03.2014 को होटल लीला अंतर्राष्ट्रीय मुंबई में होम फैशन इंडिया वीक (एचएफआईडब्ल्यू), आठवें संस्करण में भाग लिया।

- मोहम्मद जावेद, एसोसिएट प्रोफेसर और जी राजेश कुमार सीसी–टीडी एवं एसोसिएट प्रोफेसर और केडी एवं एफसी के अन्य संकाय सदस्यों के साथ 11.03.2104 को ''उषा अंतर्राष्ट्रीय शोरूम'' का दौरा किया और झूले पर नई तकनीक के विकास पर एक बातचीत और लाइव प्रदर्शन में हिस्सा लिया

- डॉ. वी. सेंथिल कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर ने अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी टैक्सटाईल प्रदर्शनी उद्योग, गोरेगांव, मुंबई, मुंबई में मुरबाद रोड, धनावली में टेक्नोक्राफ्ट इंडस्ट्री का दौरा किया।

- श्री मोहम्मद एसोसिएट प्रोफेसर और श्री नीतीन रंगडाल,सहायक प्रोफेसर ने 3.10.2013 को गोरेगांव प्रदर्शनी टेक्सटाइल, इंडिया का दौरा किया।

- मोहम्मद जावेद एसोसिएट प्रोफेसर, डॉक्टर रीना अग्रवाल सहायक प्रोफेसर और श्री नीतीन रंगडाल,सहायक प्रोफेसर ने 14.01.2014 को टैक्सटाईल डिजाइन विभाग संकाय ने सॉफ्ट कौशल कार्यशाला का दौरा किया।

- मोहम्मद जावेद, एसोसिएट प्रोफेसर ने 11.04.2104 को टेकोया इन्फोटेक द्वारा वर्ल्ड ट्रेड सेंटर (डब्ल्यूटीसी), कफ परेड मुंबई में आयोजित फाइबर और यार्न 2014 प्रदर्शनी का दौरा किया और इंटर्नशिप के लिए उद्योग के प्रतिनिधि के साथ बातचीत की।

- दिल्ली कैम्पस के सुश्री रूबी कश्यप सूद व श्री

आशुतोष साही ने राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम, ओखला में डीटीई 2014 मेले का दौरा किया।

- दिल्ली कैम्पस के श्री आशुतोष साही और सुश्री अनन्या मित्रा प्रमाणिक ने फरीदाबाद हरियाणा में सूरज कुंड मेले–2014 का दौरा किया।

- प्रो सुधा ढींगरा व श्री आशुतोष साही ने आईजीएनसीए आयोजित प्रदर्शनी 'इंडिया डिजाइन' और एनएससीआई में प्रदर्शनी 'मेड इन इंडिया' 'खुलें' और दौरा किया।

- मोहम्मद जावेद एसोसिएट प्रोफेसर और जी राजेश कुमार सीसी–टीडी व एसोसिएट प्रोफेसर ने पुनिकिम इंडस्ट्रीज, लोअर परेल, मुंबई में का दौरा किया और स्नातक स्तर की परियोजना की शुरूआत करने के लिए पुनिकिम इंडस्ट्रीज के निदेशक श्री निमेश पारेख से बात की।

## प्राध्यापकों का प्रशिक्षण

### कार्यशालाएं और प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण

- श्री श्रीकांत गेला, निफ्ट कन्नूर ने 03.06.13 से 07.06.13 को जकार्ड के लिए सीएडी के प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण में भाग लिया।

- श्री नंदकुमार, सहायक प्रोफेसर, निफ्ट चेन्नई ने 20. 08.2013 को होटल कांची, एग्मोर, चेन्नई में बालों रंगने उन्नत बाल कटाई, बाल सीधे करने, और स्ट्रीक प्रो द्वारा बालों के उपचार पर एक सम्मेलन में भाग लिया

- निफ्ट चेन्नई के श्री श्रीधर एमेन्ची ने 27.08.2013 को इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कैटरिंग टेक्नोलॉजी, एप्लाइड न्यूट्रीशन, पर्यटन मंत्राल भारत सरकार, टीटीटीआई– तारामणि, चेन्नई द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला में ''वस्त्र और वर्दी डिजाइनिंग'' पर एक व्याख्यान देने के लिए भाग लिया।

- निफ्ट चेन्नई के श्री के. अरुल सहायक प्रोफेसर एवं सीसी, श्री एस सेंथिलवेल, सहायक प्रोफेसर एवं सुश्री जी सिवासंकरी, सहायक प्रोफेसर एवं एसडीएसी ने 11.09. 2013 को मेसर्स अम्मान सिवींग एंब्रॉयडरी एंड थ्रेड्स प्रा.

लिमिटेड, चेन्नई, द्वारा सिलाई के सूतों पर एक तकनीकी संगोष्ठी में भाग लिया।

- निफ्ट, चेन्नई के सहायक प्रोफेसर, श्री श्रीधर एमेन्ची को 14.09.2013 को चेत्तीनाद मेडिकल कॉलेज, केलाम्बकम, चेन्नई द्वारा वार्षिक समारोह ''फ्यूजन चेत्तीनाद'' 2013 के एक भाग के रूप में आयोजित एक फैशन शो के लिए एक न्यायाधीश के रूप में आमंत्रित किया गया था।

- निफ्ट चेन्नई के सहायक प्रोफेसर, श्री श्रीधर एमेन्ची ने 24.09.2013 को युवा कौशल कार्यक्रम में आयोजित एक कार्यशाला का संचालन करने के लिए मानसिक लोगों के लिए एक संगठन ''विद्यासागर'' का दौरा किया।

- श्री के. अरुल, सहायक प्रोफेसर और सीसी ने पार–सांस्कृतिक अध्ययन के एशियाई केन्द्र द्वारा 26.09.2013 को आयोजित रचनात्मक अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्यशाला में भाग लिया।

- निफ्ट चेन्नई के सहायक प्रोफेसर, श्री श्रीधर एमेन्ची को 26.09.2013 को तिरुवनंतपुरम में अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, सरकारी सचिवालय के कक्ष में साक्षात्कार आयोजित करने के लिए एक पैनल के सदस्य के रूप में आमंत्रित किया गया था।

- निफ्ट चेन्नई के सहायक प्रोफेसर, श्री श्रीधर एमेन्ची ने 07.10.2013 को ज्वॉय ऑफ गिविंग सप्ताह के समारोह से दौरान तारा ट्रस्ट, गोवा द्वारा वंचित बच्चों के लिए एक एक दिवसीय कार्यशाला का संचालन किया।

- निफ्ट चेन्नई के सहायक प्रोफेसर, श्री श्रीधर एमेन्ची ने 11.10.2013 को तिरुपुर में 37 वें भारत बुनाई मेले का दौरा किया और छात्रों की स्नातक स्तर की परियोजना एवं इंटर्नशिप के लिए वस्त्र आपूर्तिकर्ताओं, ट्रिम्स और स्रोतों से उपयोगी संपर्क इकट्ठा किए।

- श्री के नंद कुमार, सहायक प्रोफेसर ''इमेज और फैशन स्टाइलिंग (विषय – श्रृंगार)'' विषय के लिए कार्यशाला का आयोजन जिसे एक प्रख्यात विशेषज्ञ सुश्री महालक्ष्मी द्वारा संचालित किया जाएगा। जी, व्यापार विकास प्रबंधक ने 25.10.2013 को केडब्ल्यूडी के सातवें सत्र के लिए कक्षाएं लीं।

- सुश्री सुनीता वासन, एसोसिएट प्रोफेसर एवं सीओई–प्रभारी एवं सुश्री जी.सिवसंकरी, सहायक प्रोफेसर एवं एसडीएसी ने 14–16 नवंबर 2013 पार–सांस्कृतिक अध्ययन, चेन्नई के लिए एशियाई केंद्र में आयोजित अनुसंधान क्रियाविधि कार्यशाला में भाग लिया।

- सुश्री भावना दुबे सहायक प्रोफेसर, निफ्ट मुंबियाम, ने सुदिती इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ ग्रीष्मकाल 2013 में अपनी संकाय इंटर्नशिप पूरी की।

- सुश्री मेहर कैस्टलिनो–स्वतंत्र फैशन सलाहकार ने, भारत में फैशन परिदृश्य की स्थापना के समय से इसके विकास पर निफ्ट मुंबई में शिक्षकों और छात्रों से बातचीत की।

- सुश्री भावना दुबे ने निफ्ट मुंबई के चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों के साथ बांद्रा में नेशनल हैंडलूम एक्सपो की एक प्रदर्शनी का दौरा किया।

- सुश्री तुलिका टंडन ने भारतीय फैशन मंच –सेमिनार में भाग लिया।

- सुश्री तुलिका टंडन ने मलाड, मुंबई में भारतीय हस्त शिल्प द्वारा आयोजित हस्त–शिल्प की एक प्रदर्शनी का दौरा किया।

- निफ्ट मुंबई की सुश्री मनीष सिंह–एसोसिएट प्रोफेसर एवं सीसी–केडी और श्री धनराज सरवासे, दिनांक 27 अगस्त 2013 को लक्मे फैशन वीक का दौरा किया।

- निफ्ट मुंबई की सुश्री तुलिका टंडन ने मुंबई में कालाघोड़ा उत्सव का दौरा किया।

## पीएच.डी.

### आरंभ और पूर्ण

निटवेयर डिजाइन विभाग समृद्ध उद्योग और अनुसंधान के अनुभव के द्वारा समर्थित, अनुकरणीय योग्यता का दावा करता है। इसके पीएच.डी. प्राप्त और पीएच.डी. कर रहे संकायों की बड़ी संख्या इसका सबूत है।

- श्री पी मोहन राज, निफ्ट चेन्नई के एसोसियेट प्रोफेसर ने पीएचडी कार्यक्रम के लिए दाखिला लिया

- सुश्री सुनीता वासन, एसोसियेट प्रोफेसर, निफ्ट चेन्नई ने पीएचडी के लिए अपने पाठ्यक्रम का काम पूरा किया।

- निफ्ट मुंबई की यशोदा कुमारी वीटीयू, बैंगलोर से पीएचडी कर रही हैं।

- निफ्ट कोलकाता के श्री सुमंत्र बक्शी, जादवपुर विश्वविद्यालय के केमिकल इंजीनियरिंग विभाग से इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पीएच.डी. कर रहे हैं।

- श्री पृथ्वीराज मल (सहायक प्रोफेसर–केडी), निफ्ट हैदराबाद, जादवपुर विश्वविद्यालय कोलकाता से पीएच.डी. कर रहे हैं।

## सतत शिक्षण

## और अल्पावधि कार्यक्रम

विभाग ऐसे उम्मीदवारों के लाभ के लिए जो हमारे नियमित कार्यक्रमों का हिस्सा बनने में सक्षम नहीं हो सकते, विभिन्न अल्पकालिक कार्यक्रम चलाता है। कार्यक्रमों में लगी हुई हमारे संकाय की विशेषज्ञता बेहद सफल रही है।

- समकालीन जातीय परिधान –डिजाइन एवं विकास (एक वर्ष का कार्यक्रम) – प्रस्तावित, निफ्ट हैदराबाद

- सामान्य परिधान डिजाइन और विकास (महिलाओं के वस्त्र) छह माह का पाठ्यक्रम, निफ्ट हैदराबाद, प्रस्तावित।

- शैक्षणिक वर्ष 2013–14, के लिए फैशन निटवेयर और उत्पादन तकनीक (एफकेपीटी) में प्रस्तावित सीई कार्यक्रम, निफ्ट चेन्नई।

- निफ्ट मुंबई से श्री धनराज सरवासे, रचनात्मक नमूने बनाना (वर्तमान में चल रहा है)

- रचनात्मक फैशन स्टाइलिंग (वर्तमान में चल रहा है) सुश्री तुलिका टंडननिफ्ट मुंबई

## शिल्प क्लस्टर

## पहल

निफ्ट, मुंबई की सुश्री तुलिका टंडन जमीनी कला और शिल्प के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बहुत गंभीरता से लेती हैं। इस निर्देश के साथ निरंतरता में, निटवेयर डिजाइन विभाग केवल एक पाठ्यक्रम आधारित कार्य के रूप में ही नहीं, बल्कि विभिन्न उत्पादों के लिए नैदानिक जानकारी और डिजाइन हस्तक्षेप प्रदान करने के लिए अपना क्लस्टर विकास कार्यक्रम चलाता है। हमारे छात्र कारीगरों कारीगरों के साथ मिलकर काम करते हैं और इस प्रक्रिया में उनके द्वारा सामना किए जाने वाले मुद्दों से अवगत होते हैं। कुछ चल रही क्लस्टर पहलें हैं:

- निफ्ट हैदराबाद के निटवेयर छात्रों ने तीन अलग–अलग समूहों (क्रोसेड लेस पार्क नरसापुर, कालामकरी और ब्लॉक प्रिंटिंग मछलीपट्टनम, इकत पोचमपैल्ली) में अलग–अलग क्लस्टरों का दौरा किया।

- निफ्ट कोलकाता के छात्रों ने शिल्प क्लस्टर के अपने अध्ययन को पूरा करने के लिए को 12 जुलाई से 23 जुलाई 2013 तक बेगमपुर, पश्चिम बंगाल गए और सफलतापूर्वक अपना अध्ययन पूरा किया।

- निफ्ट बंगलौर से 33 छात्रों को क्लस्टर के रेशम प्रसंस्करण और बुनाई उद्योग का अध्ययन करने के रामनगरम जिले के क्राफ्ट क्लस्टर एवं दस्तावेजीकरण के लिए भेजा गया।

- श्री के. अरुल, सहायक प्रोफेसर एवं सीसी और श्री के. नंदा कुमार, सहायक प्रोफेसर, निफ्ट चेन्नई, ने 3 से 13 जून 2014 की अवधि के लिए ''क्राफ्ट रिसर्च प्रलेखन और प्रस्तुति'' के स्थानों के रूप में केरल (भित्ति चित्र और कठपुतली बनाना), असम (बांस, शीतल पाटी, मटका, जूट, इरी रेशम), शिलांग (बांस शिल्प कला), आंध्र प्रदेश (क्रोशेट), तिरुनेलवेली (क्रोशेट) की पहचान की।

- निफ्ट मुंबई के छात्रों ने गोवा और गोवा के हस्तशिल्प पर अपनी क्लस्टर परियोजना पूरी की।

- निफ्ट कन्नूर के छात्रों ने अपने क्लस्टर कार्यक्रम के लिए पांच स्थानों की पहचान की – पूरम शिल्प–त्रिशूर, काष्ठ शिल्प – कुथाट्टुकुलम के पास, त्रिशूर, पत्थर की

पारंपरिक खुदाई – पारावुर, एर्नाकुलम जिले में बेंत और टोकरी बुनाई – त्रिशूर जिले में कोडुंगलूर और पीतल की ढलाई में – कोठामंगलम, एर्नाकुलम जिला।

## स्नातक परियोजनाएं

### स्नातक संग्रह

निटवेयर डिजाइन में प्रत्येक छात्र का अंतिम डिजाइन संग्रह, या स्नातक स्तर की परियोजना प्रदर्शित की जाती है। इस वर्ष के छात्रों को अपनी विशेषज्ञता का प्रदर्शन करने के लिए दो में से एक विकल्प चुनना था। शो का समापन "निटमोदा" के रूप में हुआ जिसे सभी केन्द्रों पर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया था।

- निफ्ट दिल्ली से छात्रों ने स्नातक किया और अपने डीसी/जीपी निटमोदा 2014 के संग्रह को आईजीएनसीए–दिल्ली में प्रदर्शित किया।

- श्री धनराज सरवासे ने श्री राजीव सूद (ऑप्टिटेक्स) के साथ समन्वय किया, जिन्होंने निटमोडा के लिए एक लाख रुपए की राशि प्रायोजित की थी। इस बैच से 26 छात्रों ने सफलतापूर्वक स्नातक किया। उनके अंतिम संग्रह में विस्कोस फिलामेंट यार्न के सबसे अच्छे उपयोग के लिए एक पुरस्कार भी दिया गया था।

- निफ्ट चेन्नई से 25 छात्र स्नातक हुए और एक विषयगत प्रदर्शन और प्रदर्शनी के रूप में अपने डिजाइन संग्रह/स्नातक स्तर की परियोजना का प्रदर्शन किया। सर्वश्रेष्ठ तीन विजेताओं मे चेन्नई ट्रेड सेंटर के फैशन शो 2014 में अपने डीसी/जीपी संग्रह प्रस्तुत किए।

- निफ्ट बंगलौर के अंतिम सत्र के 8 छात्रों ने फैशन शो में अपने डिजाइन संग्रह प्रस्तुत किए जबकि 17 छात्रों ने अपनी स्नातक स्तर का परियोजनाओं को प्रस्तुत किया।

- निटवेयर डिजाइन विभाग, निफ्ट कोलकाता (बैच 2010–2014) के लिए ग्रेजूएसन शो 4 जून 2014 को रॉयल बंगाल हॉल, साल्ट लेक सिटी, कोलकाता में आयोजित किया गया।

- निफ्ट हैदराबाद से 23 छात्रों ने निटमोडा 2014 के भाग के रूप में स्नातक किया।



# फैशन और जीवन–शैली एसेसरी



देश में अपनी तरह के अकेले कार्यक्रम, एसेसरी की डिजाइन ने डिजाइन पद्धति, सामग्री और उत्पादन प्रक्रिया, उपभोक्ता व्यवहार और बाजार की गतिशीलता, प्रवृत्तियों और पूर्वानुमान की व्याख्याओं, व्यवसाय प्रथाओं और परियोजना प्रबंधन में एकीकृत विशेषज्ञता विकसित करने के लिए फैशन और जीवन शैली कीएसेसरी क्षेत्र में सुपरिभाषित पाठ्यक्रम तैयार किया है। इसके मूलमंत्र 'व्यापार के लिए डिजाइन' में छात्र शिक्षा में सबसे सफल औद्योगिक शिक्षा इंटरफेस के साथ एक मजबूत उद्योग उन्मुखीकरण दिखाई देता है।

इस कार्यक्रम को धीरे–धीरे एसेसरी और जीवन शैली उत्पादों, कीमती और सजावटी नकली गहनों, चमड़े के सामान, जूतों, घड़ियों, उपहार की वस्तुओं, खाने की मेज की वस्तुओं, चांदी के बर्तन, क्रिस्टल के बर्तन, कार्यालय के फर्नीचर, उपभोक्ता इंटरफेस की डिजाइन और खुदरा पर्यावरण डिजाइन के पूरे परिदृश्य को संबोधित करने के लिए विकसित किया गया है।

निफ्ट के प्रत्येक कैंपस से अपनी विशेषज्ञता के द्वारा क्षेत्र में राष्ट्रीय नेतृत्व प्रदान करने की अपेक्षा की जाती है। इससे प्रत्येक वर्ग की तीव्रता और विशेषज्ञता की गहराई में वृद्धि होगी और यह विशिष्ट उत्पाद श्रेणी के डिजाइन, प्रबंधन, विपणन और तकनीकी मुद्दों को संबोधित करेगा।

## शोध और आलेख

### राष्ट्रीय मंच

- सुश्री पृथा हुसैन (एसोसिएट प्रोफेसर) एवं सी.पी. –एफ एवं एलए द्वारा 9 जनवरी 2014 पर निफ्ट हैदराबाद में आयोजित फैशन, खुदरा बिक्री और प्रबंधन पर प्रतिबिंब रिफ्लेक्शन के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएफआरएम) में शोधप्रस्तुति एवं प्रकाशन।
- सुश्री पृथा हुसैन (एसोसिएट प्रोफेसर) और सी.पी. – एफ एवं एलए को फैशन फॉरकास्टिंग एट इंडिया डिजाइन फोरम भारत में फैशन पूर्वानुमान मंच) में फैशन पर चर्चा के लिए एशियन पेंट्स कलर फॉरकास्टिंग वक्रशॉप (एशियाई रंग पूर्वानुमान कार्यशाला) की डिजाइन विशेषज्ञ और पैनल सदस्य के रूप में फैशन पूर्वानुमान पर चर्चा के लिए आमंत्रित किया गया।
- श्री कौस्तव सेन गुप्त, एसोसिएट प्रोफेसर एवं सीसी– एफ एवं एलए द्वारा 9 अक्टूबर 2013 को एचईपीसी,

कन्नूर, केरल के लिए विजुअल मर्कैंडाइजिंग कार्यशाला के लिए रुझान और पूर्वानुमान की प्रस्तुति की गयी।

- भारतीय उद्योग एवं केएसएचडीसी के परिसंघ, बेंगलूरू में जून 2013 में जीआई–खिलौना प्रकरण अध्ययन पर एक प्रमुख उत्पाद संरक्षण तकनीक प्रदर्शन किया।

- श्री संजीव कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर का एक लेख 11 और 12 सितंबर 2013 को होने वाली कोलोक्विया/आईएफएफटीआई ''पोषण अनुसंधान कार्यशाला'' के लिए चयनित किया गया है। चयनित विषय है ''अच्छी डिजाइन पर शिक्षण की जरूरतः एक वैकल्पिक दृष्टिकोण''।

- भारतीय उद्योग एवं केएसएचडीसी के परिसंघ में, जून 2013 में बंगलोर में ''व्यापार उत्कृष्टता के लिए एक प्रभावी उपकरण के रूप में जीआई (खिलौनों) का प्रबंधन'' उत्पाद संरक्षण की तकनीकें।

- श्री अनुपम राणा, सीआईसी और एसोसियेट प्रोफेसर का टियारा शीर्षक एक आलेख फैशन की पत्रिका ''फाइबर2फैशन डॉट कॉम में प्रकाशित।

- श्री कौस्तव सेन गुप्त, एसोसिएट प्रोफेसर एवं सीसी–एफ एवं एलए ने पार सांस्कृतिक अध्ययन की एशियाई सोसायटी द्वारा 27.09.13 को पेन्यूर में आयोजित रचनात्मक अपशिष्ट प्रबंधन कार्यशाला में एक शोध प्रस्तुत किया।

- श्री कौस्तव सेन गुप्त, प्रोफेसर एवं सीसी– एफ एवं एलए का आलेख 'इंजीनियरिंग और एमबीए से परे सोचें' ईडीईएक्स, द न्यू इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित।

- हिंदू एजुकेशन प्लस में प्रकाशित आलेख 'द फैशनिस्ट्स'।

- श्री कौस्तव सेन गुप्त, एसोसिएट प्रोफेसर एवं सीसी–एफ एवं एलए टाइटन इंडस्ट्रीज विरोधाभास कक्ष में भारत में सहस्त्राब्दी के युवाओं की एआईओ पर चर्चा और श्वेत पत्र प्रकाशित करने के लिए पैनल में शामिल थे (मई 2013 और फरवरी 2014)।

- श्री कौस्तव सेन गुप्त, एसोसिएट प्रोफेसर एवं सीसी–एफ एवं एलए ने 17.09.13 को बंगलोर में एशियन पेंट्स कलर नेक्स्ट–कलर कान्फ्रेंस में भाग लिया।

- श्री कौस्तव सेन गुप्त, एसोसिएट प्रोफेसर एवं सीसी–एफ एवं एलए द्वारा 9 अक्टूबर 2013 को एचईपीसी, कन्नूर, केरल की विजुअल मर्कैंडाइजिंग कार्यशाला के लिए रुझान और पूर्वानुमान पर प्रस्तुति।

- श्री कौस्तव सेन गुप्त, एसोसिएट प्रोफेसर एवं सीसी–एफ एवं एलए को 18.01.14 को मुंबई में आयोजित इमेज फैशन अवार्ड 2014 में जूरी के सदस्य के रूप में आमंत्रित किया गया।

- श्री कौस्तव सेन गुप्त, एसोसिएट प्रोफेसर एवं सीसी–एफ एवं एलए ने योग्यता फाउंडेशन की विशेष रूप से विकलांग लोगों के लिए आयोजित की जाने वाली डिजाइन विकास परियोजना की कार्यशालाओं की श्रृंखला के एक भाग के रूप में योग्यता फाउंडेशन की कार्यशाला में भाग लिया। निफ्ट द्वारा योग्यता फाउंडेशन के सहयोग से इस कार्यशाला का आयोजन 29.01.14 को चेन्नई, निफ्ट में किया गया।

- श्री कौस्तव सेन गुप्त, एसोसिएट प्रोफेसर एवं सीसी–एफ एवं एलए ने 30.01.2014 को चेन्नई में आयोजित टीएनआई थिंक एडु सम्मेलन में वक्तव्य दिए।

- श्री संजीव कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर को 16 जून से 28 जून के दौरान मेसर्स माक्र इम्पेक्स, मुरादाबाद के साथ संकाय उद्योग अटैचमेंट के लिए मंजूरी दी गई।

- श्री बीराक चलापती, सहायक प्रोफेसर ने 27.09.13 को पेनयूर में पार सांस्कृतिक अध्ययन के एशियाई सोसायटी द्वारा आयोजित रचनात्मक अपशिष्ट प्रबंधन कार्यशाला में भाग लिया।

- श्री बीराक चलापती, सहायक प्रोफेसर ने 04.01.14 से 07.01.14 के दौरान मेसर्स कारवान क्राफ्ट रिटेल प्राइवेट लिमिटेड की परियोजना के लिए बायोरा मध्य प्रदेश का दौरा किया– विभाग कारीगरों को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

- श्री जी चिरंजीवी रेड्डी, एसोसिएट्स प्रोफेसर ने निफ्ट, हैदराबाद में आयोजित इंटरनेशनल कान्फ्रेंस रिफ्लेक्शन (अंतर्राष्ट्रीय परावर्तन सम्मेलन) 2014 में "वर्तमान वास्तविकताएं और भारत में फैशन शिक्षा में उभरते रुझान– स्नातक स्तर से नीचे के कार्यक्रमों पर एक व्यापक अध्ययन" विषय पर शोध की प्रस्तुति में भाग लिया।

- श्री जी चिरंजीवी रेड्डी एसोसिएट्स प्रोफेसर एवं श्री अविनाश रायपल्ली ने निफ्ट, हैदराबाद में आयोजित इंटरनेशनल कान्फ्रेंस रिफ्लेक्शन (अंतर्राष्ट्रीय परावर्तन सम्मेलन) में "पारंपरिक हस्तशिल्प के निर्माण में पर्यावरण अनुकूलता–एक नई संभावना" विषय पर शोध की प्रस्तुति में हिस्सा लिया।

- श्री अविनाश रायपल्ली ने निफ्ट, हैदराबाद में आयोजित इंटरनेशनल कान्फ्रेंस रिफ्लेक्शन (अंतर्राष्ट्रीय परावर्तन सम्मेलन) में "उत्पादन पश्चात वर्ज्य से मूल्य

निर्माण और भारतीय संदर्भ में इसके आयाम" विषय पर शोध की प्रस्तुति में हिस्सा लिया।

## शोध और आलेख

### अंतर्राष्ट्रीय मंच

- श्री संजीव कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर एवं सुश्री अंशु राजवंशी, सहायक प्रोफेसर ने, वैंकूवर, कनाडा में 16 से 18 जनवरी, 2014 के दौरान आयोजित "डिजाइन सिद्धांत और व्यवहारः सामूहिक इंटेलीजेंस के रूप में डिजाइन" पर आठवें अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध प्रस्तुत किया था (शोध का विषय था : संभावनाओं की अवधारणाः डिजाइन के प्रति एक दृष्टिकोण)।

- श्री कौस्तभ सेन गुप्त, एसोसिएट प्रोफेसर एवं सीसी–एफ एवं एलए ने 11 से 13 सितंबर 2013 के दौरान लंदन के फैशन कॉलेज में फैशन संवर्धन पर "रचनात्मक शिक्षण में सामाजिक मीडिया का उपयोग" में शोध परियोजना प्रस्तुति में अपनी प्रस्तुति पेश की।

- श्री कौस्तव सेन गुप्त, एसोसिएट प्रोफेसर एवं सीसी–एफ एवं एलए, निफ्ट, चेन्नई ने रंग पर 8 जुलाई 2013 को न्यूकैसल, इंगलैंड में आयोजित 12वें एआईसी सम्मेलन में (http://aic2013-org/) परचा (रंग भावना एवं श्वेत तथा श्याम की कलर इमेज एसोसिएशनः भारतीय शहरी युवाओं में एक अध्ययन)।

- श्री उथमन एम. के. सहायक प्रोफेसर को भारत में फैशन डिजाइन के आख्यान के इतिहास का विश्लेषणः भारत के पूर्व–आधुनिक केरल राज्य में प्रतिनिधित्व की शक्ति और प्रतिमान के स्थानांतरण का परिप्रेक्ष्य, आईएफएफटीआई–2014, जापान में शोध की प्रस्तुति के लिए चयनित किया गया था।

## आरंभ की गई परियोजनाएं

### सरकार और उद्योग के लिए

- निफ्ट, रायबरेली ने जिला शहरी विकास प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा प्रायोजित 8 सप्ताह के एक कौशल उन्नयन कार्यक्रम को निष्पादित किया और रायबरेली जिले के अनुसूचित जाति के छात्रों को फैशन बुटीक डिजाइन में प्रशिक्षित करने के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम भी सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

- निफ्ट, दिल्ली ने भूतपूर्व राज्यपाल एम. एच. ए. के लिए आईडी कार्ड की एक परियोजना भी शुरू की थी। राज्यपाल गृह मंत्रालय (सुश्री अंशु राजवंशी और श्री शक्ति सागर कातरे)।

- आईपीआर परियोजनाओं के जीआई–फाइलिंग की प्रक्रिया चल रही है। श्री संजीव कुमार, श्री के. मुरुगन, सुश्री अंशु राजवंशी और श्री शक्ति सागर कातरे परियोजना के सह–समन्वयक हैं।

- डॉ यतिन्द्र एल., एसोसिएट प्रोफेसर, एफ एवं एलए, निफ्ट, बेंगलुरू द्वारा जन शिक्षण संगठन जिला केंद्रों (4 केन्द्रों) के संसाधन व्यक्तियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

- निफ्ट, भोपाल के छात्रों और शिक्षकों द्वारा वर्ष 2013–14 में मध्य प्रदेश के सीहोर जिले के बुधनी में रंगी गई लकड़ी में एमपीएचएसवीएन द्वारा प्रायोजित एक शिल्प समूह परियोजना 'सृजन' आरंभ की गई।

- गुजरात राज्य के राष्ट्रीय शिल्प मेलाः गुजरात राज्य हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास निगम लिमिटेड, औद्योगिक विस्तार (आईएनडीईएक्सटी–सी), गुजरात सरकार के लिए राज्य के लिए शिल्प आधारित लेख के लिए रुझान पूर्वानुमान मंडप एवं कार्यशाला' समारोह का आयोजन किया। एफ एवं एलए विभाग ने इस परियोजना के एक हिस्से के रूप में मंडप में छात्रों के काम का एक विशेष प्रदर्शन किया गया।

- महाराष्ट्र वन विभाग, महाराष्ट्र सरकार के कर्मियों के लिए महाराष्ट्र वन वर्दी एवं सहायक उपकरण डिजाइन परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

- कारवां क्राफ्ट रिटेल प्राइवेट लिमिटेड के साथ ''बायोरा, मध्यप्रदेश के कारीगरों के लिए जीवन–शैली उपकरणों में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम'' पर परियोजना। परियोजना समन्वयकः श्री कौस्तभ सेनगुप्त,



एसोसिएट प्रोफेसर एवं सीसी–एफ एवं एलए और श्री बीरका चलपति, एसोसिएट प्रोफेसर– एफ एवं एलए, निफ्ट, चेन्नई।

- 08.01.2014 को तमिलनाडु सरकार द्वारा को–ऑप्टेक्स धोती दिवस फैशन शो आयोजित किया गया था।

## छात्र भागीदारी

## प्रतियोगिताएं एवं पुरस्कार

- छात्रों ने सितंबर 2013 में आयोजित डोरसेट डोर हैंडल डिजाइन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। सुश्री प्रिया चौधरी, विज्ञापन, चतुर्थ सत्र, सुश्री मेल्विन पी जोशी, सातवें सत्र –प्रथम पुरस्कार, श्री मेहताब मलिक, द्वितीय पुरस्कार, श्री पलाश चौधरी, सातवें सत्र – तृतीय पुरस्कार विजेता रहे और सुश्री सुसान नॉबी कुरियन, तृतीय सत्र के छात्र को सांत्वना पुरस्कार मिला।

- निफ्ट कांगड़ा की सुश्री प्रिया ज्योति ने जापान की यात्रा की जो जेनेक्स निफ्ट कांगड़ा द्वारा पूरी तरह से प्रायोजित की गई थी।

- छात्रों ने ''इंट्यूस डिजाइन प्रतियोगिता सितम्बर–अक्टूबर 2013'' में भाग लिया। सुश्री प्रीत सेठी, विज्ञापन, सत्र छह, सुश्री सिमरन बहमानिया, विज्ञापन, सत्र छह और सुश्री मोनिका राय, विज्ञापन, सत्र छह।

- सुश्री दानिया फैसल, विज्ञापन– आठवां सत्र को 7 से 9 मार्च के बीच आयोजित बेंगलुरू सर्विस जनवरी 2014 में भाग लेने के लिए, सर्वश्रेष्ठ सेवा विचार का तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

- एफ एवं एलए के चतुर्थ और छठे सत्र के 7 छात्रों ने अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण व्यवसाय संघ की प्रतियोगिता में भाग लिया था। विज्ञापन, चतुर्थ सत्र की छात्राएं सुश्री आयुषी पटनी और सुश्री वसुंधरा गौड़ नेशनल ज्वैलरी अवार्ड–2014 में विजयी रहीं।

- एफ एवं एलए, निफ्ट बेंगलुरू के 2009 के 13वें बैच के श्री अंशुमान कुमार के पैकेजिंग डिजाइन का कक्षा–कार्य अंतर्राष्ट्रीय पैकेजिंग रुझान पत्रिका में प्रकाशित हुआ है

**छात्र पुरस्कारः**

- सुश्री गुंजन पाठक ने भोपाल में राष्ट्रीय विधि संस्थान विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित खेल समारोह में बैडमिंटन में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।

- छठे सत्र की सुश्री गुंजन ने 2013 में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में आयोजित इंटर कॉलेज बैडमिंटन टूर्नामेंट विरुधका में प्रथम पुरस्कार जीता।

- 2010–2014 बैच के श्री विश्वेस बंडारकर ने 23.5.2014 को निफ्ट हैदराबाद में आयोजित दीक्षांत समारोह में सर्वश्रेष्ठ सीजीपीए पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

- श्री विश्वेस बंडारकर ने 1.10.2013 से 09.10.2013 के दौरान जापान में जेआईसीई (जापान इंटरनेशनल कॉरपोरेशन सेंटर) द्वारा आयोजित जिनेसिस 2.0 सम्मेलन में हिस्सा लिया, जिसे निफ्ट द्वारा प्रायोजित किया गया था।

- एडी–तृतीय सत्र की छात्रा, सुश्री सन्निधि बापना ने निफ्ट, बैंगलूरू में आयोजित कनवर्ज–2013 के समूह नृत्य में रजत पदक जीता था।

- एडी–तृतीय सत्र की छात्रा, सुश्री नूपुर मिश्रा ने निफ्ट, बैंगलूरू में आयोजित किया कनवर्ज– 2013 में 'फोटोग्राफी' में रजत पदक जीता, जिसे साहित्य और ईएसएसई कार्यक्रम का हिस्सा था।

- एडी–सप्तम सत्र (बैचः 2010–14) की छात्रा सुश्री सूरिया थराइल ने 30.09.2013 से 09/10/2013 के दौरान जापान में जेआईसीई (जापान इंटरनेशनल कॉरपोरेशन सेंटर) द्वारा आयोजित जिनेसिस 2.0 सम्मेलन के युवा विनिमय कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

- हाईडिजाईन रीसायकल प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ (निफ्ट शिलांग)।

- एडी–छठे सत्र, निफ्ट गांधीनगर की छात्रा आकांक्षा अनिरुद्ध गोरे, फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (फिट), न्यूयॉक्र द्वारा आयोजित जिनेसिस एफआईटी आभूषण डिजाइन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार और ''प्रशंसकों का पसंदीदा'' पुरस्कार जीता।

- मानसी अकरे और विज्ञापन–छठे सत्र की नियती मेंडापारा ने अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण व्यापार महासंघ, मुंबई द्वारा आयोजित, छात्र पुरस्कार के लिए सर्वश्रेष्ठ आभूषण डिजाइन–पश्चिमी अंचल, ''राष्ट्रीय आभूषण पुरस्कार–2014'' में जीत हासिल की।

- सुश्री पूर्वा कुमारी, एडी दृसातवें सत्र (बैचरू 2010–14) ने डीएलएफ एम्पोरियो डिजाइन पुरस्कार 2013–14 में निर्णायक पुरस्कार और पीपुल्स च्वाइस अवार्ड दोनों में जीत हासिल की। उसका काम वॉग डॉट इन(अवहनमण्पद) और कई अन्य ऑनलाइन प्रकाशनों में प्रकाशित किया गया था।

- एडी–सप्तम सत्र की छात्रा, सुश्री सूरिया थराइल ने जेआईसीई (जापान इंटरनेशनल कॉरपोरेशन सेंटर) द्वारा आयोजित जिनेसिस 2.0 सम्मेलन के युवा विनिमय कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

- सुश्री सुसान नॉबी कुरियन ने डोरसेट डोर हैंडल 2013 डिजाइन प्रतियोगिता में निफ्ट के सभी केंद्रों में एफ एवं एलए छात्रों के लिए सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

## अन्तर्राष्ट्रीय संबद्धता

### विनिमय और युग्मन (ट्यूनिंग) कार्यक्रम

- सुश्री अपूर्व गोयल, निफ्ट दिल्ली, बैच 2011–2015 को एफआईटी, न्यूयॉक्र में एक साल यानी सत्र 5 एवं 6 के लिए और सुश्री तरिणी गोयल, सत्र–छह, बैच 2011–14 को के लिए चयनित किया गया है अन्तर्राष्ट्रीय विनिमय अवसर, क्यूयूटी, ब्रिस्बेन, ऑस्ट्रेलिया में ड्यूल डिग्री प्रोग्राम के लिए चयनित किया गया है।

- सुश्री निनॉन कर्सबर्गन सैक्सियन विश्वविद्यालय, नीदरलैंड से एक विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत निफ्ट बेंगलुरू से एडी– सत्र पांच (सत्रः जुलाई–दिसंबर 2013) पूरा करने के लिए आई थी।

- सुश्री साधु वासवी, छह महीने के युग्मन कार्यक्रम के लिए ऑस्ट्रेलिया के क्वींस लैंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में गई थी। (निफ्ट हैदराबाद)।

- एफआईटी, न्यूयॉक्र के विभिन्न आवेदकों में से वर्ष 2014–15 सत्र के विनिमय कार्यक्रम में निफ्ट, भोपाल की सुश्री सृष्टि विनोद कुम्भरे का चयन किया गया है।

- निफ्ट गांधीनगर की विज्ञापन–पांचवें सत्र की छात्रा सुश्री आकांक्षा अनिरुद्ध गोर फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (फिट), संयुक्त राज्य अमेरिका में अध्ययन कर रही है।

- एडी–तृतीय सत्र की सुश्री कृष्णन वर्षा को विनिमय कार्यक्रम में क्वींसलैंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया के लिए चुना गया है।

- सुश्री सुसान नोबी कुरियन, निफ्ट, चेन्नई को विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत, ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में जनवरी–जून 2014 सत्र के लिए चुना गया था।

## प्राध्यापकों की भागीदारी

## यात्राएं और सहभागिता

- छात्रों के साथ–साथ सभी संकाय सदस्यों ने व्यापार मेले, उपहार और हस्तशिल्प मेला, नोएडा, सूरजकुंड मेले का दौरा किया।

- 9 जनवरी 2014 को फिक्की और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा द्वारा होटल आईटीसी गार्डेनिया, रेजीडेंसी रोड, बैंगलूरू में आयोजित भारत के अभिनव विकास कार्यक्रम पर डॉ. यतिन्द्र एल, एसोसिएट प्रोफेसर, एफ एवं एलए ने इंटरएक्टिव प्रस्तुति पेश की।

- 22 जनवरी, 2014 को विकास आयुक्त (एच), विक्टोरिया रोड, बैंगलूरू के कार्यालय में आयोजित प्रशिक्षकों और मास्टर शिल्पकारों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. यतिन्द्र एल. एसोसियेट प्रोफेसर, एफ एवं एल ने ''कलात्मक बर्तन शिल्प'' के कारीगरों के लिए ''पैकेजिंग तकनीक'' विषय पर व्याख्यान दिया।

- 24 जनवरी 20114 को विकास आयुक्त के कार्यालय (एच), विक्टोरिया रोड, बैंगलूरू में आयोजित प्रशिक्षकों और मास्टर शिल्पकारों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान भकलात्मक बर्तनों का शिल्प के कारीगरों के लिए ''कलात्मक बर्तनों के शिल्प में डिजाइन पहलू'' सुश्री शिप्रा रॉय, सहायक प्रोफेसर एवं केंद्र समन्वयक, एवं श्री गिरिनाथ जी, सहायक प्रोफेसर, एफ एवं एलए ने विषय पर व्याख्यान दिया।

- ऐसेसरी डिजाइन के संकाय ने ''नेल्ली रोजी समूह'' द्वारा आयोजित पूर्वानुमान और रुझान प्रस्तुति में भाग लिया।

- श्री जी. चिरंजीवी रेड्डी, एसोसिएट प्रोफेसर एनआईएमएसएमई, यूसुफगुदा, हैदराबाद में 17 अप्रैल 2013 को आयोजित दो दिन की क्षेत्रीय स्तर एएचवीवाई व्यू कार्यशाला में ''हस्तशिल्प वस्तुओं की विशेष प्रासंगिकता सहित उत्पाद डिजाइन और प्रौद्योगिकी के विकास'' विषय पर एक विशेषज्ञ प्रस्तुति दी।

- श्री जी चिरंजीवी रेड्डी, एसोसिएट प्रोफेसर ने डीडी 8 टेलीविजन, हैदराबाद में एक कैरियर के दिशा निर्देशों के रूप में एक लाइव प्रोग्राम दिया।

- श्री जी चिरंजीवी रेड्डी एसोसिएट प्रोफेसर एमएनआर जूनियर कॉलेज केपीएचबी, हैदराबाद ने ''तनाव मुक्त शिक्षा'' पर एक विशेषज्ञ प्रस्तुति दी।

- प्रो आर लक्ष्मी रेड्डी ने 8 से 17 मार्च 2013 तक महिला कलाकारों द्वारा आयोजित एक कला प्रदर्शनी – महिलाओं का हृदय, में भाग लिया।

- प्रदर्शनी के लिए श्री अविनाश रायपल्ली ने नई दिल्ली में 8 से 16 फरवरी के दौरान आयोजित व्यापार मेला– 2014 की यात्रा की।

- होटल मैरियट, भोपाल में 29 नवंबर 2013 को फिक्की द्वारा आयोजित मिलेनियम एलायंस, प्रेरणादायक नवाचार पर संगोष्ठी में समाधानों को साझा किया गया।

- प्रशासन अकादमी, भोपाल में 24 और 25 जनवरी 2014 को बांस प्रबंधन में सर्वोत्तम प्रथाओं की खोज पर राष्ट्रीय बांस कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का आयोजन वन विभाग, मध्य प्रदेश राज्य बांस मिशन और राष्ट्रीय बांस मिशन, नई दिल्ली द्वारा किया गया था।

- 11 जनवरी 2014 पर छात्रों और संकायों ने बिट्टन ग्राउंड, भोपाल में भास्कर समूह द्वारा आयोजित पुस्तक मेले की यात्रा की।

- 26 जनवरी 2014 को छात्र और संकायों ने भोपाल हाट, भोपाल में बांस मेले की यात्रा की।

- विज्ञापन छठे सत्र के छात्रों के साथ असिस्टेंट प्रोफेसर श्री सुनील कुमार ने फरवरी 2014 में जयपुर के प्रमुख आभूषण उद्योगों जैसे आम्रपाली, डेरावाला विश्व आभूषण और वैभव जेम्स का दौरा किया।

- श्री सुनील कुमार, सहायक प्रोफेसर ने बांस मेले, भोपाल का दौरा किया।

## संकाय प्रशिक्षण

## कार्यशालाएं और प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण

- डॉ यतिन्द्र एल, एसोसिएट प्रोफेसर एवं सुश्री शिप्रा रॉय, सहायक प्रोफेसर एवं केंद्र समन्वयक, एफ एवं एल ने अभिनव और बौद्धिक संपदा पर 13 और 14 फरवरी 2014 को होटल जेएस में आयोजित आईपीआर शिखर सम्मेलन ''व्यावसायिक सफलता के लिए अभिनव और आईपीआर इंटरफेसिंग'' में भाग लिया।

# शैक्षणिक विभाग

## *फैशन और जीवन–शैली एसेसरी*

- सुश्री रुम्पा रेशमी मुंशी, सहायक प्रोफेसर, एफ एवं एल ने 18 से 20 सितंबर 2013 को डिजाइन के राष्ट्रीय संस्थान अहमदाबाद में आयोजित ''कर्मचारी परिस्थति विज्ञान और उपयोगकर्ता केंद्रित डिजाइन'' में भाग लिया।

- श्री जी. चिरंजीवी रेड्डी, एसोसियेट प्रोफेसर तकनीकी अध्ययन पर हैदराबाद में प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण का संचालन कर रहे हैं।

- श्री शक्ति सागर कतरे ने मुंबई निफ्ट में प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (डिजाइन पर विचार– 3 दिन) भाग लिया।

- श्री के. मुरुगन ने 16 से 19 जुलाई 2013 को निफ्ट हैदराबाद में प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (तकनीकी अध्ययन) का संचालन किया।

- श्री दोरजी वांग्डी, एसोसिएट प्रोफेसर ने ब्रिज प्रोग्रामः उत्तर पूर्व में डिजाइन शिक्षाः के लिए ब्रिज प्रोग्राम शोध पत्र में नामांकन कराया।

- सुश्री शेरिंग डोलकर, सहायक प्रोफेसर ने ने ब्रिज प्रोग्रामः शिलांग में फैशन पर संस्कृति और बाजार का प्रभाव के लिए ब्रिज प्रोग्राम शोध पत्र में नामांकन कराया

- श्री आशीष कैथवास ने तकनीकी अध्ययन– द्वितीय, ऑटोकैड ''आईपीआर के तथ्यों को जानता है'' के लिए प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण में भाग लिया। उन्होंने नोडल अधिकारी के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रणाली के प्रशिक्षण में भी भाग लिया।

- संकाय सदस्यों ने विजुअल मर्कैंडाइजिंग और तकनीकी अध्ययन पर प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण में भाग लिया।

- केंद्र ने कौशल निर्माण, शैक्षणिक उपकरणों के सुदृढ़ीकरण और निफ्ट के सभी केंद्रों में सामग्री के मानकीकरण के उद्देश्य से ग्रीष्मकालीन अवकाश में कई विषयों पर प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण की चार कार्यशालाओं का आयोजन किया। ''ई–कॉमर्स'', ''उन्नत प्रस्तुति तकनीक'', ''ऑटो कैड'' और ''पैटर्न बनाने'' के विषय क्षेत्रों में कार्यशालाएं आयोजित की गई। विज्ञापन के संकाय सदस्यों को इन प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण की कार्यशालाओं से गुजरना पड़ा ।

- ईबीएससीओ और प्रोक्वेस्ट के प्रतिनिधियों द्वारा संकायों और छात्रों को ऑनलाइन डेटाबेस संचायकों (एक्युमुलेटरों) की विशाल गुंजाइश और उपयोग से परिचित कराने के लिए एक दो दिवसीय सूचनात्मक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

- 26 और 27 दिसंबर 2013 को श्री अभिषेक शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर एवं सीसी–विज्ञापन, श्री अनुपम राणा सीआईसी व एसोसिएट प्रोफेसर, श्री रंजीत कुमार सहायक प्रोफेसर ने संगोष्ठी, प्रस्तुति और संचार कौशल पर पर प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण की कार्यशाला में भाग लिया।

- श्री अभिषेक शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर एवं सीसी–विज्ञापन, श्री अनुपम राणा, सीआईसी व एसोसिएट प्रोफेसर श्री सुनील कुमार, सहायक प्रोफेसर ने 31 जनवरी 2014 को शिक्षा, अखंडता, आगामी चुनौतियों और इसे उच्च स्तर तक ले जाने पर चर्चा करने के लिए एनआईडी के संकाय सदस्यों के साथ एक इंटरैक्टिव सत्र में भाग लिया।

- श्री अभिषेक शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर एवं सीसी–विज्ञापन, श्री अनुपम राणा, सीआईसी व एसोसिएट प्रोफेसर ने 10.2.2014 को निफ्ट–एनआईडी के सहयोगात्मक प्रयासों के तहत डिजाइन शिक्षकों के एक समूह के लिए की गई एक प्रस्तुति में भाग लिया।

- श्री अभिषेक शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर एवं सीसी–विज्ञापन, श्री अनुपम राणा, सीआईसी व एसोसिएट प्रोफेसर, श्री रंजीत कुमार, सहायक प्रोफेसर, श्री सुनील कुमार, सहायक प्रोफेसर ने 07 से 18 फरवरी के दौरान छात्रों और संकाय द्वारा सामना की जाने वाली मालवेयर कार्यों और आईटी से संबंधित अन्य समस्याओं से संरक्षण पर सुश्री इसाकियामल, कंप्यूटर इंजीनियर द्वारा एक प्रस्तुति में हिस्सा लिया।

- श्री अभिषेक शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर एवं सीसी–विज्ञापन, श्री अनुपम राणा, सीआईसी एवं एसोसिएट प्रोफेसर श्री रंजीत कुमार, सहायक प्रोफेसर श्री सुनील कुमार, सहायक प्रोफेसर ने 19 मार्च 2014 को फ्रांसीसी फैशन डिजाइनर श्री ताओरे मोसी द्वारा संचालित एक इंटरैक्टिव सत्र में भाग लिया जिसमें विज्ञापन के छात्रों और



संकाय अन्तर्राष्ट्रीय फैशन विचारों और सोच से अवगत कराया गया।

## संगोष्ठियां और कार्यशालाएं

### पूर्व छात्रों और उद्योग द्वारा

- फैन्सी स्टार्ट डायमण्डस दुबई की ज्वैलरी डिजाइनर सह प्रबंधक, सुश्री ईशा प्रिया सिंह ने स्काइप के माध्यम से विज्ञापन के छात्रों के लिए एक ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया। प्रसिद्ध उद्योग विशेषज्ञ सुश्री कमल कपूर ने संस्थान (निफ्ट रायबरेली) के अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए सॉफ्ट स्किल्स पर एक कार्यशाला का आयोजन किया।

- सुश्री सूची माथुर ने निफ्ट रायबरेली के विज्ञापन के छात्रों के लिए डिजाइन और प्रारूप विकास पर एक कार्यशाला का आयोजन किया।

- निफ्ट के 1999 बैच की भूतपूर्व छात्रा, आभूषण विशेषज्ञ, सुश्री परिधी साही (निफ्ट दिल्ली) द्वारा रुझान और फैशन पूर्वानुमान पर संगोष्ठी आयोजित की गई।

- श्री जीएन शेख, प्रबंध निदेशक, रुबिकन को अगस्त 2014 में चमड़े के सामान की डिजाइन पर विशेषज्ञ व्याख्यान देने के लिए निफ्ट बेंगलुरू में आमंत्रित किया गया था।

- बैग सैम्पलिंग मास्टर, श्री सुकुमार को, अगस्त 2014 में पैटर्न बनाने, सिलाई और बैग के निर्माण में विशेषज्ञ ज्ञान देने के लिए निफ्ट बेंगलुरू में आमंत्रित किया गया।

- श्री पुष्पांजलि कुमार, व्यवसाय विकास अधिकारी, इंटुस को अगस्त 2014 में निफ्ट बेंगलुरू में ऑनलाइन डिजाइन सामाजिक वाणिज्य विकास पर व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया गया।

- 19 सितंबर, 2013 को निफ्ट बेंगलुरू के विज्ञापन के पाँचवें सत्र के छात्रों के लिए, सेंटर फॉर नॉलेज स्टडीज (सीकेएस) के साथ एक कलर नेक्स्ट 2014 क्रिएटिव स्टूडियो कार्यशाला आयोजित की गई।

- श्री मनोज ठंडसेरी, सह–संस्थापक और श्री विनोद इब्राहीम, सह संस्थापक, क्युरियोसिटी लर्निंग सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने, निफ्ट बेंगलुरू में, अक्टूबर 2014 में विज्ञापन के चतुर्थ और छठे सत्र के छात्रों के लिए शिक्षा व खिलौने के क्षेत्र में डिजाइन हस्तक्षेप पर एक प्रस्तुति की।

- सुश्री रश्मि बी.वी., एनिमेटर को निफ्ट बेंगलुरू में, नवंबर 2014 में विज्ञापन के पांचवें सत्र के छात्रों के लिए 3 डीएस मैक्स वर्ग के बारे में विशेषज्ञ व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया गया।

- सुश्री शमा पवार, संस्थापक किस्किन्दा ट्रस्ट, ऐनेगुंडी

# शैक्षणिक विभाग

## *फैशन और जीवन–शैली एसेसरी*

को 6 फरवरी 2014 को निफ्ट बेंगलुरू के विज्ञापन के चतुर्थ और छठे सत्र के छात्रों के लिए शिल्प के संस्थानीकरण पर विशेषज्ञ वक्तव्य देने के लिए आमंत्रित किया गया।

- सुश्री अरुणिमा भौमिक, डिजाइन हेड, गंजाम ने लिए 26 फरवरी 2014 को निफ्ट बेंगलुरू के विज्ञापन के छठे सत्र के छात्रों के लिए प्रस्तुति तकनीक पर कार्यशाला का आयोजन किया।

- नोकिया में वरिष्ठ यूएक्स डिजाइनर सुश्री शमा रसेल द्वारा 6 फरवरी 2014 को निफ्ट बेंगलुरू के चतुर्थ और छठवें सत्र के छात्रों के लिए नृवंशविज्ञान और उपयोगकर्ता शोध अध्ययन आयोजित किया गया।

- श्री आर. रमेश कुमार आईएएस कार्यकारी निदेशक, चमड़े के निर्यात की परिषद ने श्री दोरजी वांग्डी, एसोसिएट प्रोफेसर, चमड़ा निर्यात की परिषद के साथ निफ्ट शिलांग, द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला का संचालन किया।

- श्री तपन नंदी, क्षेत्रीय अध्यक्ष (पूर्व) चमड़ा निर्यात परिषद इस अवसर पर वक्ता थे। कार्यशाला में चमड़े के उत्पादकों, स्थानीय कारीगरों और विभाग के छात्रों (निफ्ट शिलांग) ने भाग लिया।

- 28 अप्रैल, 2014 को श्री शैलेश कुमार तिवारी (निफ्ट के पूर्व छात्र, अतिथि संकाय निफ्ट बेंगलूर) और उनकी सहयोगी निफ्ट शिलांग की पहले बैच की भूतपूर्व छात्रा द्वारा मिस हुआंगपी रानी गोगोई, निफ्ट, शिलांग में ज्ञानवर्धक रचनात्मकता कार्यशाला नामक एक कार्यशाला आयोजित की गई।

- तुर्की में कादिर हास विश्वविद्यालय के संकाय श्री सेरकन ने निफ्ट, शिलांग में अतिथि के रूप में औद्योगिक उत्पाद डिजाइन विभाग के साथ "डिजाइन अभ्यास और डिजाइन प्रणाली की समझ पर एक अतिथि व्याख्यान दिया था।

- मानसिक स्वास्थ्य और शारीरिक स्वास्थ्य की कला पर निफ्ट भोपाल में एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को उनके दैनिक काम के दबाव से राहत दिलाना और अपनी गतिविधियों का एक व्यवस्थित तरीके से आयोजन करना सिखाना था।

- श्री जी चिरंजीवी रेड्डी द्वारा निफ्ट भोपाल में "फैशन शिक्षा के समेकता के महत्वपूर्ण पहलू पर संकाय संगोष्ठी आयोजित की गई।

- पांडिचेरी से मास्टर शिल्पकार (राष्ट्रीय व राज्य पुरस्कार प्राप्त) श्री वीकेमुनुसामी द्वारा क्ले मॉडलिंग में कार्यशाला का आयोजन किया गया और 05.08.13 एवं 06.08.13 को एडी–तृतीय सत्र के छात्रों के लिए सामग्री में हेरफेर विषय पर श्री बीराका चलापथी, सहायक प्रोफेसर, निफ्ट चेन्नई द्वारा परामर्श प्रदान किया गया।

- पांडिचेरी से मास्टर शिल्पकार (राष्ट्रीय व राज्य पुरस्कार प्राप्त) श्री वीकेमुनुसामी द्वारा कागज की लुगदी में कार्यशाला का आयोजन किया गया और 21.08.13 एवं 22.08.13 को विज्ञापन–तृतीय सत्र के छात्रों के लिए सामग्री में हेरफेर विषय पर श्री बीराका चलापथी, सहायक प्रोफेसर, निफ्ट चेन्नई द्वारा परामर्श प्रदान किया गया।

- 27 एवं 28 नवंबर 2013 को एनआईडी के वरिष्ठ डिजाइनर श्री एम.पी. मनोहर द्वारा एक्रिलिक कार्यशाला का संचालन किया गया और "सामग्री में हेरफेर" विषय पर श्री बीराका चलापथी, सहायक प्रोफेसर, निफ्ट चेन्नई द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया।

- वरिष्ठ कलाकार एवं राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त, श्री आर बालसुब्रमण्यन द्वारा एडी–चतुर्थ सत्र के छात्रों के लिए 17.02.14 और 18.02.14 को धातु नक्काशी कार्यशाला आयोजित की जाएगी और इसे श्री बीराका चलापथी, सहायक प्रोफेसर, निफ्ट चेन्नई द्वारा आयोजित किया जाएगा।

- निफ्ट चेन्नई ने मेसर्स पाल प्लस इंटरनेशनल (चीन के अन्तर्राष्ट्रीय डिजाइनर) टाडा, ए. पी. के साथ नरम खिलौनों की डिजाइन पर कार्यशाला का संचालन करने की योजना बनाई।

- निफ्ट चेन्नई ने पाठ्यक्रम के अनुसार/सिरेमिक ग्लास ब्लोइंग और मेटल कास्टिंग पर कार्यशालाओं का

संचालन करने की योजना बनाई।

- श्री बीराका चलापथी, सहायक प्रोफेसर, निफ्ट चेन्नई द्वारा तकनीकी अध्ययन–। के विषय के लिए प्लास्टिक प्रौद्योगिकी के केन्द्रीय संस्थानों का दौरा किया गया।

- श्री बीराका चलापथी, सहायक प्रोफेसर, निफ्ट चेन्नई द्वारा तकनीकी अध्ययन–। के विषय के लिए एन्नोर ढलाई कारखानों का दौरा किया गया।

- एक भूतपूर्व छात्र श्री अभिषेक आनंद द्वारा वीएम और बिक्री पर असर पर कार्यशाला आयोजित की गई।

- श्री भरत जैन, सहायक प्रोफेसर (एफडी), श्री अभिषेक शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर एवं सीसी–एडी, निफ्ट, गांधीनगर ने 4 अक्टूबर 2013 को डिजाइन प्रबंधन विषय के लिए, डिजाइन क्लीनिक स्कीम को समझने और ऊष्मायन केंद्र के साथ एक सत्र के लिए एनआईडी पलडी का परस्पर सक्रिय दौरा किया।

- सुश्री सुमिता अग्रवाल, सहायक प्रोफेसर (टीडी), श्री अभिषेक शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर एवं सीसी–एडी, निफ्ट गांधीनगर ने 12 फरवरी 2014 को ''पीसीडीटी : व्यावसायिक संचार और प्रलेखन तकनीक'' विषय के लिए ले–आउट डिजाइन और प्रलेखन के लिए ग्राफिक डिजाइन सॉफ्टवेयर ''एडोब इनडिजाइन'' का उपयोग करने पर विशेषज्ञ कार्यशाला में भाग लिया।

- श्री अभिषेक शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर एवं सीसी–एडी, निफ्ट गांधीनगर, श्री अनुपम राणा, सीआईसी व एसोसिएट प्रोफेसर, निफ्ट गांधीनगर, श्री रंजीत कुमार, सहायक प्रोफेसर, निफ्ट गांधीनगर ने 15 और 16 फरवरी 2014 को एसडीएसी गतिविधि (स्पेक्ट्रम–2014) – संकाय समन्वय परिदृश्य क्लब गतिविधि में पहली बार फोटो बूथ और खाना पकाने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

- श्री अभिषेक शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर एवं सीसी–एडी, निफ्ट, गांधीनगर ने छात्रों को राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय डिजाइन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए 03 फरवरी 2014 को एक परस्पर सक्रिय विचार–विमर्श सत्र आयोजित किया।

- श्री अभिषेक शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर एवं सीसी–एडी, निफ्ट गांधीनगर ने 5 फरवरी 2014 को बुनियादी ढांचा, मशीन और विज्ञापन विभाग की कार्यशाला में एक परस्पर सक्रिय विचार–विमर्श सत्र आयोजित किया।

- श्री अभिषेक शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर एवं सीसी–एडी, निफ्ट गांधीनगर और सुश्री सोनिया अग्रवाल, व्हाइटनाइफ की संस्थापक और सीईओ को सहयोगी उपकरण डिजाइन विभाग के छात्रों के साथ ''व्हाइटनाइफ'' ब्रांड की प्रेरणादायक कहानी को साझा करने के लिए एक परस्पर सक्रिय सत्र का संचालन करने और 7 मार्च 2014 को ''एक अनूठा ब्रांड स्थापित करने के लिए प्रेरणा का एक स्रोत के रूप में नई सामग्री और तरीकों की खोज'' विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित करने के लिए आमंत्रित किया गया।

**पहल एवं समझौता ज्ञापन**

- एनआईडी के साथ निफ्ट के समझौता ज्ञापन ने प्रमुख संस्थाओं के सदस्यों के बीच समन्वय के लिए नए रास्ते खोल दिये हैं। दोनों संस्थानों में विशेषज्ञ सत्र निर्धारित किए गए जहां एनआईडी और निफ्ट से वरिष्ठ संकायों को छात्रों के साथ बातचीत करने और अपने ज्ञान और विशेषज्ञता को साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया। (निफ्ट गांधीनगर)।

- एफ एवं एलए विभाग के संकाय एनआईडी निफ्ट गांधीनगर की एक संयुक्त पहल डिजाइन शिक्षकों के मंच, का हिस्सा बना।

- विज्ञापन संकाय ने श्री प्रद्युम्न व्यास, निदेशक एनआईडी द्वारा संचालित डिजाइन मुद्दों और अवधारणाओं पर केंद्रित एक विशेष सत्र में भाग लिया, किया।

- श्री भाविन कोठारी, एसोसिएट वरिष्ठ संकाय, एनआईडी को निफ्ट गांधीनगर के विज्ञापन छठे सत्र के छात्रों के साथ अग्रिम पेशेवर प्रथाओं पर एक परस्पर सक्रिय सत्र का संचालन करने के लिए आमंत्रित किया गया था।

## पीएच.डी.

## आरंभ और पूर्ण

- श्रीमती आर. लक्ष्मी रेड्डी हैदराबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय से पीएचडी कर रही हैं (सत्र के अंत तक प्रस्तुत की जानी है – यह मूर्ति विज्ञान और कला में सौंदर्यशास्त्र पर है)।

- सुश्री पृथा हुसैन, एसोसिएट प्रोफेसर ने जून 2014 से दक्षिण एशियाई विश्वविद्यालय, दिल्ली में पीएचडी आरंभ की है।

# *फैशन और जीवन–शैली एसेसरी*

- श्री संजीव कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर – 26.03.2014 से मेवाड़ विश्वविद्यालय में पीएचडी कर रहे हैं।

- श्री कौस्तभ सेनगुप्त, एसोसिएट प्रोफेसर राष्ट्रीय फैशन टैक्नॉलाजी संस्थान में फैशन और सामाजिक मनोविज्ञान के क्षेत्र में पीएच.डी. कर रहे हैं।

- सुश्री रुम्पा रेशमी मुंशी, सहायक प्रोफेसर, एफ एवं एलए ने जुलाई 2011 से निफ्ट में पीएचडी शुरू की है।

- श्री शक्ति सागर कातरे, सहायक प्रोफेसर, 26.03.2014 से मेवाड़ विश्वविद्यालय में अपनी पीएचडी कर रहे हैं।

## छात्र भागीदारी

### पाठ्येतर

- 25 फरवरी 2014 को निफ्ट, दिल्ली में निफ्ट स्पेक्ट्रम के दौरान आयोजित फैशन शो में सर्वश्रेष्ठ विभाग पुरस्कार – मंच उपस्थिति।

- निफ्ट, दिल्ली ने 30 मार्च 2014 को भारत के निर्वाचन आयोग के लिए, सेंट्रल पाक्र, कनॉट प्लेस में सफलतापूर्वक एक रैंप शो आयोजित किया।

- सुश्री दानिया फैसल, एफ एवं एलए विभाग, निफ्ट, बेंगलुरू–सातवें सत्र ने एशिया एवं अन्तर्राष्ट्रीय संबंध हार्वर्ड परियोजना, दुबई के लिए, हार्वर्ड बिजनेस स्कूल द्वारा 23 अगस्त 2014 को जेडब्ल्यू मैरियट होटल, दुबई में आयोजित सम्मेलन में शोध प्रस्तुत किया और कार्यशाला में भाग लिया।

- विश्वेश बंडारकर ने 1.10.2013 से 09.10.2013 के दौरान जीआईसीआई (जापान इंटरनेशनल कॉर्पोरेशन सेंटर) द्वारा आयोजित जिनेसिस 2.0 सम्मेलन में भाग लिया, उन्हें निफ्ट हैदराबाद द्वारा प्रायोजित किया गया।

- सातवें सत्र के छात्रों ने एक कॉलेज की पत्रिका निकालने का विचार किया और सितंबर 2013 में शिलांग प्रेस क्लब के अध्यक्ष, श्री डेविड लाइतफलांग की उपस्थिति में इसका उद्घाटन करने के लिए सामूहिक रूप से उस पर काम किया। प्रत्येक छात्र की शिलांग यात्रा और डिजाइन के पेशे में यात्रा को सूचित करने के लिए पत्रिका का नाम 'यात्रा' रखा गया था।

- सातवें सत्र के छात्रों ने जैव विविधता अनुसंधान एवं विकास केन्द्र, ऊपरी शिलांग, कृषि निदेशालय, मेघालय सरकार द्वारा आयोजित एक कार्यशाला में भी भाग लिया।

- निफ्ट, शिलांग के ऐसेसरी डिजाइन विभाग के चतुर्थ सत्र के छात्रों ने गणतंत्र दिवस समारोह के लिए एक नाव बनाने में भाग लिया।

- निफ्ट, शिलांग के एफ एवं एलए विभाग के छठे सत्र के छात्रों ने, पुलिस बाजार में अपशिष्ट निपटान और सफाई के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया और स्थापनाएं बनाईं।

- छात्रों ने बड़ी संख्या में स्पेक्ट्रम–14 व कनवर्ज में भागीदारी की। छठे सत्र के श्री रवाला सुंदर करुणा कुमार ने कनवर्ज 2013, निफ्ट भोपाल में शतरंज प्रतियोगिता में तृतीय पुरस्कार जीता।

- छठे सत्र की सुश्री गुंजन पाठक, निफ्ट भोपाल ने 2013 में नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में आयोजित इंटर कॉलेज बैडमिंटन प्रतियोगिता –विरुधका में प्रथम पुरस्कार जीता।

## सतत् शिक्षा

### और अल्पावधि कार्यक्रम

- श्री कश्मीर मुरुगन और श्री संजीव कुमार द्वारा रचनात्मक 3डी मॉडल बनाने पर एक महीने का पाठ्यक्रम।

- श्री संजीव कुमार और श्री के मुरुगन द्वारा सजावटी (नकली) गहने बनाने पर तीन महीने का पाठ्यक्रम।

- श्री शक्ति सागर कातरे, सहायक प्रोफेसर एवं श्री संजीव कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर द्वारा रचनात्मक फैशन ड्राइंग बनाने पर तीन महीने का पाठ्यक्रम।

- श्री शक्ति सागर कातरे, सहायक प्रोफेसर एवं श्री संजीव कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर द्वारा उच्च फैशन बैग बनाने पर तीन महीने का पाठ्यक्रम।



## शिल्प समूह

### पहल

- पाठ्यक्रम के एक भाग के रूप में, निफ्ट रायबरेली के एफ एवं एलए विभाग के पांचवें सत्र के छात्रों ने बेंत और बांस शिल्प समूह का अध्ययन करने के लिए बरेली का दौरा किया।

- समूह के सर्वेक्षण में छात्रों के नियत समूह ने प्राप्त निष्कर्षों को एक दस्तावेज में संकलित किया जिसे एक बाहरी जूरी विशेषज्ञों के पैनल के सामने पेश किया गया था। प्रस्तुति में निफ्ट, रायबरेली भी छात्रों द्वारा परंपरागत तकनीकों का उपयोग करके विकसित और पुनररत्पादित अभिनव उत्पादों का प्रदर्शन भी शामिल था।

- शिल्प कौशल को समझने और नए उत्पादों के विकास के लिए निफ्ट, दिल्ली के पांचवें सत्र के छात्रों द्वारा पिलखुआ, उत्तर प्रदेश में में शिल्प समूह और शिल्प आधारित डिजाइन परियोजना आयोजित की गई।

- निफ्ट संकाय और छात्रों ने निफ्ट बेंगलुरू के विज्ञापन विभाग के छठे सत्र के छात्रों के लिए चन्नापटना समूह में डिजाइन विकास कार्यशाला आयोजित की।

- बैचः 2012–2016 के छात्रों द्वारा खिलौने, निर्मल, लाह की चूड़ी– हैदराबाद, पीतल शिल्प – पेमराथी, चांदी के महीन धागों –करीमनगर के क्षेत्रों में शिल्प आधारित डिजाइन परियोजना का आयोजन किया जाएगा।

- एफ एवं एलए विभाग ने त्रिपुरा बांस मिशन के सहयोग से एक परियोजना शुरू की। 21 छात्रों ने त्रिपुरा के विभिन्न जिलों में विभिन्न बांस समूहों की यात्रा की और शिल्प कार्य का एक नैदानिक सर्वेक्षण किया और विशेष रूप से क्षेत्र में डिजाइन विकास के अवसरों के साथ उन्हें एक दस्तावेज में संकलित किया।

- निफ्ट गांधीनगर दस्तावेजीकरण और संस्थान के छात्रों द्वारा समर्पित क्षेत्रीय यात्राओं और अनुसंधान के साथ गुजरात के विभिन्न शिल्पों के लिए डिजाइन हस्तक्षेप प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सहायक उपकरण डिजाइन विभाग के 30 छात्रों ने निम्नलिछित छह शिल्प समूहों :गोमेद पत्थर, मनके के कार्य, तांबे की कोटिंग वाली घंटी, टेराकोटा, पत्थर पर नक्काशी और लकड़ी के पाटे में डिजाइन विकास कार्यशालाएं आयोजित करने के खंभात, वडोदरा, कच्छ (जुरा), पाटन, कोटेश्वर (अंबाजी) और जसदन (राजकोट) का दौरा किया। विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) द्वारा छह डिजाइन विकास कार्यशालाओं को प्रायोजित किया गया था।

## उद्योग से संबंध

### दौरे और छात्र इंटर्नशिप

- एफ एवं एलए विभाग के बैच 2010–2014 के छात्रों ने अपने छठे सत्र में, डिजाइन कं, मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश), टाटा औद्योगिक लिमिटेड (मध्य प्रदेश) स्टोनमैन

# *फैशन और जीवन–शैली एसेसरी*

क्राफ्ट, आगरा जैसी कंपनियों में 8 सप्ताह की उद्योग इंटर्नशिप को सफलतापूर्वक पूरा किया।

- एफ एवं एलए विभाग के छात्रों ने बहुमूल्य व्यावहारिक समझ हासिल करने के लिए विभिन्न औद्योगिक इकाइयों अर्थात् धातु हस्तशिल्प सेवा केंद्र मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश), डिजाइन कं मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश), पूजा ग्लास वक्र प्राइवेट लिमिटेड फिरोजाबाद (उत्तर प्रदेश), संगमरमर की खुदाई और जड़ाई के काम के लिए स्टोनमैन क्राफ्ट और रसोई और बाथरूम के सामान, चमड़ा के उपकरण, दिल्ली और हस्तशिल्प एवं उपहार मेला, दिल्ली आदि का दौरा किया है।

- श्री संजीव कुमार और श्री के मुरुगन के साथ छठे सत्र के छात्रों ने मेसर्स माक्र इंपेक्स, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश के उद्योगों का दौरा किया।

- सहायक उपकरण डिजाइन विभाग के छात्रों ने फरवरी 2014 में आम्रपाली, डेरेवाला विश्व आभूषण और वैभव जेम्स जैसे जयपुर के प्रमुख आभूषण उद्योगों का दौरा किया।

- दिल्ली के एफ एवं एलए विभाग के चतुर्थ सत्र के छात्रों ने हरियाणा राज्य, भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला, प्रगति मैदान, दिल्ली और सूरजकुंड मेले की यात्रा की।

- नेक्स्ट, माही फैशन ज्वैलरी, हितैशी के.के., क्ले क्राफ्ट, अग्रवाल ज्वेलर्स, आर. आर. इंडस्ट्रीज, एडब्ल्यूके स्टीलवेयर्स, इनलाइन स्टूडियो, भारतीय उद्योग जगत, टाटा खुदरा उद्यम, अवेकनॉक्स, वीनस भारत जैसे प्रमुख ब्रांडों में छात्रों को उद्योग इंटर्नशिप दी/देने की पेशकश की गई है।

- छात्रों को औद्योगिक यात्रा के लिए मेसर्स अपाइन लेदर्स ले जाया गया।

- श्री अभिषेक शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर एवं सीसी–विज्ञापन, निफ्ट, गांधीनगर ने ''फार्म स्टडीज'' विषय के लिए, श्री नीलेश कुमार, सहायक प्रोफेसर (टीडी) ने ''फोटोग्राफी'' विषय के लिए 11 अक्टूबर 2013 को कमला नेहरू प्राणी उद्यान, कांकरिया, अहमदाबाद का दौरा किया।

- श्री रंजीत कुमार, सहायक प्रोफेसर (विज्ञापन), निफ्ट, गांधीनगर ने ''इंटरफेस डिजाइन उपभोग'' विषय के लिए 15 अक्टूबर 2013 को अल्फा वन मॉल, अहमदाबाद का दौरा किया।

- श्री सुनील कुमार, सहायक प्रोफेसर (विज्ञापन), निफ्ट, गांधीनगर ने ''शिल्प आधारित डिजाइन परियोजना'' विषय के लिए 17 अक्टूबर 2013 को वडोदरा और खंभात का दौरा किया।

- श्री सुनील कुमार, सहायक प्रोफेसर (विज्ञापन), निफ्ट, गांधीनगर ने ''शिल्प आधारित डिजाइन परियोजना''विषय के लिए 19 अक्टूबर 2013 को पाटन और कोटेश्वर का दौरा किया।

- श्री सुनील कुमार, सहायक प्रोफेसर (विज्ञापन), निफ्ट, गांधीनगर ''शिल्प आधारित डिजाइन परियोजना'' विषय के लिए 21 अक्टूबर 2013 को जसदान (राजकोट) का दौरा किया।

- श्री सुनील कुमार, सहायक प्रोफेसर (विज्ञापन), निफ्ट, गांधीनगर ने ''शिल्प आधारित डिजाइन परियोजना'' विषय के लिए 24 अक्टूबर 2013 को जुरा (कच्छ) का दौरा किया।

- निफ्ट, गांधीनगर के विज्ञापन विभाग के पांचवें सत्र के छात्रों ने ''शिल्प आधारित डिजाइन परियोजना''विषय के लिए 27 नवम्बर से 11 दिसम्बर, 2013 तक वडोदरा, खंभात, पाटन, कोटेश्वर, जसदान (राजकोट) और जुरा (कच्छ) का दौरा किया।

- श्री अनुपम राणा, सीआईसी व एसोसिएट प्रोफेसर, निफ्ट, गांधीनगर और श्री अभिषेक शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर एवं सीसी–एडी निफ्ट गांधीनगर ने 2 दिसंबर, 2013 को मोती शिल्प समूह, बड़ौदा के लिए वडोदरा का दौरा किया।

- श्री अनुपम राणा, सीआईसी व एसोसिएट प्रोफेसर निफ्ट गांधीनगर और श्री अभिषेक शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर एवं सीसी–एडी, निफ्ट, गांधीनगर ने 3 दिसम्बर 2013 को गोमेद समूह, खंभात के लिए खंभात का दौरा किया।

- श्री अभिषेक शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर एवं

सीसी–एडी, निफ्ट–गांधीनगर ने 11 जनवरी 2014 को भुज, कच्छ गुजरात में ओपन हाउस सत्र का दौरा किया।

- श्री सुनील कुमार, सहायक प्रोफेसर, निफ्ट–गांधीनगर और छात्रों ने 25 से 27 फरवरी 2014 तक विषय के तकनीकी अध्ययन–। के बारे में जयपुर में उद्योग का दौरा किया।

- श्री अभिषेक शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर एवं सीसी–एडी, निफ्ट–गांधीनगर ने 26 फरवरी 2014 को छात्रों के साथ ''राष्ट्रीय क्राफ्ट मेला–2014, अहमदाबाद के शिल्प आधारित लेख के लिए रुझान पूर्वानुमान मंडप'' को देखने गए।

## स्नातक घटनाएं

## स्नातक परियोजनाएं

- निफ्ट–रायबरेली के एफ एवं एलए विभाग के 2010–14 बैच के 27 छात्रों ने सृजना सिग्नेचर ज्वेलरी, फैशन क्लब ग्लोबल–दिल्ली, के2इंडिया–नई दिल्ली, कोहली इंटरकांटिनेंटल एक्सप्लोर ऑफ फैशन ज्वेलरीज, एसेसरीज,गिफ्ट एंड हैंडीक्राफ्ट–दिल्ली, संगीता एंटरप्राइज पैशन फॉर फैशन नई दिल्ली, फ्यूम डिजाइन्स– बेंगलुरु,एबीसी लेदर्स–हरियाणा, डिजाइन कॉन्सेप्ट, क्रिएटिव स्टूडियो नई दिल्ली, सेहजिम्पेक्स–नई दिल्ली, अर्दन सिम्फनी डिजाइन स्टूडियो–बंगलौर, संजीव कहली–जोधपुर, डीजाइन–नई दिल्ली, द एसेसरी मीरा महादेविया हैंडीक्राफ्ट बैग–मुंबई,फिलामिंगो डिजाइन स्टूडियो, नई दिल्ली, न ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड– राजस्थान, रचना रेड्डी एसेसरी–बंगलौर, आम्रपाली डिजाइन स्टूडियो–जयपुर, नवरतन एंटरप्राइजेज –नई दिल्ली, कनवर्ज–।, स्टूडियो–नई दिल्ली, डेरेवाला–जयपुर केज ज्वेल्स प्राइवेट लिमिटेड–नोएडा (उत्तर प्रदेश), जेमको डिजाइन–जयपुर, ए क्यूब इंक डिजाइन स्टूडियो–अहमदाबाद के विभिन्न उद्योगों में अपने स्नातक स्तर की परियोजनाओं को पूरा किया है।

- एफ एवं एलए दिल्ली के 2010–14 बैच के 33 छात्रों ने उद्योग में उत्पादों के दो संग्रह दिए हैं और अपने शोध और उत्पादों के विकास के घटनाक्रम को दस्तावेज के रूप में विभाग को प्रस्तुत किया है।

- विभिन्न उद्योगों के साथ एक सक्रिय संपक्र ने निफ्ट बेंगलुरू के सभी छात्रों के लिए प्रायोजित स्नातक परियोजनाएं सुनिश्चित कीं। ये परियोजनाएं केवल छात्रों के लिए ही फायदेमंद नहीं रहीं बल्कि इनसे उद्योगों को भी नए उत्पाद निर्देश मिले। सभी परियोजनाओं पर प्रायोजकों से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली है और उन्होंने भविष्य में परियोजनाओं को जारी रखने में रुचि दिखाई। कई छात्र अपने कैरियर के लिए उन उद्योगों या संबद्ध क्षेत्रों में शामिल हो गए जहां उन्होंने परियोजना पूरी की थी।

- निफ्ट, हैदराबाद के कुल 25 छात्रों ने आभूषण, आंतरिक उत्पादों, बैग, फर्नीचर जैसे विभिन्न उद्योगों में अपनी स्नातक परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

- निफ्ट शिलांग के एफ एवं एलए विभाग के 20 छात्र स्नातक हुए हैं। प्रायोजित करने वाले उद्योगों में तनिष्क, शॉपर्स स्टॉप, वुडलैंड, ब्लूस्टोन ऑनलाइन ज्वेलरी, हेमंत और नंदिता, गिफ्टइज, न्यू लेदर बेल्ट कंपनी, टेंगराइन फुटवीयर, अपोलो लेदर्स, अकिवा टैक्नॉलाजी, रंगसूत्र, राबिया लेदर, सत्यानी फाइन ज्वेल्स, पल्लवी दूदेजा ज्वेलरी, क्यूरियोसिटी आदि शामिल थे। उपरोक्त 10 कंपनियों ने उनके साथ स्नातक परियोजना कर रहे हमारे छात्रों को पहले से ही नियुक्ति प्रदान कर दी है। बाकी के 10 छात्र नियुक्ति के लिए बैठेंगे।

- जीपी नियुक्ति निफ्ट भोपाल के लिए कंपनियों की सूचीः टाइटन इंडस्ट्रीज लिमिटेड, सिल्वर इंपिरियम, संगीता चूड़ीवाला, पैरालेक्स डिजाइन स्टूडियो, रुबाबू ट्वायज, इसियो चेमिड्स, आम्रपाली कारपोरेट ऑफिस, डिजाइनर मैगपाई इंटरनेशनल लिमिटेड, ड्रीम फैक्टरी प्रा. लिमिटेड, वरनम प्रा. लिमिटेड, माटी डिजाइन, एसेसरीज बाइ नुपुर, इंडस क्रीड लाइफस्टाइल मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड, डोरसेट इंडिया, सैमसोनाइट साउथ एशिया प्राइवेट लिमिटेड, मेटल टेक डिजाइन प्रा. लिमिटेड, जयनिता एक्सपोर्ट्स प्रा. लिमिटेड, अमानोरा टाऊन सेंटर, आर आर इंडस्ट्रीज, पिंक सिटी जुयेल हाउस प्रा. लिमिटेड, माही फैशन ज्वैलरी, क्रिएटिव फंक्शनल आर्ट, संभव जेम्स प्रा. लिमिटेड, स्मार्ट प्लस डिया, द्वारका जेम्स लिमिटेड, सी2सी (पी) लिमिटेड, सिल्वर एम्पोरियम, बेनेटन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, टाटा इंटरनेशनल, बोथरा इंटरनेशनल, कुसे, खादिम्स, रुबाबू ट्वायज इत्यादि।

- पूर्व नियुक्ति प्रस्तावरू जीपी के लिए गए छात्रों में से 50 प्रतिशत से अधिक को पूर्व नियुक्ति प्रस्ताव मिला है।

- निफ्ट चेन्नई ने अगस्त, 2013 से नया एफ एवं एलए विभाग शुरू कर दिया है और उनका स्नातक स्तर का कोई परियोजना बैच नहीं था।

- निफ्ट, गांधीनगर के एफ एवं एलए और टैक्सटाइल डिजाइन विभागों के संकाय और छात्रों ने निफ्ट–गांधीनगर परिसर में सुलेमानी पत्थर कारीगर, ब्लॉक बनाने, ब्लॉक प्रिंटिंग, कढ़ाई, बंधेज के कारीगरों के लिए डिजाइन संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया जिसे इंडेक्स्ट–सी, गुजरात सरकार द्वारा प्रायोजित किया गया।

- निफ्ट–गांधीनगर ने फरवरी 2014 में गुजरात सरकार

द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिल्प प्रदर्शनी में भाग लिया और प्रवृत्तियां और पूर्वानुमान मंडप बनाया। परियोजना को गरवी, गुजरात द्वारा प्रायोजित किया गया।

- निफ्ट, चेन्नई ने मंदिर पिपली का नैदानिक अध्ययन किया जो एक विलुप्त कला है।

- निफ्ट, चेन्नई, टेक्सटाइल डिजाइन विभाग के शिक्षकों और छात्रों ने हथकरघा बुनकरों के लिए 500 साड़ी डिजाइन तैयार किए।

- परियोजना को हथकरघा निदेशालय, तमिलनाडु द्वारा प्रायोजित किया गया।

- कांचीपुरम और पांडिचेरी में एम एफ एम के छात्रों द्वारा थिरुमलपुर हथकरघा उत्पादों, कांचीपुरम, तमिलनाडु के लिए बाजार सर्वेक्षण आयोजित किया गया। उन्होंने अरिगनर अन्ना सिल्क बुनकर सोसायटी, वरधाराजन सिल्क बुनकर सोसायटी, कामाची अम्मान सिल्क बुनकर सोसायटी, पल्लव सिल्क बुनकर समाज और ओम शक्ति ललित कला, पांडिचेरी का अध्ययन किया। इस साल कई छात्रों ने शिल्प समूहों में अपनी स्नातक परियोजनाएं आरंभ कीं।

- निफ्ट, कोलकाता से नबोमिता दास ने शांतिपुर हैंडलूम क्लस्टर में काम किया और साड़ी डिजाइन की। उसका मुख्य जोर एक परिधान लाइन के लिए सूक्ष्म रंग में समकालीन रूप में पारंपरिक जेकार्ड के रूपांकनों के आधुनिकीकरण के लिए था। घर के लिए, गंवई टोन में, हथकरघा बुनाई में एक और संग्रह बनाया गया था।

- निफ्ट, कोलकाता से संपूर्ण दास ने पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में परेशनाथपुर सहकारी बुनकर सोसायटी के साथ काम किया द्वारा परिधान में बदलने के लिए साड़ी डिजाइन और पिपली और कपड़े के अस्तर की स्क्रैप सामग्री का उपयोग किया।

- निफ्ट कोलकाता से पौलमी दास ने पुलिया हैंडलूम क्लस्टर में काम किया और एक गृहसज्जा संग्रह के डिजाइन प्रस्तुत किए। मैक्रेम गांठ और विभिन्न अन्य बुनियादी गांठों के संयोजन के साथ एक और संग्रह डिजाइन किया गया।

- निफ्ट चेन्नई में, टेक्सटाइल डिजाइन विभाग में तीन छात्रों को स्नातक स्तर की पढ़ाई की परियोजनाओं को मत्स्य शिल्प, मुंबई के एक संगठन और भागलपुर, बिहार और उपासना डिजाइन स्टूडियो, ऑरोविले से एक दूसरे संगठन द्वारा प्रायोजित किया गया।

- टेक्सटाइल सेक्टर अभिनव परिषद (टीएसआईएनसी) की दूसरी बैठक 1 अगस्त 2013 को उद्योग भवन में आयोजित की गई। टेक्सटाइल सचिव ने बैठक की अध्यक्षता की जिसे महानिदेशक–निफ्ट द्वारा सदस्य सचिव के रूप में समन्वित किया गया। डीसी (हथकरघा), डीसी (हस्तशिल्प), आपीसीएच, द्वारा किए गए थे एचएचईसी, सीसीआईसी, सीसीआईसी और एनआईटीआरए, डब्ल्यूआरए, एसएएसएमआईआरए, बीआईटीआरए, एसआईटीआरए, टेक्सप्रोसिल जैसे अनुसंधान संगठनों द्वारा प्रस्तुतियां पेश की गईं। निफ्ट ने डिजाइन और प्रौद्योगिकी से जुड़े अभिनव वर्ग कक्ष परियोजना पर एक प्रस्तुति पेश की। सचिव (कपड़ा) ने परीक्षण और उत्पादों को लागू करने के लिए डीसी (एचसी), सीसीआईसी, और सेवा के साथ एक अनुवर्ती के लिए छात्र द्वारा निर्देशित प्रयास करने की सराहना की।

- प्रधान कार्यालय में 2 और 3 फरवरी को सीआईसी कार्यशाला का आयोजन किया गया।सभी निफ्ट परिसरों के समूह से संबंधित गतिविधियों पर एक प्रस्तुति बनाई गई जिसमें छात्रों के दौरों, प्रायोजित परियोजनाओं और शिल्प के क्षेत्र के लिए प्रासंगिक स्नातक स्तर की पढ़ाई की परियोजनाओं को शामिल किया गया। पहले दिन के विचार–विमर्श के लिए विषय था 'शिल्प समूह में स्वैच्छिक संगठन की भूमिका'।

- स्वैच्छिक गैर–लाभ संगठनों के प्रतिनिधियों को अतिथि वक्ता के रूप में प्रस्तुतियां करने के लिए आमंत्रित किया गया। उद्देश्य था शिल्प समूहों के विकास में उनके संगठनों द्वारा निभाई गई भूमिका के बारे में पता करना और उनके साथ सहयोगात्मक अभ्यास का पता लगाना।

- नई दिल्ली में स्थित एक गैर–लाभकारी संगठन, अखिल भारतीय कारीगरों के कार्यकारी निदेशक और शिल्प कामगार कल्याण एसोसिएशन (एआईएसीए) की सुश्री अमिता पुरी ने एक प्रस्तुति पेश की। उन्होंने प्रतिभागियों को एआईएसीए की अखिल भारत में उपस्थिति और मुख्य गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उनके उद्देश्यों में



शिल्प श्रमिकों के जीवन स्तर में सुधार लाना और आजीविका के व्यावसायिक रूप से टिकाऊ मॉडल को अपनाने के लिए निर्माता समूहों की मदद करनी, नीति की हिमाकत आदि शामिल हैं।. उन्होंने 'क्राफ्टमार्क' और उत्पादों और कारीगरों की आजीविका के विपणन पर इसके प्रभाव पर सविस्तार चर्चा की।

- सुश्री जया जेटली, स्तकारी हाट समिति के संस्थापक और शिल्प के क्षेत्र में एक कार्यकर्ता ने क्लस्टर के सामान्य दृष्टिकोण के बारे में चर्चा की। उन्होंने अच्छी गुणवत्ता का उत्पादन करने के लिए क्लस्टर दृष्टिकोण पर जोर दिया कि, दैनिक उपयोग की सस्ती सामग्री भी कारीगरों की आजीविका के उन्नयन में समान रूप से प्रभावी है। अपनी बात को उजागर करने के लिए उन्होंने श्रीलंका, वियतनाम और मिस्र के उदाहरण दिए।

- सुश्री शिवानी मोदी, दिल्ली शिल्प परिषद के संयुक्त सचिव (डीसीसी) ने विपणन आउटलेट 'कमला' पर एक प्रस्तुति पेश की।

- सुश्री रितु सेठी, अध्यक्ष शिल्प पुनरुद्धार ट्रस्ट (सीआरटी) ने अपने ऑनलाइन वेब मंच की गतिविधियों को प्रस्तुत किया। सीआरटी शिल्प कारीगरों का एक व्यापक डाटा बेस प्रदान करता है और शिल्प क्षेत्रों,समुदायों और प्रथाओं पर भी मौजूद शोध लेख प्रस्तुत करता है। 'आवाज' शिल्प शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न विचारों, क्लस्टर विकास और सरकार की नीतियों पर लेखन का एक वर्ग है। उन्होंने अपने पाठक को पुरानी किताबों पांडुलिपि, मोनोग्राफ और अभिलेखीय सामग्री को निःशुल्क डाउनलोड उपलब्ध कराने की आगामी सुविधाओं को भी साझा किया।

- इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में दिल्ली शिल्प परिषद द्वारा आयोजित पंचतंत्र की कथा कला और शिल्प, पर एक प्रदर्शनी देखने के लिए एक यात्रा आयोजित की गई थी। सीआईसियों से प्रदर्शन के प्रारूप, सामग्री, कला और प्रदर्शनी के अन्य बेहतर जानकारी पर ध्यान करने का अनुरोध किया गया था। मुख्य उद्देश्य छात्रों को शिल्प क्लस्टर यात्रा के बाद उनके संबंधित कैम्पसों में ऐसी प्रदर्शनियों का आयोजन करने के लिए सीआईसी प्रोत्साहित करना था।

- मंच ने शिल्प प्रलेखन और परियोजना प्रस्तावों के लिए स्वरूपों का मानकीकरण करने के अवसर भी प्रदान किए।

- निफ्ट– दिल्ली के बुने हुए कपड़े के डिजाइन विभाग ने, छात्रों को प्रगति मैदान, नई दिल्ली के शिल्प संग्रहालय में अजरेख– पर एक प्रदर्शनी 'अजरेख के बारे में सब कुछ का प्रलेखन' के दौरान किए गए कार्य का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी जमीनी स्तर पर शिल्प और अध्ययन करने के लिए निफ्ट छात्रों की क्षमताओं और दस्तावेज शिल्प की सराहना करने के लिए छात्रों को जागरूक करने के लिए एक प्रमुख संस्थान के रूप में निफ्ट द्वारा किए गए प्रयासों से संवाद स्थापित करने में सफल रहा।

# निफ्ट
## सूचना प्रौद्योगिकी *पहल*



नई सहस्राब्दी में फैशन पेशेवरों की सफलता के एक सार्थक ढंग से फैशन और सूचना प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने की क्षमता पर टिकी हुई है। दरअसल, निफ्ट में शिक्षाविदों के लिए प्रदान आईटी समर्थन भारत में अन्य सभी फैशन संस्थानों के लिए ईर्ष्या का एक उद्देश्य है।

सूचना प्रौद्योगिकी पहल, पाठ्यक्रम में एकीकृत करने के लिए अन्य विभागों के साथ मिलकर काम करके संस्थान में एक आईटी समर्थित अभिग्रहण का प्रवेश सुनिश्चित करते हैं।

प्रत्येक निफ्ट कैम्पस में अब योग्य और अनुभवी आईटी पेशेवरों के साथ एक स्वतंत्र, पूरी तरह से परिचालन योग्य सूचना प्रौद्योगिकी की सुविधा है। कंप्यूटर लैब अत्याधुनिक हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर से लैस हैं। उनमें सर्वर और वकस्टेशन, पर्सनल कंप्यूटर, प्लोटर्स, डिजिटाइजर, फोटो स्कैनर, व्यापक प्रारूप प्रिंटर, डिजिटल कैमरे लगे हैं। वर्तमान में सभी पंद्रह निफ्ट सेंटर (एनकेएन) नेशनल नॉलेज नेटवर्क से 100एमपीबीएस बैंडविड्थ कनेक्शन के साथ जुड़े हुए हैं।

उदाहरण के लिए सीएडी सॉफ्टवेयर, पैटर्न बनाने, ग्रेडिंग, मार्कर बनाना, बुने हुए कपड़े की डिजाइन, टैक्सटाइल डिजाइन, सहायक डिजाइन और लेआउट बड़े पैमाने पर ग्राफिक्स डिजाइन, एनीमेशन, 2डी, 3डी मॉडलिंग, फोटो इमेजिंग और संपादन, सांख्यिकीय विश्लेषण और बाजार अनुसंधान के अलावा पाठ्यक्रम के हिस्से के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। आरडीबीएमएस, विंडोज प्रोग्रामिंग, मल्टीमीडिया, ईआरपी, उन्नत योजना एवं निर्धारण, सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग जैसे अन्य कंप्यूटर अनुप्रयोग भी प्रौद्योगिकी के छात्रों को निफ्ट में अपने अध्ययन के दौरान विभिन्न प्लेटफार्मों पर सॉफ्टवेयर विकसित करने के लिए सक्षम बनाता है। निफ्ट सभी निफ्ट केन्द्रों में छात्रों के लिए वाई–फाई की सुविधा प्रदान करता है।

निफ्ट ने सेवाओं की दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए निम्नलिखित आईटी प्रक्रियाओं को लागू और सक्रिय किया है।

- छात्रों की उपस्थिति के वास्तविक समय का पता करने के लिए एक कस्टम विकसित वेब आधारित प्रबंधन सूचना प्रणाली, संकाय सदस्यों, छात्रों द्वारा प्रतिक्रिया को ऑनलाइन जमा करना, संकाय सदस्यों और निफ्ट की

अकादमिक और प्रशासनिक कर्मचारियों के प्रोफाइल से प्रतिक्रिया को ऑनलाइन जमा करने के द्वारा असाइनमेंट को ऑनलाइन जमा करना।

- प्रणाली कर्मचारी अनुभव, छात्र की उपस्थिति और छात्र के निशान की रिपोर्ट उत्पन्न करती है।

- प्रणाली, पात्र छात्रों के लिए परीक्षा प्रवेश–पत्र बनाने के लिए छात्रों की उपस्थिति रिकॉर्ड को एकीकृत करता है।

- सतत् शिक्षा (सीई) कार्यक्रम के लिए संभावित आवेदकों का एक कस्टम विकसित वेब आधारित पंजीकरण। भारत भर से संभावित आवेदक घर से ही अलग केन्द्रों द्वारा पाठ्यक्रमों की पेशकश की जानकारी का उपयोग और अपेक्षित जानकारी प्रस्तुत करके ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

- शैक्षिक सत्र 2013 से एक कस्टम विकसित वेब आधारित विकेन्द्रीकृत कम्प्यूटरीकृत परामर्श प्रणाली आरंभ की गई है। छात्रों ने ऑनलाइन काउंसलिंग स्थल चुना है और उनके गृहनगर के पास के किसी भी निफ्ट केन्द्र पर परामर्श के लिए आए हैं। छात्रों ने वास्तविक समय स्थिति में देखकर और योग्यता और उपलब्धता के आधार पर अपने पसंदीदा कोर्स और केंद्र को चुना है। केन्द्रीकृत सीट आवंटन पूर्ण पारदर्शिता के साथ कंप्यूटर आधारित प्रणाली के माध्यम से हुआ।

- छात्रों के लिए एक कस्टम विकसित वेब आधारित कैंपस प्लेसमेंट के समाधान, जहां कैंपस प्लेसमेंट में भाग लेने के लिए अपनी इच्छा व्यक्त करने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। निफ्ट के छात्रों को भर्ती करने के लिए तैयार कंपनियां भी परिसर से सत्यापन के बाद ऑनलाइन पंजीकरण कर सकती हैं। कंपनियांकई मापदंडों के आधार पर छात्रों को देख सकती हैं और व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए आने से पहले चयन कर सकती हैं।

उपरोक्त पहलों के अलावा निफ्ट ने निम्न पहलें भी शुरू की हैं:

15 निफ्ट केंद्रों में कक्षा–कक्ष आधारित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग समाधान के कार्यान्वयन से दूरस्थ केंद्रों पर आभासी कक्षाओं के संचालन के लिए केंद्र। निफ्ट केन्द्रों में अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करने के लिए भी इस सुविधा का प्रयोग किया जा सकता है। निफ्ट ने इसकी खरीद और लागू करने के लिए तकनीकी सलाहकार के रूप में टीसीआईएल को नियुक्त किया है। उसकी खरीद के लिए पहले से ही निविदा मंगाई गई है।

# सतत् शिक्षण *कार्यक्रम*

निफ्ट द्वारा कैम्पसों में प्रस्तावित सतत् शिक्षण कार्यक्रमों की आयोजना स्वयं–अभिप्रेरित व्यवसायियों और महत्वाकांक्षियों को अपने व्यवसायिक संवर्धन हेतु अपने ज्ञान और कौशल के उन्नयन के लिए की गई है।

सतत् शिक्षा कार्यक्रम को उम्मीदवारों को व्यापक विकल्प देने के लिए विशेषज्ञों और निफ्ट के शैक्षिकों ने सामूहिक विचार मंथन करके तैयार किया है। अभिग्रहण परिवेश की संरचना सामाजिक और मानवीय मूल्यों के प्रति आधारभूत सजगता सहित प्रासंगिक, संवादात्मक और अनुभव जन्य अभिग्रहण प्रदान करती है।

फैशन शिक्षण में कीर्तिमान स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध इन पाठ्यक्रमों की उनकी संगतता सुनिश्चित करने हेतु नियमित समीक्षा और आशोधन किया जाता है। वर्ष 2013–14 में आयोजित किए जाने वाले पाठ्यक्रमों की अवधि तीन माह से एक वर्ष है और कार्यक्रम की पूर्णता पर छात्रों को प्रमाण–पत्र दिए जाते हैं।

शैक्षणिक वर्ष 2013 के सतत् शिक्षण कार्यक्रम के सारांश की स्थिति निम्नानुसार हैः

| क्र.स. | केन्द्र | प्रस्तावित सतत् शिक्षा कार्यक्रमों की संख्या | आयोजित कार्यक्रमों की संख्या | अर्जित कुल राजस्व (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बेंगलुरू | 8 | 7 | 28,05,000 |
| 2 | भोपाल | 7 | 0 | 0 |
| 3 | भुवनेश्वर | 2 | 1 | 4,08,450 |
| 4 | चेन्नई | 9 | 2 | 25,79,000 |
| 5 | गांधीनगर | 4 | 2 | 65,32,700 |
| 6 | सूरत (सब सेन्टर गांधीनगर) | 1 | 1 | |
| 7 | हैदराबाद | 8 | 3 | 27,64,000 |
| 8 | जोधपुर | 1 | 1 | 20,000 |
| 9 | कांगड़ा | 0 | 1 | 0 |
| 10 | कन्नूर | 0 | 0 | 0 |
| 11 | कोलकाता | 9 | 2 | 34,13,200 |
| 12 | मुम्बई | 11 | 9 | 1,17,72,500 |
| 13 | नई दिल्ली | 13 | 8 | 1,80,95,850 |
| 14 | पटना | 0 | 0 | 0 |
| 15 | रायबरेली | 1 | 1 | 1,80,000 |
| 16 | शिलांग | 0 | 0 | 0 |
| | कुल | 74 | 34 | 4,85,70,700 |

# *कैंपस* प्लेसमेंट 2014

निफ्ट के छह परिसरों अर्थात् नई दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता, चेन्नई, गांधीनगर में 26 मई, 2014 से 18 जून 2014 के दौरान निफ्ट कैंपस प्लेसमेंट 2014 आयोजित किया गया। कुल 405 कंपनियों ने 1640 रोजगार रिक्तियों की पेशकश को साथ कैंपस प्लेसमेंट के लिए पंजीकरण किया था।

कुल 1720 छात्रों ने रिक्तियों के लिए पंजीकरण कराया था जिनमें से 1355 छात्रों अर्थात् 79 प्रतिशत को नियुक्तियों के विभिन्न माध्यमों जैसे पूर्व–नियुक्ति प्रस्ताव, कैंपस प्लेसमेंट और कैंपस से बाहर नियुक्ति से नियुक्त किया गया।

प्लेसमेंट 2014 का विभागवार विश्लेषण तालिका 1 में दिया गया है: –




स्नातकोत्तर कार्यक्रम के अंतर्गत कैम्पस प्लेसमेंट 2014 के छात्रों के लिए औसत वार्षिक वेतन प्रतिवर्ष 4.10 लाख रुपए है जबकि स्नातक कार्यक्रम के छात्रों का औसत वार्षिक वेतन 3.34 लाख रुपए है।

कैम्पस प्लेसमेंट 2014 के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों से छात्रों द्वारा प्राप्त औसत वार्षिक वेतन को 2013 और 2012 की तुलना में तालिका 2 में दिखाया गया है –

# निफ्ट
## *कैंपस* प्लेसमेंट 2014

तालिका 2: निफ्ट छात्रों का 2012–2014 में कार्यक्रम–वार औसत वेतन




भर्ती करने वाली कंपनियों में डिजाइनर, निर्माता निर्यातक, सलाहकार, खुदरा विक्रेता, फैशन ब्रांड, ई–खुदरा विक्रेता, घरेलू सामान, अन्तर्राष्ट्रीय ब्रांडों के साथ–साथ प्रौद्योगिकी समाधान प्रदाता जैसे विभिन्न क्षेत्रों के नियोक्ता शामिल थे।

कैम्पस प्लेसमेंट 2014 में निफ्ट के छात्रों की भर्ती करने वाली कुछ कंपनियों की वर्णमाला के अनुसार सूची इस प्रकार हैं:

ऐस टर्टल सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड, एसीएमई कॉरपोरेशन, एट्रेस होम डॉटकॉम, अंबाटूर क्लोथिंग प्रा. लिमिटेड, अमृत प्रा. लिमिटेड, अंजलि ट्रेडर्स, अपारेल रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड, अर्चना कोचर, अरविंद लाइफस्टाइल ब्रांड्स लिमिटेड, अरविंद लिमिटेड, एसेंडमकेपीएस, एथेंटीसिटी, अवादत एपेरल्स, एवीएच एसोसिएट्स, बांसवाड़ा इंडस्ट्रीज, बिस्वा बांग्ला, बॉम्बे हाई, ब्रेक बाउंस इंडिया लिमिटेड, ब्रिनिल क्लोथिंग केयरवालेडॉट कॉम, सीएएसए ब्रांड इंडिया, काटसटाऊन फैशन, क्रेव क्लोथिंग कं., क्रिएटिव बी,डक्थोलोन, डेरेवाला इंडस्ट्रीज लिमिटेड, ध्रुव वैश, दिशा लाइफस्टाइल प्रा. लिमिटेड, दिशा रिटेल फिक्स्चर प्राइवेट लिमिटेड, डोरसेट, ड्रिश शूज, अर्नेस्ट ग्रुप, एडकान्स एक्सपोर्ट (पी) लिमिटेड, इलिटीफाई, फैब इंडिया, पर्स्ट स्टेप बेबीवियर प्राइवेट लिमिटेड, फ्रीडम ट्री डिजाइन, फ्रेंच कर्व, फ्यूचर ग्रुप, फ्यूचर लाइफस्टाइल एंड फैशन लिमिटेड, ग्लोबल क्लोथिंग, ग्लोबल एक्सपोर्ट्स कॉरपोरेशन, ग्लोबस स्टोर्स प्राइवेट लिमिटेड, गो गो इंटरनैशनल प्राइवेट लिमिटेड, गोल्डेनसीम टेक्सटाइल प्राइवेट लिमिटेड, हाइडसाइन, होम शॉप 18, आइकोना ब्लेयर, इंपल्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, इंडसमोड, इंकोनिक आईटी सर्विसेज प्रा. लिमिटेड, जे सी फेनासिया एक्सपोर्टस प्राइवेट लिमिटेड, जे जे एक्सपो आईएमपी, जेड ब्लू लाइफस्टाइल इंडिया लिमिटेड, जयनीता एक्सपोर्टस, जोले क्लोथिंग प्राइवेट लिमिटेड (रिटेल–डब्ल्यूएच), जस्ट लिनेन होम फैशन्स, जूट कॉटेज, के मोहन एवं कंपनी एक्सपोर्टस प्रा. लिमिटेड, कासुम इंटरप्राइजेज, काठमांडू अपारेल्स, कलरकोड, कोमुदी डिजाइन स्टुडियो, केएसपी इंडिया, लगुना क्लोथिंग प्रा. लिमिटेड, लाइफस्टाइल इंटरनऐशनल, लाइम रोड, लिटिल वार्डरोब, लोकोमोटिव, एम एवं बी फुटवीयर, लिटिल अलमारी, माम आर्टस, माटी डिजाइन, मदुरा फैशन एंड लाइफस्टाइल, मैलेगा, मुंबई, मंगलम आर्ट, मान्यवर, मार्क्स एंड स्पेंसर, मार्क इंपेक्स, मारुति सुजुकी, मासपार, मीनाबाजार, मेजर ब्रांड्स, एमएलके एक्सपोर्टस (पी) लिमिटेड, मोदी एसोशिएट्स, मोहन क्लोथिंग कंपनी प्रा. लिमिटेड (ब्लैकबेरी), मोनाश, मंडे वेंचर्स प्राइवेट. लि, मुर्नालिन डिजाइनर, मस्ट गारमेंट कॉर्प लिमिटेड, मिन्तरा, नैना जैन, नीरस, निरिमल डाइंग एंड प्रिंटिंग प्राइवेट लिमिटेड, एनएसएल टेक्सटाइल्स लिमिटेड, ओमेगा डिजाइन, सियाराम

लिमिटेड, ओरिएंट क्राफ्ट लिमिटेड, पल्लवी फोले बुटीक ज्वेल्स, पीटल्स, पूर्वी दोषी, राधामणि एक्सपोर्ट्स लिमिटेड, राजदाइंडस्ट्रीज एंड एक्सपोर्ट प्रा. लिमिटेड, रेमंड अपारेल्स लिमिटेड मुंबई, आरबीजेड ट्रेवलर्स प्रा. लिमिटेड, रेडकैसल इवेंट्स प्रा. लिमिटेड, रिलिवेंट ई–साल्युशंस प्रा. लिमिटेड रिलायंस, रिलायंस ब्रांड लि. रिलायंस रिटेल, रूपांतरण कम्यीनिकेशन्स, रोपसोडॉट कॉम, रग्स एंड रिचेज, सब्यसाटी कोट्यूर, समावेश, संस्क्रुत बेबी प्रोडक्ट्स, संतोष ज्वेलर्स, सप्त इनोवेशन डिजाइन एंड कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, सरोज जालान, स्कॉट्स गारमेंट लिमिटेड, शीही एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड, शीतल डिजाइन स्टूडियो, शेफकौज, शॉपर्स स्टॉप, श्यामल एंड भूमिका, सिल्वर पिपुल अबरलाइफ कंसल्टिंग प्राइवेट लि., सियाराम सिल्क प्रा. लिमिटेड, चंचल सोशल मीडिया मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, श्रीप्रिया प्रा. लिमिटेड, स्टूडियो एबीडी डिजाइन सर्विसेज प्रा. लिमिटेड, सुदिती इंडस्ट्रीज लि., टीसीएनएस, टेक्नोपैक एडवाइजर्स, टीनिट्स, तेसोरी फैशन, टेक्सपोर्ट इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड (निट), टेक्सपोर्ट उद्योगों निट, द एडवांटेज रहेजा, सर्कस इंटरटेनमेंट प्रा. लिमिटेड, ईस्ट इंडिया नेचुरल गुड्स कं, द सेपिया लैब (पंकज और निधि), बेरांदा, टाइटन कंपनी लिमिटेड, टॉलीवुड प्रोजेक्ट, ट्रिबू आरजी, ट्राइटन लेदर वर्क्स, टवेंटी टैक्नोलॉजी, ट्विस्ट ओपन इनोवेशन्स, वी मार्ट रिटेल लिमिटेड, वरुण बहल, वजीर एडवाइजर्स वाइल्ड क्राफ्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, एक्सएल एंटरप्राइजेज प्रा लिमिटेड, यशराम लाइफस्टाइल, जेन डिजाइन, जेन डिजाइन सॉल्यूशन्स लिमिटेड, जॉपहॉप डॉट कॉम टेक्सपोर्ट इंडस्ट्रीज– वुमेन,

कैम्पसों में उद्योग और पूर्व छात्रों के मामलों की इकाई द्वारा आयोजित अन्य उल्लेखनीय कार्यक्रमों की मुख्य विशेषताएः

- निफ्ट बेंगलुरु ने कैम्पस अवधि के दौरान मदुरा, डेकाथलॉन, टॉमी हिलफिगर और रिलायंस ट्रेंड्स के साथ उद्योग से बातचीत का आयोजन किया।

- निफ्ट बेंगलुरु कैम्पस में जुलाई 2014 में उन्मुखीकरण कार्यक्रम के दौरान प्रथम सत्र के लिए डेकाथलॉन के सहयोग में एक खेल सत्र का आयोजन किया।

- निफ्ट बेंगलुरु कैम्पस में, 30 व 31 मई को कैम्पस प्लेसमेंट के लिए आई 55 कंपनियों को सुविधा प्रदान की।

- निफ्ट कोलकाता कैम्पस में 19 जनवरी 2013 को सीआईआई के साथ 'फैशन वैश्विक अर्थव्यवस्था में: उभरती चुनौतियों और नई दिशा' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

- विश्वभर के विभिन्न संस्थानों से प्रख्यात वक्ताओं और प्रसिद्ध शिक्षाविदों ने उस दिन विभिन्न मुद्दों पर विचार–विमर्श किया।

- प्रतिभागियों में शामिल विभिन्न उद्योग, संस्थान, अनुसंधान संगठन, प्रमाणन एजेंसियां और छात्र थे।

- क्षेत्रीय उद्योग समन्वयक के साथ निदेशक निफ्ट पटना, सहायक प्रोफेसर विकास कुमार और समन्वयक अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू सम्पर्क, एसोसिएट प्रोफेसर विनायक यशराज ने नीदरलैंड के साथ कारोबार करने पर सीआईआई बिहार अध्याय और नीदरलैंड के दूतावास द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक नेटवर्किंग समारोह में भाग लिया। निदेशक निफ्ट, पटना के साथ बातचीत के दौरान, नीदरलैंड के राजदूत ने निफ्ट पटना से नई दिल्ली में नीदरलैंड दूतावास में शोध प्रदर्शनी के दौरान संग्रह के प्रदर्शन में गहरी रुचि दिखाई। फ्रांस के, कोलकाता वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों ने अगस्त 2013 में फ्रांस और बिहार के संस्थानों के बीच शैक्षिक और शैक्षणिक संबंधों को बढ़ावा के लिए निफ्ट पटना कैम्पस का दौरा किया।

- अधिकारियों ने शैक्षणिक गतिविधियों, पहल और निफ्ट पटना के अन्य संबंधित मुद्दों को समझने में गहरी रुचि प्रदर्शित की और फ्रेंच फैशन संस्थानों और निफ्ट पटना के साथ दीर्घकालिक संबंधों को आरंभ करने की पेशकश की। निफ्ट पटना ने निवर्तमान बैच की विदाई में वक्तव्य देने के लिए प्रसिद्ध पूर्व छात्र श्री शिल्पी शर्मा, उपाध्यक्ष, रिलायंस ब्रांड्स और श्री अनुभव शर्मा, उपाध्यक्ष, उत्पत्ति को आमंत्रित किया।

- श्री अंशुल राजवंश, फैशन डिजाइनर और श्री उपदेश गौतम, अध्यक्ष, पार्क, रेमंड्स, को अभिविन्यास कार्यक्रम 2014 के दौरान अभिविन्यास वार्ता देने के लिए आमंत्रित किया गया।

- निफ्ट जोधपुर कैम्पस ने बीएफ.टेक., एमएफएम और फाउंडेशन प्रोग्राम के छात्रों के लिए जयपुर, दिल्ली, लुधियाना और दमन में दौरे का आयोजन किया।

- छात्रों ने विभिन्न कारखानों बांसवाड़ा वस्त्र, जिनी एंड जॉनी, वर्धमान निसिम्बो, स्पेस फैशन, पारंपरिक कला और गैलरी, क्षीरसागर एक्सपोर्ट्स और माम आर्ट्स का दौरा किया।

- प्रसिद्ध डिजाइनर श्री राघवेंद्र सिंह राठौड़ ने निफ्ट जोधपुर कैम्पस का दौरा किया और छात्रों के साथ बातचीत की।

# निफ्ट
## *कैंपस* प्लेसमेंट 2014

- निफ्ट जोधपुर कैम्पस ने जयपुर में 7 अक्टूबर 2013 को एक पूर्व छात्र मिलन का आयोजन किया। निफ्ट जोधपुर ने 03–06 अक्टूबर को जयपुर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मेले ''वस्त्र'' में भाग लिया।

- निफ्ट, गांधीनगर कैम्पस ने अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए इंटर पर्सनल स्किल/सॉफ्ट कौशल, संप्रेषण और सीवी लेखन कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में प्रस्तुति और शिक्षाविदों और फैशन के क्षेत्र से प्रख्यात उद्योग के विशेषज्ञों से विचार–विमर्श शामिल था। 5 अक्टूबर 2013 को पूर्व छात्र मिलन का आयोजित किया गया जिसमें 101 पूर्व छात्रों ने पंजीकरण कराया और छात्रों से बातचीत की।

प्रतिष्ठित ऑनलाइन रिटेलरों में से एक फिलपकार्ट से, श्री जोय बांडेकर –अध्यक्ष–कारपोरेट मामलों ने फिलपकार्ट उद्योग आकाओं के तहत भारत के विभिन्न समूहों में निफ्ट के डिजाइन, प्रबंधन और प्रौद्योगिकी से छात्रों की नियुक्ति की संभावनाओं के बारे में सभी पाठ्यक्रमों के छात्रों के साथ बातचीत की।

मारुति सुजुकी – एक अग्रणी ऑटोमोबाइल कंपनी ने भर्ती के लिए निफ्ट दिल्ली कैम्पस का दौरा किया।

नियमित अंतराल पर पूर्व छात्रों से बातचीत आयोजित की जाती है और इस वर्ष के दौरान 20 से अधिक पूर्व छात्रों ने विभिन्न विभागों के साथ बातचीत की।

निफ्ट मुंबई ने नवंबर 2013 में स्नातक होने वाले के बैच के लिए खुदरा और ब्रांड कार्यशालाओं का आयोजन किया। फ्यूचर ग्रुप, ट्रेंट लिमिटेड, जिनी एंड जॉनी जैसी कंपनियों ने भाग लिया और निफ्ट, मुंबई से स्नातक होने वाले के बैच के लिए सुश्री साबिरा मर्चेंट द्वारा आयोजित की गई खुदरा व्यापार कैरियर परामर्श और व्यक्तित्व विकास कार्यशाला के विभिन्न मुद्दों पर छात्रों के साथ बातचीत की।

निफ्ट चेन्नई कैम्पस ने निफ्ट चेन्नई सभागार में प्रसिद्ध पूर्व छात्र और निफ्ट चेन्नई के कई विभागों के छात्रें में रचनात्मक बातचीत को बढ़ाने के उद्देश्य से निफ्ट छात्रों के द्वारा एक पहल में ''ज्ञानवर्धक रचनात्मकता'' पर 2 अप्रैल 2014 को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को छह चरणों में विभाजित किया गया थाः

चरण 1 वर्तमान उद्योग के रुझान और उद्योग को डिजाइनरों से उम्मीद,

चरण 2 डिजाइन के क्षेत्र और कैरियर परिप्रेक्ष्य पर विचार–विमार्श,

चरण 3 संगठनात्मक आवश्यकता के अनुसार व्यक्तित्व विकास।

चरण 4 मौजूदा संभावनाओं पर उद्यमिता।

चरण 5 एक प्रभावी पोर्टफोलियो और रिज्यूम कैसे विकसित करें।

चरण 6 रचनात्मकता अन्वेषण दिखाने की प्रतियोगिता।

एडिडास इंडिया मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड के साथ निफ्ट चेन्नई छात्रों की इंटर्नशिप, परियोजना, और प्लेसमेंट सहयोग पर चर्चा करने के लिए 23 जुलाई 2014 को निफ्ट चेन्नई परिसर में एडिडास इंडिया मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड की मानव संसाधन टीम के साथ संकाय उद्योग बातचीत की सुविधा प्रदान की गई।

निफ्ट चेन्नई कैम्पस में श्री शिवाराम, प्रबंध निदेशक, क्लासिक पोलो, तिरुपुर से तिरुपुर के कपड़ा उद्योग और छात्रों के लिए रोजगार के अवसरों बारे में बात की गई।

निफ्ट भुवनेश्वर कैम्पस में नौकरी के साक्षात्कार और समूह चर्चा के लिए छात्रों को तैयार करने के लिए अगस्त 2013 में ''सॉफ्ट कौशल विकास पर कार्यशाला'' एक आयोजन किया।

निफ्ट भोपाल कैम्पस में 19 फरवरी 2014 को शून्य घंटे के दौरान छठे सत्र के छात्रों के लिए एक प्रभावी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

निफ्ट, भोपाल ने कैम्पस में 16–17 मार्च 2014 मार्च विशेषज्ञ डॉ प्रो पंकज खरे, रजिस्ट्रार इग्नू द्वारा प्रस्तुति और संप्रेषण कौशल कार्यशाला आयोजित की गई।

निफ्ट भोपाल कैम्पस में 22 मई 2014 को एमएफएम और टीडी एवं एडी के अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए प्रख्यात वक्ता श्री आदित्य एस राठौर (कैरियर विशेषज्ञ) द्वारा व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए सॉफ्ट कौशल पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

# पीएच.डी और अनुसंधान

पीएच.डी कार्यक्रम। निफ्ट उद्योग के टैक्सटाईल, फैशन, जीवन–शैली और परिधान क्षेत्रों के व्यापक परिप्रेक्ष्य में यथा प्रयुक्त डिजाईन, प्रबंधन और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में पीएच.डी कराता है। कार्यक्रम का प्रयोजन शैक्षणिकों और बहुतायत में उद्योग के प्रयोगार्थ मौलिक ज्ञान सृजित करने हेतु टैक्सटाईल, फैशन और परिधान क्षेत्र में अनुसंधान करना है।

पीएच.डी कार्यक्रम की प्रवेश प्रक्रिया सामान्यतः परिणामों की घोषणा के साथ प्रारंभ होती है और जुलाई माह में पंजीकरण होता है। पीएच.डी कार्यक्रम के प्रवेश की अर्हता योग्यता पीएच.डी की डिग्री हेतु दिशा–निर्देशों में निर्दिष्ट है।

पीएच.डी कार्यक्रम 7 पंजीकृत छात्रों सहित 2009 में प्रारंभ हुआ जिसके बाद 2010 में 10 छात्र, 2011में 4 छात्र, 2012 में 2 छात्र और 2013 में 3 छात्र पंजीकृत हुए। कार्यक्रम की समय–सीमा के संबंध में उम्मीदवार से पर्यवेक्षित अध्ययन पांच वर्षों में पूर्ण करने की अपेक्षा है जिसे महानिदेशक, निफ्ट के विशिष्ट अनुमोदन से अधिकतम सात वर्षों तक बढ़ाया जा सकता है।

राष्ट्रीय फैशन टैक्नालॉजी संस्थान में पीएच.डी छात्रों द्वारा किए जा रहे अनुसंधान अध्ययन

| क्र.स. | छात्र का नाम | निफ्ट केन्द्र | अनुसंधान का विषय |
|---|---|---|---|
| | | **2009–सत्र** | |
| 1 | मोनिका गुप्ता | नई दिल्ली | शरीर के विभिन्न भाग के आकारों हेतु परिरेखा वृद्धि का प्रतिपादन |
| 2 | पवन गोडियावाला | गांधी नगर | दिन की रोशनी में फसल–कटाई उपकरण का विकास |
| 3 | प्रियंका गुप्ता | नई दिल्ली | नर्सों की वर्दी का डिजाईन, विकास और कार्यात्मक परिसज्जन |
| 4 | शालिनी सूद | नई दिल्ली | 'सलवार, कमीज और दुपट्टा' हेतु फैशन चलन का निर्धारकः भारतीय परिप्रेक्ष्य |
| 5 | शिंजू महाजन | नई दिल्ली | नवजात, नन्हें बच्चों और बच्चों के लिए फुटवीयर का डिजाईन और विकास–प्रयोक्ता केन्द्रिक अवधारणा |
| 6 | वर्षा गुप्ता | नई दिल्ली | उत्तर भारत के चिन्हित क्षेत्र में उपभोक्ता टैक्सटाईल अवशिष्ट का पुनः चक्रणःसंपोषणीय विकास हेतु एक एकीकृत मॉडल |
| 7 | वंदना नारंग | नई दिल्ली | ब्लॉक पद्धति प्रयुक्त करते हुए पुरूष परिधान के लिए पैटर्न विकास–एक नवीन अवधारणा |
| | | **2010–सत्र** | |
| 8 | जागृति मिश्रा | गांधी नगर | भारत में विलक्षित ब्रांड का भंडार की विशेषता की तुलना में उपभोक्ता क्रय |
| 9 | कौस्तव सेनगुप्त | चैन्नई | शहरी भारत में युवाओं की परिधान रंग वरीयता और रंग मनोवृत्ति पर मान और जीवन शैली का प्रभावः संपूर्णात्मक विश्लेषण |
| 10 | मालिनी डी | हैदराबाद | दक्षिण भारती के चित्रकारी टैक्सटाईल परंपरा का समसामयिक अभिव्यक्ति और संपोषणीयता–कलमकारी पर एक अध्ययन मामला |
| 11 | मनोज तिवारी | जोधपुर | भारतीय युवाओं के लिए जीन्स आकार चार्ट का मानकीकरण |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12 | सुहैल अनवर | नई दिल्ली | छात्रों के निष्पादन पर सूचना और संप्रेषण प्रौद्योगिकियों का प्रभाव (फैशन डिजाईन में भारत की शिक्षा का मामला) |
| 13 | सुरूचि मित्र | नई दिल्ली | दिल्ली/एनसीआर में मध्यम स्तरीय प्रबंधकों हेतु परिधान निर्माण में संस्थागत निष्पादन पर मानव संसाान पद्धतियों का प्रभाव |
| 14 | वंदना जगलान | बाह्य अनुसंधान छात्र | वेशभूषा डिजाईन की भूमिकाः 1950 से चयनित फिल्मों का अध्ययन |
| 15 | वंदिता सेठ | गांधी नगर | गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र के तंगलिया और एकल ईकत शिल्पों का अध्ययन–संपोषणीय डिजाईन मध्यवर्तन के लिए मॉडल का विकास |
| 16 | विद्या राकेश | रायबरेली | उत्तरी भारत में प्रौढ़ परिपक्व महिलाओं के ऊपरी परिधान के लिए शरीर मापन का मानकीकरण |
| 17 | विकास कुमार | जोधपुर | ब्रॉड प्रोत्साहन में सामाजिक मीडिया की भूमिका–उपयोक्ता निर्णय निर्माण परिप्रेक्ष्य |

**2011–सत्र**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 18 | अंकुर सक्सेना | जोधपुर | दिल्ली/एनसीआर परिधान उद्योग में हरित निर्माण की संभावनाएं |
| 19 | पर्मिता मजूमदार | बाह्य अनुसंधान छात्र | त्रिपुरा की आदिवासी वेशभूषा पर अध्ययन और इसकी कायापलट |
| 20 | रूम्पा रेशमी मुनीश | बैंगलूरू | समसामयिक बाजार हेतु नए उत्पादों के डिजाईन विकास के लिए अनुसंधान–चन्ना पटना चैप्टर |
| 21 | युवराज गर्ग | जोधपुर | पर्यावरणीय अनुकूल वस्त्रों की जागरूकता मापना, उपलब्धता और स्वीकार्यता |

**2012–सत्र**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 22 | प्रेरणा कौशल | बाह्य अनुसंधान छात्र | संपोषणीयता और आपूर्ति श्रृंखला |
| 23 | अमित कुमार अंजनी | निफ्ट–चेन्नई | परिजन निर्माण यूनिटों में वांछित जनशक्ति आपूर्ति और मांग की पूर्ति में व्यवसायिक संस्थानों की भूमिका |

**2013–सत्र**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 24 | श्री अरिन्दम दास | निफ्ट–गांधीनगर | व्यवसायिक डिजाईन शिक्षण में मूल्यांकन प्रणालियों का डिजाईन और ढांचा |
| 25. | श्रीमती पूजा शर्मा | निफ्ट–नई दिल्ली | 'हरित विंडोज' –रिटेलिंग संपोषणीय विज्यूअल मर्चेन्डाइजिंग पद्धतियां |
| 26 | श्री जोमिचन एस. पट्टाथी | निफ्ट–मुम्बई | भारत में फैशन ई–व्यापार की समस्याओं और संभावनाओं पर विश्लेषणात्मक अध्ययन |

**नीति मध्यवर्तनः**

प्रत्येक छात्र के लिए निष्पादन मॉनिटरन करने हेतु पीएच.डी छात्र प्रगति समिति का गठन, संयुक्त पीएच.डी कार्यक्रम और अनुपस्थिति की छुट्टी जैसे प्रावधान करके पीएच.डी के विनियमों को संशोधित किया गया है।

प्रत्येक छात्र के लिए पीएच.डी छात्र प्रगति समिति

पीएच.डी छात्रों के अनुसंधान कार्य भी प्रगति का प्रत्येक सिमेस्टर के अंत में प्रगति रिपोर्टों की प्रस्तुति द्वारा मानिटरन किया गया तथापि, रिपोर्टें समय पर प्रस्तुत नहीं की गईं और रिपोर्टों में अनुसंधान छात्रों की प्रगति प्रभावी रूप से परिलक्षित नहीं हुई। पीएच.डी छात्रों के अनुसंधान कार्य की प्रगति के प्रभावी मॉनीटरन के लिए एसआईएसी–आर की सिफारिशों सहित अनुसंधान इकाई ने प्रत्येक छात्र के लिए पीएच.डी छात्र प्रगति समिति के गठन का प्रस्ताव दिया है।

प्रत्येक छात्र की शैक्षणिक अनुसंधान प्रगति का मॉनीटरन अध्यक्ष(अनुसंधान) की अध्यक्षता में प्रत्येक छात्र के लिए गठित पीएच.डी छात्र प्रगति समिति द्वारा किया जाएगा।

पीएच.डी छात्र प्रगति समिति पीएच.डी छात्र के अनुसंधान कार्य की प्रगति का मॉनीटरन प्रत्येक वर्ष की 30 जून तक अर्थात् प्रत्येक सम सिमेस्टर के अंत में, जब तकवे अपना शोध प्रस्तुत करते हैं आयोजित अनुसंधान प्रगति संगोष्ठी के जरिए प्रतिवर्ष करेगी।

अनुसंधान छात्रों के निष्पादन/प्रगति मॉनीटरन के आशोधन कार्यसूची मद संख्या 1209 द्वारा आयोजित 12वीं एएसी बैठक में अनुमोदित किए गए और पीएच.डी की डिग्री हेतु दिशा–निर्देशों में शामिल किए गए।

**संयुक्त पीएच.डी कार्यक्रमः**

निफ्ट के साथ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित करने वाले अनेक अंतर्राष्ट्रीय साझेदार विश्वविद्यालय संयुक्त पीएच.डी करने हेतु आईएंडडीएल मुख्यालय से संपर्क कर रहे हैं।

अध्यक्ष(अनुसंधान) द्वारा प्रस्तावित बिंदुओं सहित आईएंडडीएल के कार्यालय द्वारा तैयार किया गया निफ्ट की संयुक्त पीएच.डी नीति के मसौदे का महानिदेशक–निफ्ट ने सैद्धान्तिक अनुमोदन कर दिया है। अनुसंधान इकाई ने निफ्ट संयुक्त पीएच.डी नीति 13.12.2013 को आगामी सीनेट/एएसी में कार्यसूची मद के रूप में सहायक कोई सचिव को भेजा।

वित्तीय वर्ष अप्रैल 2013–मार्च 2014 में निफ्ट संकाय सदस्यों द्वारा वित्तीय शोध–पत्र प्रस्तुति की सूचीः

राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में अनुसंधान शोध–पत्र प्रस्तुतिः

| क्र. सं. | संकाय सदस्य का नाम | शोध का शीर्षक | सम्मेलन की तारीख | सम्मेलन स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती रूबी कश्यप सूद<br>एसोसिएट प्रोफेसर<br>निफ्ट–नई दिल्ली | साड़ी, भारत की प्रतिष्ठित पोशाक | 2–6 अप्रैल, 2013 | आईएफएफटीआई वार्षिक सम्मेलन, एफआईडीएम, अमरीका |
| 2 | श्रीमती आशिमा तिवारी<br>सहायक प्रोफेसर<br>निफ्ट–नई दिल्ली<br><br>श्रीमती अमरिता रॉय<br>सहायक प्रोफेसर<br>निफ्ट–नई दिल्ली | सांस्कृतिक प्रतिरूपों को दर्शाने वाले मांगलिक चिन्ह | 2–6 अप्रैल, 2013 | आईएफएफटीआई वार्षिक सम्मेलन, एफआईडीएम, अमरीका |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4 | डॉ. वन्दना भंडारी<br>प्रोफेसर<br>निफ्ट–नई दिल्ली | प्रतिरूपी व्यापार हेतु फैशन की परम्परा | 2–6 अप्रैल, 2013 | आईएफएफटीआई वार्षिक सम्मेलन, एफआईडीएम, अमरीका |
| 5 | श्रीमती जोनाली डी बाजपेयी<br>एसोसिएट प्रोफेसर<br>निफ्ट–बैंगलूरू<br><br>श्रीमती अनुपमा गुप्ता<br>एसोसिएट प्रोफेसर<br>निफ्ट–बंगलौर | भारतीय परिधान निर्माण उद्योग में कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व | 2–6 अप्रैल, 2013 | आईएफएफटीआई वार्षिक सम्मेलन, एफआईडीएम, अमरीका |
| 6 | श्री अमित कुमार अंजनी<br>सहायक प्रोफेसर<br>निफ्ट चेन्नई<br><br>श्री जे. रघुराम<br>एसोसिएट प्रोफेसर<br>निफ्ट–चेन्नई | डाईयों के सकल मिनट अदला–बदली का प्रयोग करते हुए परिधान निर्माण में प्रारंभ करने में समय हानि का कम करने के लिए कार्य–नीति के रूप में ज्ञान प्रबंधन | 2–6 अप्रैल, 2013 | आईएफएफटीआई वार्षिक सम्मेलन, एफआईडीएम, अमरीका |
| 7 | श्रीमती हरलीन साहनी,<br>सहायक प्रोफेसर<br>निफ्ट–गांधी नगर | गूंज–सामाजिक प्रतिबद्धता संरक्षण और पुनर्प्रयोग | 2–6 अप्रैल, 2013 | आईएफएफटीआई वार्षिक सम्मेलन, एफआईडीएम, अमरीका |
| 8 | श्रीमती प्रीति गधावी,<br>सहायक प्रोफेसर<br>निफ्ट–गांधी नगर | बार्बी, बीते कमल, आज और आगामी कल का फैशन प्रतिरूप | 2–6 अप्रैल, 2013 | आईएफएफटीआई वार्षिक सम्मेलन, एफआईडीएम, अमरीका |
| 9 | श्रीमती वंदना नारंग<br>प्रोफेसर<br>निफ्ट–नई दिल्ली | ब्राड और प्रतिरूपः मेट्रो परिधि के परे | 2–6 अप्रैल, 2013 | आईएफएफटीआई वार्षिक सम्मेलन, एफआईडीएम, अमरीका |
| 10 | श्रीमती सुधा ढींगरा,<br>प्रोफेसर<br>निफ्ट–नई दिल्ली | प्रकृति से रंग–आल (मोरिंडा सिट्रीफोलिआ) के साथ संपोषणीय डाइंग की गाथा | 5 अप्रैल, 2013 | स्कूल ऑफ फैशन टैक्नालॉजी, मुम्बई में आयोजित होने वाला |
| 11 | श्रीमती जागृति मिश्रा,<br>सहायक प्रोफेसर<br>निफ्ट–गांधीगनर | भारत में विलासित फैशन हेतु क्रय निर्णय पर भंडार विशेषता का प्रभाव | 12 व 13 अप्रैल–2013 | निरमा विश्वविद्यालय, अहमदाबाद |
| 12 | डॉ. निलांजना बैरागी,<br>सहायक प्रोफेसर<br>निफ्ट–नई दिल्ली | त्रिपुरा की आदिवासी पोशाकः कायापलट प्रमाण | 24–26 मई, 2013 | एशियाई अध्ययन पर ओसाका जापान में होने वाला तृतीय एशियाई सम्मेलन, 2013 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | श्रीमती परमिता मजूमदार<br>सहायक प्रोफेसर<br>निफ्ट–कांगड़ा | | | |
| 13 | डॉ. नेहा सिंह,<br>सहायक प्रोफेसर<br>निफ्ट–नई दिल्ली | सूती कपड़ों पर यूवी लक्षणों पर शुष्क डाई और एलोवीरा के प्रभावी की माडलिंग | 8–12 जुलाई, 2013 | एआईसी 2013, न्यूकैसल अपोन टाइन, इंग्लैंड, यूके में होने वाला |
| 14 | श्रीमती रूही<br>सहायक प्रोफेसर<br>निफ्ट–कोलकाता | राजनीति में फैशनबल कपड़ों और अतिरिक्त उपस्करों की महत्ता | 9 सितम्बर, 2013 | मैन्सफील्ड कॉलेज, ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय |
| 15 | श्री मनीष नांगिया,<br>सहायक प्रोफेसर<br>निफ्ट–नई दिल्ली | नया खुदरा स्टोर खोलते समय एक उद्यमी द्वारा जोखिम उद्यम | 7–10 अगस्त, 2013 | 'आईसीबीटीएस 2013' लंदन विश्वविद्यालय, यूके |
| 16 | डॉ. अर्चना गांधी<br>सहायक प्रोफेसर<br>निफ्ट–नई दिल्ली | परिधान उद्योग में विक्रेता और क्रेता एजेंसियों के बीच ग्रहणबोध फासला | 9–11 अक्तूबर, 2013 | इनसेट सोबेक्स, फ्रांस |
| 17 | डॉ. नूपुर आनन्द<br>प्रोफेसर<br>निफ्ट–नई दिल्ली | उत्पीड़न विरोधी जैकट | 9–11 अक्तूबर, 2013 | इनसेट सोबेक्स, फ्रांस |
| 18 | डॉ. नेहा सिंह<br>सहायक प्रोफेसर<br>निफ्ट–नई दिल्ली | सूर्य संरक्षित धारणीय टैक्सटाईल | 1–2, अक्तूबर, 2013 | मुंबई में आर्चिड होटल में फाईबर, फिनिश, तकनीकी टैक्सटाईल और गैर–बुने में नवाचार पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन |
| 19 | श्रीमती जागृति मिश्रा<br>सहायक प्रोफेसर<br>निफ्ट–गांधीनगर | संपोषणीय विलासिता परिधान के बारे में ग्राहक धारणा | 29 नवंबर–<br>1 दिसम्बर, 2013 | पूत्रा विश्वविद्यालय, मलेशिया |
| 20 | तुलिका महंती<br>सहायक प्रोफेसर<br>निफ्ट–नई दिल्ली<br><br>श्री चन्दर शेखर जोशी<br>सहायक प्रोफेसर<br>नई दिल्ली | हिमाचल क्षेत्र में प्राकृतिक डाइंग के जरिए संपोषणीय जीवनयापन | 29 नवंबर–<br>1 दिसम्बर, 2013 | कुआला लंपूर, मलेशिया |
| 21 | श्रीमती परमिता मजूमदार<br>सहायक प्रोफेसर<br>निफ्ट–कांगड़ा | पारंपरिक टैक्सटाईल और भावुक अनुरागः त्रिपुरा, भारत के आदिवासी समुदाय के पारंपरिक टैक्साटाईल पर अध्ययन | 19–21 दिसम्बर, 2013 | एम.एस.विश्वविद्यालय, बड़ौदा, भारत |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 22 | श्रीमती शिप्रा शर्मा<br>एसोसिएट प्रोफसर<br>निफ्ट–कांगड़ा | चुनिंदा हिमाचल क्षेत्र के आर्थिक –कमजोर वर्ग के कौशल विकास हेतु सामाजिक पहल | 27–31 जनवरी, 2014 | एम्सटर्डम फैशन कोलोकिया, एम्सटर्डम, नीदरलैंड |
| 23 | डॉ. संदीप मुखर्जी<br>एसोसिएट प्रोफसर<br>निफ्ट–कोलकाता | फैशनेबुल टैक्सटाईल और परिधान–फैशन में नवाचार अवधारणा | 27–31 जनवरी, 2014 | बुन्का गाकुएन विश्वविद्यालय, टोक्यो |
| 24 | श्रीमती रेबेका फिलिप,<br>प्रोफेसर एमरिटस<br>निफ्ट–मुम्बई | भारत में फैशन उद्योग और इसके सामाजिक उत्तरदायित्व पार्श्व चिंतनः डोरियों को पुनः डिजाईन करना | 27–31 जनवरी, 2014 | बुन्का गाकुएन विश्वविद्यालय, टोक्यो |
| 25 | श्रीमती विशु अरोड़ा<br>एसोसिएट प्रोफेसर<br>निफ्ट–गांधीनगर | पार्श्व–चिंतनः डोरियों को पुनः डिजाईन करना | 16–18 जनवरी, 2014 | वानकोयूवर, कनाड़ा |
| 26 | श्रीमती विभावरी कुमार<br>एसोसिएट प्रोफेसर<br>निफ्ट–बंगलौर | रंग मानसिकता का फैशन में आनन्द गुणक | 27–31 जनवरी, 2014 | बुन्का गाकुएन विश्वविद्यालय, टोक्यो |
| 27 | अंशू राजवंशी<br>सहायक प्रोफेसर<br>निफ्ट–नई दिल्ली | संभावनाओं की अवधारणाएंः डिजाईन की अवधारणा | 16–18 जनवरी, 2014 | वानकोयूवर, कनाड़ा |
| 28 | श्रीमती सीमा कुमार<br>सहायक प्रोफेसर<br>निफ्ट–चेन्नई | रोगियों और स्वस्थ के लिए रंग और कपड़े | 9–11 जनवरी, 2014 | रिफ्लैक्शन 2014–निफ्ट, हैदराबाद |
| 29 | श्रीमती दिव्या सत्यान<br>एसोसिएट प्रोफेसर<br>निफ्ट–चेन्नई | परिधान में मूल्य–वर्धन–एकसमान मूल्य–वर्धित प्रक्रिया प्रभावित करने वाले कारकों का अध्ययन आधारित मामला | 9–11 जनवरी, 2014 | रिफ्लैक्शन 2014–निफ्ट, हैदराबाद |
| 30 | श्रीमती कविता सलुजा<br>प्रोफेसर<br>निफ्ट–बैंगलूरू | आनन्द के लिए फैशन की शक्ति | 27–31 जनवरी, 2014 | बुन्का गाकुएन विश्वविद्यालय, टोक्यो |
| 31 | श्रीमती हरलीन साहनी,<br>सहायक प्रोफेसर<br>निफ्ट–गांधीनगर | फैशन खपत के निर्धारक के रूप में ग्राहक अनुभव प्रबंधन का विश्लेषण | 23 व 24 जनवरी, 2014 | एम्सटर्डम फैशन कोलोकिया, एम्सटर्डम, नीदरलैंड |
| 32 | श्रीमती हरलीन साहनी,<br>सहायक प्रोफेसर<br>निफ्ट–गांधीनगर | ग्राहक प्रबंधन का ग्राहक मध्येवाद हेतु उपकरण के रूप में मूल्यांकन और निष्ठा पर इसके प्रभाव | 9–11 जनवरी, 2014 | रिफ्लैक्शन 2014–निफ्ट, हैदराबाद |
| 33 | श्री दीप सागर वर्मा<br>सहायक प्रोफेसर<br>निफ्ट–चेन्नई | ई–वाणिज्य में परिप्रेक्ष्य बदलाव–एक भारतीय अवधारणा | 9–11 जनवरी, 2014 | रिफ्लैक्शन 2014–निफ्ट, हैदराबाद |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 34 | श्रीमती पंचमी मिस्त्री<br>एसोसिएट प्रोफेसर<br>निफ्ट–गांधीनगर | आओ हम पर्यावरण संरक्षण सीखें–पोस्टर | 9–11 जनवरी, 2014 | रिफ्लैक्शन 2014–निफ्ट, हैदराबाद |
| 35 | श्री जपजी कौर कोहली<br>एसोसिएट प्रोफेसर<br>निफ्ट–गांधीनगर | डिजाईन प्रबंधनः ग्राहक समर्थित परिधान उत्पादन नवाचार मार्ग | 9–11 जनवरी, 2014 | रिफ्लैक्शन 2014–निफ्ट, हैदराबाद |
| 36 | श्रीमती वंदिता सेठ<br>प्रोफेसर<br>निफ्ट–गांधीनगर | नासमझ उद्यमी | 24 व 25 जनवरी, 2014 | क्राईस्ट प्रबंधन संस्थान, राजकोट |
| 37 | श्रीमती क्रुती ढ़ोलकिया<br>सहायक प्रोफेसर<br>निफ्ट–गांधीनगर | टैक्सटाईल सर्फेस अलंकरणः महिला सशक्तिकरण, उद्यमिता और आर्थिक संपोषणीयता विकास का मार्ग | 24 व 25 जनवरी, 2014 | क्राईस्ट प्रबंधन संस्थान, राजकोट |
| 38 | चिरंजीवी रेड्डी<br>एसोसिएट प्रोफेसर<br>निफ्ट–हैदराबाद | फैशन शिक्षण में बहु–आयामी संकाय सक्षमता का प्रबंधन | 28 मार्च, 2014 | अध्यापक सक्षमता पर राष्ट्रीय संगोष्ठीः मानचित्रण और प्रबंधन, सीएएसई, एम.एस. विश्वविद्यालय, बड़ोदा द्वारा आयोजित |

सारांश प्रस्तुतिः

| **क्र. सं.** | **पीएच.डी छात्र का नाम** | **पर्यवेक्षक का नाम** | **शोध का शीर्षक** | **सारांश प्रस्तुति की तारीख** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती वंदना नारंग<br>प्रोफेसर<br>निफ्ट–नई दिल्ली | डॉ. नूपुर आनन्द<br>प्रोफेसर<br>निफ्ट–दिल्ली | ब्लाक पद्धति अपनाते हुए पुरूष परिधान हेतु पैटर्न विकास –नवीन अवधारणा | 02.01.2014 |

# संकाय उन्मुख प्रशिक्षण और विकास

वर्तमान गतिशील और प्रतियोगी परिवेश और तेजी से उभरते हुए फैशन व्यापार शिक्षण की विश्व में श्रेष्ठ से तुलनीय श्रेष्ठ शैक्षणिक और व्यवसायिक मानक मांग है। आगे बढने के लिए वांछित सक्षमता को संस्थागत प्रणाली और प्रक्रिया के जरिए सतत् विकसित और अभ्युत्थान करने की आवश्यकता है। प्रशिक्षण में मानव संसाधन विकास का समालोचनात्मक कारक होता है जो निफ्ट के विभिन्न विभागों और कैम्पसों में आंतरिक और अंतःविभागीय नेटवर्क और संबद्धता प्रदान करके व्यैक्तिक संस्थागत विकास और शैक्षणिक कार्मिकों के सशक्तीकरण को ही सुकर नहीं करता बल्कि निफ्ट परिवार में सहभाजित दृष्टि और लक्ष्य की भावना का बोध कराता है।

उपरोक्त उद्देश्य को निम्नलिखित कार्यकलाप संबोधित करते हैं:

- नई भर्ती संकाय के लिए उन्मुख कार्यक्रम
- वर्तमान संकाय के लिए संकाय क्षमता निर्माण

निम्नलिखित कार्यकलाप संकाय क्षमता निर्माण की परिधि में आते हैं:

- प्रशिक्षकों का वार्षिक कार्यक्रम
- संकाय उद्योग संयोजन
- घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण, कार्यशालाओं, संगोष्ठियों आदि में भाग लेकर सहभागिता
- प्रकाशनों / शोध–पत्रों / प्रस्तुतियों / अनुसंधान आलेखों का प्रलेखीकरण।

## नई भर्ती संकाय के लिए उन्मुख कार्यक्रम

संकाय उन्मुख कार्यक्रम का आयोजन 23 और 24 दिसम्बर, 2013 को निफ्ट, कन्नूर कैम्पस में हुआ। इसमें 18 नए भर्ती संकायों ने भाग लिया। निफ्ट के समग्र शासन के प्रति संकाय को उन्मुख करने के अलावा इसमें शामिल किए कुछ रोचक विषय थे–पुर्नसंरचना, निफ्ट में संकाय की भूमिका, संपोषणीयता हेतु डिजाईन, शिक्षण और व्यक्तित्व विकास आदि।

कुछ सत्र स्काइप के जरिए आयोजित किए गए। नई भर्ती संकाय के लिए यह उन्मुख कार्यक्रम रोचक और महत्वपूर्ण प्रकटन करने वाल ाथा।

## प्रशिक्षकों का वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम

प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य किसी भी सत्र के प्रारंभ से पूर्व कैम्पसों को स्व–अवलम्बी बनाना और बाह्य संसाधनों पर अधीनता को न्यूनतम करना है। प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण प्रायः निफ्ट पाठ्यक्रम से संबंधित विषय क्षेत्रों में दिया जाता है। 22 कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिनकी अवधि 2 से 5 दिन थी। इनसे 133 संकाय लाभान्वित हुए। शामिल किए गए महत्वपूर्ण विषयों में कुछ थे–डिजाईन, चिंतन और नवाचार, वृत्त–चित्र–फोटोग्राफी–कहानी कथन, कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व, पैटर्न बनाना और बड़े पैमाने पर निर्माण हेतु फिट मूल्यांकन, संपोषणीय उत्पादन और परिधान उद्योग में श्रम–दक्षता, संप्रेषण और प्रस्तुति कौशल आदि।

## संकाय उद्योग संयोजन

निफ्ट संकाय को सूक्ष्म स्तर पर उद्योग के कार्यात्मक ज्ञान से उन्हें अद्यतन करना अथवा उद्योग और इसके पारस्परिक संबंध कायाकल्य अभिज्ञान प्राप्त करने में सुकर करने के लिए संकाय–उद्योग संयोजन प्रदान किए जाते हैं जिनसे नवीनतम पद्धतियों से संकाय का प्रकटन होता है और कक्षा में उसे प्रचारित करने में उन्हें सुविधा होती है।

कुल 23 संकाय सदस्यों ने जून–जुलाई, 2013 में उद्योग संयोजन किए। संगठनों / कंपनियों जिनमें संयोजन किए गए हैं–अरविन्द लिमिटेड, अहमदाबाद, सीवा, लखनऊ, ग्राम श्री महिला सशक्तीरण (क्राफ्ट रूट्स), नेप्सर फर्नीशिंग प्राईवेट लिमिटेड, अहमदाबाद, ए.एम.सिनर्जी, अहमदाबाद, फ्यूचरब्रांड्स, मुम्बई / दिल्ली, सामंत चौहान डिजाईन स्टूडियो, ओनियोडिजाईन प्राइवेट लिमिटेड, सुदिती इंडस्ट्रीज लिमिटेड, मुंबई, सायन्तन सरकार का उच्योर, गोकलदास एक्सपोर्ट्स, एमईपीजैड, चेन्नई, निथिडा एंड राज डिजाईन,

चेन्नई, एडोनरिटेल, मुंबई, बी.एल. इटरनेशनल, नोएडा, स्टूडियो 38, जोधपुर, वेल्सपन ग्लोबल ब्रांड्स लिमिटेड, मुंबई, बीएएसएफ इंडिया लिमिटेड, मुंबई और एबीसी लैदर, गुड़गांव।

## घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण, कार्यशालाओं, संगोष्ठियों आदि में भाग लेकर सहभागिता

संबंधित क्षेत्रों में प्रशिक्षण की आवश्यकता निफ्ट के मुख्य क्षेत्र के आधार को व्यापक बनाती है। प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ मेल–जोल नए केन्द्रीय क्षेत्र के विकास, कौशल संवर्धन और घरेलू फैशन व्यापार में ज्ञान उन्नयन से लाभ की पुष्टि होती है।

अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण विशिष्ट मुख्य क्षेत्रों को विकसित करने के अतिरिक्त वैश्विक परिप्रेक्ष्य में फैशन के बारे में जागरूकता स जित करने में सहायता प्रदान करता है। इस प्रकार के प्रशिक्षण प्रकटन और जागरूकता स जित करते हैं जो कौशल, अभिज्ञान, आत्म संवरण और विस्तार से संबंधित क्षेत्रों में विश्वास बढ़ाने में योगदान करते हैं।

मामला अध्ययन लेखन, कोया प्रौद्योगिकी, रिटेलिंग रिटेल, डिजाईन कार्य–नीति और अंतर्राष्ट्रीय विपणन, कौशल निर्माण पर गुजरात सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन, कर्मचारी परिस्थिति विज्ञान और प्रयोक्ता केंद्रित डिजाईन, प्राक तिक डाई, डिजाईन और नवीन उत्पाद विकास और प्रशिक्षण की रूपरेखा जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आंतरिक आयोजन किया गया अथवा उनमें संकाय ने भाग लिया।

## प्रकाशनों/शोध प्रस्तुति/अनुसंधान लेखों का प्रलेखीकरण

संकाय में रिपोर्ट लेखन, प्रकाशनों और/अथवा शोध प्रस्तुतियों के रूप में ज्ञान की आदत को प्रोत्साहित करने और अंतर्निविष्ट करने की आवश्यकता का आभास हुआ। इसमें चलन पूर्वानुमान और विश्लेषण, कार्यक्रमों (सम्मेलन, संगोष्ठी, कार्यशाला, मेले, प्रदर्शनी, उद्योग दौरे आदि) में भाग लेने, आयोजित करने अथवा दौरा करने जैसे क्षेत्रों में किए गए कार्य का प्रलेखीकरण शामिल है। इस प्रकार का कार्यकलाप संस्थान में प्रलेख कोष बनाने में सहायक होगा जो अनुसंधान और विकास के लिए प्रेरणा स्रोत का कार्य करेगा। यह निफ्ट संकाय द्वारा प्रतिनिधित्व विभिन्न मंचों पर संस्थान की व्यापक मान्यता को भी सुकर करेगा। 62 प्रकाशनों/प्रस्तुत शोध–पत्रों/अनुसंधान लेखों की एक सूची का संकलन तैयार किया गया है और निफ्ट के सभी कैम्पसों के संकाय को व्यापक परिचालित किया गया है।

### ब्रिज कार्यक्रम

संसद के निफ्ट अधिनियम 2006 के 28वें अधिनियमन से पूर्व निफ्ट को केवल डिप्लोमा देने का ही अधिकार था। भारत के राजपत्र में 14 जुलाई, 2006 को निफ्ट अधिनियम के प्रकाशन के उपरांत अधिनियम की धारा 6 के अंतर्गत निफ्ट को स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्री देने का अधिकार प्राप्त हो गया है। निफ्ट से वर्ष 2006 से पूर्व उत्तीर्ण पूर्व–छात्रों को नुकसान हुआ क्योंकि उन्हें डिप्लोमा ही प्रदान किया गया और वे उच्च और डॉक्टरल अध्ययनों के पात्र नहीं थे। इस विषय के समाधान के लिए वर्ष 2009 में निफ्ट के पूर्व छात्रों को अपने निफ्ट डिप्लोमा को डिग्री में परिवर्तित करने की अनुमति देने के लिए अनुपूरक कार्यक्रम के रूप में ब्रिज कार्यक्रम लागू किया गया। ब्रिज कार्यक्रम केवल पांच वर्षों अर्थात 2009 से 2014 तक की अवधि स्नातकोत्तर डिप्लोमा धारकों के लिए 6 माह और स्नातक–पूर्व डिप्लोमा धारकों के लिए 1 वर्ष हैं। ब्रिज कार्यक्रम निफ्ट के चार कैम्पसों नामतः दिल्ली, मुम्बई, गांधी नगर और बेंगलूरू में आयोजित किए गए।

# 2013 दीक्षांत समारोह




**दीक्षांत समारोह 2013 में स्नातक छात्रों की सूची**

| विभाग | बेंगलूरु | भोपाल | भुवनेश्वर | चेन्नई | गांधीनगर | हैदराबाद | जोधपुर | कांगड़ा | कोलकाता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एडी | 25 | 28 | | 31 | 28 | 28 | | 23 | |
| एफसी | 38 | | | | | 29 | | 21 | |
| एफडी | 20 | | | 31 | 34 | 30 | | 21 | 33 |
| केडी | 24 | | | 28 | | 25 | | | 26 |
| एलडी | | | | | | | | | 28 |
| टीडी | 28 | 26 | | 25 | 30 | 30 | | 26 | 30 |
| बीएफटी | 19 | | | 26 | 21 | 25 | | 20 | 22 |
| एमओडी | | | | | | | | | |
| एमएफएम | 31 | | 36 | 32 | 33 | 30 | 30 | | 33 |
| एमएफटी | 24 | | | | 26 | | | | |
| कुल | 209 | 54 | 36 | 173 | 172 | 197 | 30 | 111 | 172 |



| विभाग | कन्नूर | मुंबई | नई दिल्ली | पटना | रायबरेली | शिलांग | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एडी | | | 31 | | 27 | 17 | 238 |
| एफसी | | 31 | 27 | | | | 146 |
| एफडी | | 32 | 33 | 24 | 26 | 27 | 311 |
| केडी | | 36 | 30 | | | | 169 |
| एलडी | | | 30 | | | | 58 |
| टीडी | 25 | 29 | 36 | | | | 285 |
| बीएफटी | 25 | 28 | 26 | | | | 212 |
| एमओडी | | 32 | 25 | | | | 57 |
| एमएफएम | | 34 | 33 | 28 | | | 320 |
| एमएफटी | | | 29 | | | | 79 |
| कुल | 50 | 222 | 300 | 52 | 53 | 44 | 1875 |

## निफ्ट

# *2013* दीक्षांत समारोह




वर्ष 2013 में पंद्रह केंद्रों में, दस पाठ्यक्रमों में 2,680 सीट प्रस्तावित की गई थीं। निफ्ट में प्रवेश के लिए अनुमानित 19,346 उम्मीदवारों ने आवेदन दिए। इनमें से, मैरिट के आधार पर 2,571 छात्रों को प्रवेश दिया गया। इनके अलावा 214 एनआरआई सीट और 109 अधिवास सीट भी भरी गईं।

# राष्ट्रीय फैशन टैक्नालॉजी संस्थान

# लेखा परीक्षक रिपोर्ट और लेखों का विवरण

# 2013–14

## राष्ट्रीय फैशन टैक्नालॉजी संस्थान, नई दिल्ली के 31 मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष के लेखों पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की पृथक लेखापरीक्षा रिपोर्ट।

हमने राष्ट्रीय फैशन टैक्नालॉजी संस्थान अधिनियम 2006 की धारा 21(2) के साथ पठित नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कर्त्तव्य, शक्तियां और सेवा शर्तें) अधिनियम 1971 की धारा 19(2) के अधीन राष्ट्रीय फैशन टैक्नालॉजी संस्थान (निफ्ट) नई दिल्ली के 31 मार्च, 2014 के संलग्न तुलन–पत्र तथा उसी तारीख को समाप्त वर्ष के लिए आय और व्यय लेखों और प्राप्ति व भुगतान लेखों की लेखापरीक्षा की है। इन वित्तीय विवरणों में राष्ट्रीय फैशन टैक्नालॉजी संस्थान के बेगलूरू, भोपाल, भुवनेश्वर, चेन्नई, दिल्ली, गांधीनगर, हैदराबाद, जोधपुर, कांगड़ा, कन्नूर, कोलकाता, मुम्बई, पटना, रायबरेली, शिलांग और श्रीनगर में स्थित 16 केन्द्रों के लेखे भी शामिल हैं। इन वित्तीय विवरणियों को तैयार करना निफ्ट के प्रबंधन का उत्तरदायित्व हैं। हमारा उत्तरदायित्व इन वित्तीय विवरणियों की लेखापरीक्षा करने के उपरांत हमारी लेखापरीक्षा के आधार पर अपनी राय प्रकट करना है।

2. इस पृथक लेखापरीक्षा रिपोर्ट में केवल वर्गीकरण, श्रेष्ठ लेखांकन पद्धतियों के साथ अनुपरूपता, लेखांकन मानक और प्रकटन संबंधी मानदण्डों आदि के संबंध में लेखांकन संव्यहार पर नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) की टिप्पणियां शामिल हैं। विधि, नियम और विनियम (उपयुक्तता और नियमितता) तथा कार्यकुशलता एवं कार्यनिष्पादन संबंधी पहलुओं, आदि के अनुपालन के संबंध में वित्तीय लेन देनों पर लेखापरीक्षा टिप्पणियां, यदि कोई हों, निरीक्षण रिपोर्टों/सीएजी की लेखापरीक्षा रिपोर्टों के माध्यम से अलग से रिपोर्ट की गई है।

3. हमने अपनी लेखापरीक्षा भारत में सामान्यतः स्वीकार्य लेखापरीक्षा मानकों के आधार पर की है। इन मानकों में यह अपेक्षित है कि हम लेखापरीक्षा की योजना बनाएं ऐसे और उसका कार्यनिष्पादन इस प्रकार करें कि हमें इस संबंध में यह युक्तिसंगत आश्वासन प्राप्त हो सकें कि वित्तीय विवरणियां मिथ्या कथन से मुक्त हैं। लेखापरीक्षा में वित्तीय विवरणों में राशियों तथा प्रकटन को समर्थन करने वाले साक्ष्यों का परीक्षा–आधार पर परीक्षण किया जाना शामिल होता है। लेखापरीक्षा में प्रबंधन द्वारा प्रयोग किए गए लेखांकन सिद्धांतों और महत्वपूर्ण प्राक्कलनों का आकलन तथा साथ ही वित्तीय विवरणों के समग्र प्रस्तुतिकरण का मूल्यांकन भी शामिल होता है। हमें विश्वास है कि हमारी लेखापरीक्षा हमारे मत का एक युक्तिसंगत आधार प्रस्तुत करेगी।

4. अपनी लेखापरीक्षा के आधार पर, हम यह सूचित करते हैं कि:

i) हमने वे सभी सूचनाएं और स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिए हैं जो हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास में हमारी लेखापरीक्षा प्रयोजन के लिए आवश्यक थे।

ii) इस रिपोर्ट के साथ संव्यवहारित तुलन–पत्र और आय व व्यय लेखे/प्राप्ति और भुगतान लेखे भारत सरकार द्वारा अनुमोदित प्रपत्र में तैयार किए गए हैं।

iii) हमारी राय में, राष्ट्रीय फैशन टैक्नालॉजी संस्थान, नई दिल्ली द्वारा लेखा बहियों तथा अन्य प्रासंगिक अभिलेखों, जहां तक कि बहियों की हमारे द्वारा की गई जांच से प्रतीत होता है, का समुचित रूप से रखरखाव किया गया है।

iv) हम यह भी सूचित करते हैं कि:

### लेखों पर टिप्पणियां

**क तुलन–पत्र**

**क.1 देयताएं**

**क.1.1 सकल/पूंजीगत निधि (अनुसूची 1): रुपये 742.35 करोड़**

